राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 आकाश चोपड़ा ने दिल्ली कैपिटल्स की...

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जारी की ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 292 | नई दिल्ली, मंगलवार, 05 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 22°C

न्यूनतम तापमान 21°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 40% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 15% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 65,275 |
| चांदी | 76,500 |
| सेंसेक्स | 73,872 |
| निफ्टी | 22,405 |

# हथियारों के आयात पर निर्भरता घातक साबित हो सकती है : राजनाथ सिंह

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि देश हथियारों या प्लेटफार्मों के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता क्योंकि यह रणनीतिक रूप से घातक हो सकता है और मोदी सरकार सत्ता में आने के बाद से ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढाने के लिए अनेक कदम उठा रही है।

श्री सिंह ने सोमवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान उद्योग जगत, उद्यमियों, इनोवेटर्स और नीति निमार्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, आत्मनिर्भरता के बिना, भारत वैश्विक मुद्दों पर अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकता है।

रक्षा मंत्री ने कहा, रणनीतिक स्वायत्तता तभी बरकरार रखी जा सकती है जब हथियार और उपकरण हमारे अपने लोगों द्वारा भारत में बनाए जाएं। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं और परिणाम सकारात्मक हैं। जहां 2014 में हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन लगभग 44,000 करोड़ रुपये था, वहीं आज यह एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है और लगातार बढ़ रहा है। हमारे लगातार प्रयासों से यह बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए गए हैं, जिसमें रक्षा पूंजी खरीद बजट का 75 प्रतिशत भारतीय कंपनियों के लिए निर्धारित करना भी शामिल है। श्री सिंह ने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला जिसमें भारत में निर्मित या निर्मित होने वाले प्रमुख प्लेटफार्मों और उपकरणों की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची को अधिसूचित करना भी शामिल है।




उन्होंने रक्षा उत्पादन विभाग को यह भी सुझाव दिया कि आने वाले वर्षों में हमें आयात की जाने वाली वस्तुओं की एक छोटी नकारात्मक सूची लानी चाहिए और पूर्ण आत्म-सम्मान हासिल करने के लिए उस सूची को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार तथा वाणिज्य एक-दूसरे पर निर्भर हैं और निजी क्षेत्र को फलने-फूलने के लिए एक मंच की आवश्यकता है, जो अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को एक मंच प्रदान करने के लिए कानून -व्यवस्था, स्वस्थ और कुशल कार्यबल, कानून का शासन तथा अनुसंधान और विकास पारिस्थितिकी तंत्र जैसे कई पहलुओं की आवश्यकता है। समाज और सरकार मिलकर इन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं ताकि निजी क्षेत्र आगे बढ़े और अर्थव्यवस्था की उत्पादकता और क्षमता को बढ़ावा दे। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी में या तो अन्य देशों के नवीनतम नवाचार को अपनाकर या अपना खुद का विकास करके महारत हासिल की जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा, सरकार दोनों तरीकों पर काम कर रही है।

# मोदी ने तेलंगाना में दी विकास की गारंटी दिया अबकी बार 400 पार का नारा

## प्रधानमंत्री ने आदिलाबाद में जनसभा को किया संबोधित, सीएम ने भी किया मंच साझा

प्रात : किरण/एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना के आदिलाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए विकास की गारंटी दी। उन्होंनें अबकी बार 400 पार का नारा भी दिया। लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी ने सोमवार को तेलंगाना में 56 हजार करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा कि मौजूदा वक्त में देश विकास का उत्सव मना रहा है। इस समय दुनिया में भारत के विकास की चर्चा हो रही है। अब तेलंगाना में विकास का उत्सव मनाने आया हूं। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने अबकी बार एनडीए 400 पार का नारा देते हुए कहा कि आदिवासियों के विकास के लिए अलग मंत्रालय बनाने का काम बीजेपी सरकार ने ही किया है। आदिवासी समाज को सम्मान मिले, ये परिवारवादियों को बर्दाशत नहीं होता। इन्होंने हमेशा इनके लिए योजनाओं का विरोध करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी के चेहरे अलग हो सकते है, लेकिन चरित्र एक ही है। इनमें एक चीज समान हैं सबमें-एक झूठ दूसरा लूट। पीएम मोदी ने कहा कि टीआरएस, बीआरएस और कांग्रेस सब एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण के आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मैं इनपर सवाल उठाता हूं तो कहते हैं मोदी का परिवार नहीं। अब कह देंगे तुम कभी जेल नहीं गए, इसलिए नेता नहीं बन सकते। मेरा जीवन खुली किताब जैसा है। मेरी पल पल की खबर देश रखता है। इससे पहले पीएम के आधिकारिक समारोह में राज्य की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन और सीएम ए. रेवंत रेड्डी सहित अन्य लोग शामिल हुए। बता दें कि लंबे समय बाद तेलंगाना के किसी सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की और आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान उनके साथ मंच साझा किया। बता दें कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अतीत में कई मौकों पर राज्य में प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रमों से दूरी बनाई थी। यहां कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अन्य परियोजनाओं के अलावा पेद्दापल्ली में एनटीपीसी की 800 मेगावाट (इकाई-2) क्षमता वाली तेलंगाना सुपर थर्मल पावर परियोजना का उद्घाटन किया। ह्यअल्ट्रा-सुपरक्रिटिकलह्न प्रौद्योगिकी पर आधारित यह परियोजना तेलंगाना को 85 प्रतिशत बिजली की आपूर्ति करेगी। प्रधानमंत्री ने झारखंड के चतरा में स्थित उत्तरी करणपुरा ताप विद्युत परियोजना की 660 मेगावाट (इकाई-2) भी राष्ट्र को समर्पित करते हुए जनता को संबोधित किया।




### 'झूठ और लूट' परिवारवादी पार्टियों का समान चरित्रः तेलंगाना में मोदी

आदिलाबाद (तेलंगाना)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'परिवारवादी पार्टियों' पर हमला करते हुए सोमवार को कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन 'झूठ और लूट' का उनका चरित्र समान है। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका जीवन एक खुली किताब की तरह है और उन्होंने खुद को जन कल्याण के लिए एक 'सेवक' के रूप में समर्पित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''परिवारवादी दलों का चेहरा अलग हो सकता है लेकिन उनका चरित्र एक ही है झूठ और लूट।'' मोदी ने आगे कहा कि टीआरएस (तेलंगाना राष्ट्र समिति), बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) बन गई, लेकिन इससे तेलंगाना के लिए कुछ भी नहीं बदला। उन्होंने दावा किया कि अब कांग्रेस इस क्षेत्रीय दल की जगह पर सत्ता में आई है लेकिन 'कुछ नहीं होने वाला' है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस ने अपने कार्यकाल के दौरान कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना जैसे घोटाले किए। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर इस संबंध में कार्रवाई करने के बजाय फाइलों पर बैठे रहने का आरोप लगाया।

# दिल्ली की लाड़ली पाएंगी एक हजार रुपये महीने

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को विधानसभा में अपना 10वां बजट पेश किया है। उन्होंने दिल्ली के लिए 76000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इस बजट में महिलाओं के लिए सम्मान राशि प्रतिमाह एक हजार रुपये देने को भी शामिल किया गया है। बजट पेश कर रहीं आतिशी ने कहा, दिल्ली पर प्रभु राम की ऐसी कृपा रही है कि शिक्षा और फ्लाईओवर बनाने के लिए पैसे की कमी नहीं हुई। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि दिल्ली की आबादी देश की कुल आबादी का सिर्फ 1.55 फीसदी ही है, बावजूद इसके देश की जीडीपी में दिल्ली का योगदान दोगुने से ज्यादा है। इसी के साथ वर्ष 2023-2024 में देश की औसत जीडीपी में दिल्ली का योगदान 3.89 फीसदी होने जा रहा है। इस बजट में दिल्ली की महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पेश की गई, जिसके मुताबिक अब दिल्ली की लाड़लियों को प्रतिमाह सरकार एक हजार रुपये देगी। आतिशी ने वित्त वर्ष 2024-2025 का बजट पेश करते हुए कहा, 2013 में जब हम राजनीति में पदार्पण कर रहे थे उस समय लोगों का लोकतंत्र से भरोसा ही उठ गया था। यह वह समय था जबकि नेता का आना-जाना लगा रहा, सरकारें आती-जाती रहती थीं. लेकिन लोगों की जिंदगी में सुधार नहीं हो रहा था। इसलिए आम आदमी का वोट से भरोसा ही उठ गया था। ऐसे में अरविंद केजरीवाल उम्मीद की किरण बनकर आए और ईमानदारी व सच्चाई का भरोसा दिलाया और भारी बहुमत के साथ सरकार बनाई।

बजट की खास बातेंः दिल्ली की केजरीवाल सरकार के बजट में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना सबसे खास बात है। इस योजना के तहत 18 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने 2000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

शिक्षा का बजट हुआ दोगुनाः वित्त वर्ष 2014-2015 में दिल्ली का शिक्षा बजट 6554 करोड़ रुपये था, जिसे बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। आतिशी बताती हैं कि वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए दिल्ली का शिक्षा बजट 16,396 करोड़ रुपये है।

वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि बीते नौ सालों में करीब 400 प्रिंसिपल्स को ट्रेनिंग के लिए कैम्ब्रिज भेजा गया, 950 से ज्यादा टीचर्स को सिंगापुर ट्रेनिंग के लिए भेजा गया, 1700 प्रिंसिपल को आईआईएम अहमदाबाद ट्रेनिंग के लिए भेजा गया है।

केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2015 के बाद से दिल्ली के स्कूलो में 22711 नए क्लासरूम बनाकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। सरकारी स्कूलों का हुआ कायाकल्पः वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हो चुका है। नौ सालों में राजधानी में हर एक वर्ग का विकास किया गया है। गरीब परिवार को निःशुल्क इलाज मिला है वहीं अब गरीब परिवार का बच्चा सरकारी स्कूल में बेहतर शिक्षा ले सकता है। इसी बीच आतिशी ने विधानसभा में मनीष सिसोदिया को याद करते हुए कहा, दिल्ली में यदि शिक्षा क्रांति लाने में किसी एक व्यक्ति की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही तो वह है, मेरे बड़े भाई मनीष सिसोदिया की। स्वास्थ्य के लिए बजट में क्याः बजट में दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के लिए 8685 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकारी अस्पतालों के लिए 6215 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मोहल्ला क्लीनिक के लिए 212 करोड़ रुपये का प्रावधान है। सरकारी अस्पतालों में जरूरी दवाइयों के लिए 658 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। सरकारी अस्पतालों के विस्तार के साथ ही नए अस्पतालों के निर्माण हेतु 400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पोषण से जुड़ी योजनाओं के लिए 664 करोड़ रुपये आवंटित किए।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यायालय ने सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी के लिए अप्रसन्नता जतायी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी सनातम धर्म को मिटाने संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता लगायी और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा, आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है। आपने अनुच्छेद 25 के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है, अब आप अनुच्छेद 32 (उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने) के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं ? क्या आप अपनी टिप्पणी के नतीजे नहीं जानते थे ? आप आम आदमी नहीं हैं। आप एक मंत्री हैं। आपको पता होना चाहिए था कि इस तरह की टिप्पणी का क्या परिणाम होगा। न्यायालय ने मामले पर सुनवाई 15 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

### मोदी की नियत युवाओं को रोजगार देने की नहीं : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आज कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों पद खाली हैं लेकिन सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है और युवाओं को सिर्फ धोखा दिया जा रहा है। श्री गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार खुद कह रही है कि उसके विभिन्न विभागों में कई लाख पद खाली हैं। देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने की बात करने वाली मोदी सरकार का इस दिशा में कदम नहीं उठाने से साफ हो गया है कि उनकी नियत रोजगार देने की नहीं है। उन्होंने कहा देश के युवाओं एक बात नोट कर लो।

# किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है सरकारः खरगे

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपना आधिकार मांग रहे किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। उन्होंने यह दावा भी किया कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने और उनकी आय दोगुनी करने की सरकार की गारंटी फर्जी साबित हुई है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, अपने चुनिंदा पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए, मोदी सरकार ने किसानों के हितों की लगातार बलि दी है। जब देश का अन्नदाता किसान बंपर फसल पैदा कर निर्यात करना चाहता है तब मोदी सरकार गेहूं, चावल, चीनी, प्याज, दाल आदि के निर्यात पर पाबंदी लगा देती है! उन्होंने दावा किया कि अपने पूरे कार्यकाल में भाजपा ने ऐसा ही किया है, जिसका परिणाम यह हुआ है कि कांग्रेस-संप्रग के दौरान जो कृषि निर्यात 153 प्रतिशत बढ़ा था, वो भाजपा के राज में केवल 64 प्रतिशत ही बढ़ा।

# रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकार के रूप में संरक्षित नहींः सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 1998 के 'पीवी नरसिम्हा राव' मामले में अपने फैसले को पलटते हुए कहा कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह सर्वसम्मत फैसला दिया। पीठ ने माना कि संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त एक सदस्य एक आपराधिक कृत्य में शामिल होता है। सात सदस्यीय पीठ ने कहा, हम मानते हैं कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय प्रणाली के कामकाज को नष्ट कर देती है। पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले से 1998 के 'जेएमएम रिश्वत मामले' के नाम से चर्चित मामले में शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के बहुमत के फैसले से असहमति जताई। पीठ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में वोट देने के लिए रिश्वत लेने वाले विधायक पर भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ के 3:2 के बहुत फैसले में व्यापक प्रभाव और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के लिए संसद में मतदान के लिए रिश्वतखोरी के खिलाफ मुकदमा चलाने से सांसदों को छूट दी गई थी। सात सदस्यीय पीठ ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन की याचिका पर 5 अक्टूबर 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीता सोरेन पर 2012 के राज्यसभा चुनाव में एक खास उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। शीर्ष अदालत के समक्ष यह सवाल तब उठा था, जब सीता सोरेन ने 2012 के राज्यसभा चुनाव के दौरान रिश्वतखोरी के आरोप में अपने खिलाफ मुकदमा चलाने को चुनौती दी।



### कार पुल की रेलिंग से टकराई, तीन की मौत

मोतिहारी। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बैरिया देवी माई स्थान के पास की है। पुलिस के मुताबिक, रक्सौल थाना क्षेत्र के 11 नंबर वार्ड के रहने वाले गणेश शंकर मस्करा अपने परिवार के साथ इनोवा गाड़ी से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। गाड़ी में गणेश के अलावा उनके पिता श्रवण मस्करा, उनकी मां प्रेमा मस्करा और पत्नी प्रेमा मस्करा समेत ड्राइवर सवार थे। बताया जाता है कि गणेश के माता पिता को पटना से फ्लाइट पकड़नी थी।

**संबोधन** | **एलोपैथिक और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एक मंच पर आकर जन कल्याण के लिए काम करेंः डा. मांडविया**

# राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के 27वें दीक्षांत समारोह और 29 वें राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया उद्घाटन

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि आने वाले दिनों में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति फैशन के रूप में आने वाला है। लोग योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का महत्व फिर से समझने लगे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एक मंच पर आए और मानव कल्याण की दिशा में कार्य करें। सोमवार को डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के 27वें दीक्षांत समारोह और 29 वें राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि आयुष में सहयोगात्मक अनुसंधान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के बीच की खाई को पाटता है, स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक सहक्रियात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। इस मौके पर डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, आयुष और आईसीएमआर के बीच रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान को आगे बढ़ाना, पारंपरिक आयुष प्रथाओं को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ एकीकृत करना और भारत को समग्र स्वास्थ्य देखभाल नवाचारों में सबसे आगे ले जाना है। इस मौके पर उन्होंने आयुष स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के लिए भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक लॉन्च के साथ चयनित 4 एम्स में 5 एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान (एआई-एसीआईएचआर) आयुष-आईसीएमआर उन्नत केंद्रों की स्थापना भी की। इनमें एम्स दिल्ली के गैस्ट्रो इंटस्टाइनल विकारों से संबंधी एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए उन्नत केंद्र और महिलाओं और बाल स्वास्थ्य में एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए उन्नत केंद्र, एम्स- जोधपुर, एम्स नागपुर और एम्स ऋषिकेश शामिल हैं। एनीमिया पर मल्टीसेंटर क्लिनिकल ट्रायल की घोषणाः आयुष मंत्रालय और आईसीएमआर के तहत सीसीआरएएस ने एनीमिया पर एक शोध अध्ययन किया है। इसका शीर्षक है पुनर्वनवादि मंडुरा की प्रभावशीलता और सुरक्षा और द्रक्षवलेहा के संयोजन में प्रजनन आयु वर्ग की गैर-गर्भवती महिलाओं में मध्यम लौह की कमी वाले एनीमिया के उपचार संबंधी कंट्रोल्ड ट्रायल अध्ययन को 8 अलग-अलग साइटों पर किया जाएगा। इस मौके पर गुरु शिष्य परंपरा के तहत नामांकित लगभग 201 शिष्यों को सीआरएवी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।




# जेपी नड्डा से मिले पवन सिंह, आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ने पर रखी अपनी बात

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने सोमवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। जेपी नड्डा के आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल के वर्तमान प्रभारी मंगल पांडे भी मौजूद रहे। दरअसल, भाजपा ने 2 मार्च को लोकसभा चुनाव के लिए अपने जिन 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी उसमें पार्टी ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। लेकिन पवन सिंह ने उम्मीदवार बनाने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चुनाव लड़ने में अपनी असमर्थता जता दी थी। इसके बाद जेपी नड्डा ने पवन सिंह को बातचीत करने के लिए दिल्ली बुलाया था।





भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने अपनी बात जेपी नड्डा के सामने रख दी है। क्या वह किसी और सीट से चुनाव लड़ेंगे, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि थोड़ा होल्ड रखिए, आगे जो भी होगा अच्छा ही होगा और जब भी होगा वह लोगों से इसे शेयर भी करेंगे। बंगाल पर उनके द्वारा गाए गए गाने पर विवाद खड़ा किए जाने पर उन्होंने कहा कि यह सब समय-समय की बात है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 05 मार्च, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### ड्यूटी के दौरान उसी पोलिंग बूथ पर वोट डाल सकेंगे कर्मचारी-अधिकारी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को डोईवाला तहसील प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने एसडीआरएफ मुख्यालय जौलीग्रांट में जवानों, अधिकारियों और दून एयरपोर्ट पर टैक्सी चालकों को मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट डालने की शपथ दिलाई। कहा कि ड्यूटी के दौरान कर्मचारी और अधिकारी उसी पोलिंग बूथ पर अपना वोट डाल सकेंगे। एसडीएम अर्पणा ढौंडियाल ने कहा कि एयरपोर्ट और एसडीआरएफ मुख्यालय में 75 फीसदी मतदान को लेकर जागरूक किया गया। एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनावों में ड्यूटी के दौरान कर्मचारी और अधिकारी निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर ड्यूटी वाले बूथ पर अपना वोट डाल सकेंगे। इसके लिए उनकी तरफ से संबंधित कर्मचारी-अधिकारियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (एडीसी) जारी किया जाएगा। जागरूकता अभियान लगातार चलाया जाएगा। कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में ढोल बजाकर क्षेत्र के लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न संस्थानों में जाकर युवा मतदाताओं को मजबूत लोकतंत्र का मतलब समझाया जा रहा है। इस अवसर पर निवर्तमान सभासद ईश्वर रोथाण, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भारती, सफाई निरीक्षक सचिन रावत, सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।

### पावर लिफ्टिंग एंड आर्म रेसलिंग में युवाओं ने दिखाया हुनर

**ऋषिकेश, एजेंसी।** देहरादून रोड स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में ऋषिकेश बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन की ओर से मिस्टर ऋषिकेश, मिस्टर उत्तराखंड और मिस्टर हिमालय चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के पहले दिन पावर लिफ्टिंग एंड आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। महिला और पुरुषों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पहले दिन लीग खेले गए। संस्था के पूर्व अध्यक्ष अजय गर्ग, दुष्यंत शेट्टी और शैलेंद्र बिष्ट ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप कोहली ने कहा कि प्रतिदिन कम से कम एक घंटा निकालकर अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखने पर ध्यान देना चाहिए। महामंत्री विवेक तिवारी ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए उनमें ऊर्जा का संचार किया। रविवार को मिस्टर हिमालय, उत्तराखंड और मिस्टर ऋषिकेश प्रतियोगिता होगी। इस मौके पर राकेश कुमार, रवि नेगी, नीरज शर्मा, साकेत बिजल्वाण, अभिषेक रावत, राज वर्मा, नीरज चौहान, संजीव चौहान, कपिल गुप्ता, प्रतीक कालिया, रंजन अंथवाल आदि शामिल रहे।

### हेली एंबुलेंस के लिए अगले सप्ताह होगा ट्रायल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एम्स से हेली एंबुलेंस सेवा शुरू होने की उम्मीद जगी है। अगले सप्ताह इसका ट्रायल होने की संभावना है। जिसके बाद हेली एंबुलेंस सेवा सुचारु हो सकती है। 20 सितंबर 2022 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में एम्स में हेली एंबुलेंस के संचालन की घोषणा की थी। हेली एबुलेंस सेवा का संचालन केंद्र और उत्तराखंड सरकार 50-50 फीसदी की साझेदारी में होना है। अनुबंधित कंपनी एक महीने में 45 घायलों और मरीजों को निशुल्क हेली एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराएगी।

### धोखे से जमीन बेचने की आरोपी महिला की जमानत खारिज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नसीम अहमद की अदालत ने फर्जी और कूटरचित दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने की आरोपी महिला की अग्रिम जमानत खारिज कर दी। बापूग्राम निवासी नेहा गुसाई ने 12 सितंबर 2023 को रायवाला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने मीना कुमार सिंह निवासी रूषा फार्म गुमानी वाला से छिद्दरवाला में 115 गज का प्लाट खरीदा था। जिसके एवज में उसने मीना कुमार सिंह को आठ लाख 28 हजार की धनराशि दी थी। नेहा ने पुलिस को बताया था कि जब उसने उक्त प्लाट पर चहारदीवारी की थी एक अन्य व्यक्ति ने यह कहकर दीवार तोड़ दी।

## बदरीनाथ-केदारनाथ में जल्द शुरू होंगे अस्पताल, इस बार 11 भाषाओं में जारी होगी एसओपी



**देहरादून, एजेंसी।**
चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने में स्वास्थ्य महकमा जुट गया है। यात्रा मार्ग पर अनुभवी और उच्च हिमालय में काम करने के लिए प्रशिक्षित मेडिकल टीम को तैनात किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि इस बार भी कुल 11 भाषाओं में एसओपी जारी होगी।

चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए स्वास्थ्य महकमा तैयारियों में जुट गया है। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में निर्माणाधीन अस्पतालों को यात्रा से पहले शुरू किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अस्पतालों में चिकित्सा उपकरण खरीदने के लिए शार्ट टर्म टेंडर किए जाएंगे।

सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया, चारधाम यात्रा मार्ग पर अनुभवी और उच्च हिमालय में काम करने के लिए प्रशिक्षित मेडिकल टीम को तैनात किया जा रहा है। जिससे तीर्थयात्रियों को तुरंत स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। उन्होंने तीर्थयात्रियों से अपील की कि वह चारधाम यात्रा से पहले अपने स्वास्थ्य का परीक्षण जरूर करा लें।

सचिव ने कहा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशानुसार विभाग चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गया है। चारधाम यात्रा को लेकर मुख्यसचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। मुख्य सचिव के निर्देश पर यात्रा को लेकर सभी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सभी विभागों से समन्वय किया जा रहा है। सभी एक टीम के रूप में कार्य करेंगे।

कहा, इस बार चारधाम तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 150 लोगों की मेडिकल टीम की तैनाती की जाएगी। इस टीम को हाई एल्टीट्यूड में काम करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डाक्टरों की तैनाती 15-15 दिनों के लिए की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव के मुताबिक, इस बार रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जिले में तैनात डाक्टरों को चारधाम में तैनात नहीं किया जाएगा।

बताया, इसकी बजाय कुमाऊं और अन्य जिलों से डाक्टर और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। बदरीनाथ और केदारनाथ के अस्पताल में उपकरण यात्रा से पहले उपलब्ध हो जाएंगे। इसके लिए टेंडर जारी होंगे।

स्वास्थ्य सचिव के मुताबिक, चारधाम यात्रा के दौरान मार्ग पर जगह-जगह तीर्थयात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच का प्रबंध किया जा रहा है। इस बार शुरुआती चरण से तीर्थयात्रियों की स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस रखा जाएगा। यात्रा रूट पर हेल्थ प्वाइंट पर मरीजों के स्वास्थ्य की गहनता से जांच होगी। उसके बाद उन्हें आगे जाने दिया जाएगा। कहा, विभाग यात्रियों का स्वास्थ्य रिकार्ड रखेगा। यदि तीर्थयात्री को कहीं भी कोई असुविधा होती है तो वह अपनी जांच करा लें।

स्वास्थ्य सचिव ने बताया, चारधाम यात्रा में विदेशों के साथ ही देश के तमाम राज्यों से श्रद्धालु आते हैं, लेकिन कई बार देखने को मिलता है कि लोकल भाषा में स्वास्थ्य गाइडलाइन न होने के चलते श्रद्धालुओं को गाइडलाइन समझने में दिक्कतें होती है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पिछले साल एक बड़ी पहल करते हुए हिंदी-अंग्रेजी के अलावा नौ अन्य भाषाओं में एसओपी जारी की थी। इस बार भी कुल 11 भाषाओं में एसओपी जारी होगी।

## एसटीएच में घपले में अन्य लोग भी शक के दायरे में

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
सुशीला तिवारी अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए जमा हुए रुपयों के गोलमाल पर अस्पताल प्रबंधन सख्ती के साथ कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस मामले में आरोपी कर्मचारी के साथ ही इस विभाग से जुड़े अन्य लोगों और वित्त विभाग के कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। इन कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है।

एसटीएच में मेडिकल जांचों के लाखों रुपयों मरीजों से लिए गए, लेकिन अस्पताल के खाते में जमा नहीं हुए। यह एक-दो दिन नहीं हुआ बल्कि तीन महीने तक रुपया जमा नहीं हुआ। यहां तक कि रसीद बुक की जानकारी भी तीन महीने तक न तो किसी को दी गई और न ही इसके जिम्मेदार अधिकारियों ने ली। इससे लाखों रुपयों के गोलमाल में एसटीएच के अन्य अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत भी नजर आ रही है। बिलिंग काउंटर पर शिफ्टों में कर्मचारी तैनात होते हैं। कुछ दिन तो कुछ रात में तैनात रहते हैं। कर्मचारी पूरी रसीद बुक अपने पास रखते हैं मगर बिलिंग काउंटर पर बैठे कर्मचारी को उसी दिन या फिर अगले दिन सारा रुपया और रसीदों का हिसाब रिसेप्शन इंचार्ज को देना होता है।

### चार घंटे बंद रहा सिलिगाड़ कुनैन मोटरमार्ग

**ऋषिकेश, एजेंसी।** बारिश के बीच मलबा आने से शनिवार सुबह सिलिगाड़-कुनैन मोटरमार्ग बंद हो गया। इसके चलते बाजार और जरूरी कार्य के लिए निकले लोग रास्ते में ही फंस गए। छह गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। लोनिवि चकराता ने सड़क से मलबा हटाया। करीब चार घंटे बाद आवागमन शुरू हो सका।

जानकारी के अनुसार सुबह आठ बजे सिलिगाड़-कुनैन मोटरमार्ग पर जगह-जगह मलबा आ गया। इसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहन फंस गए। सूचना के बाद लोनिवि के कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी से मलबा हटाना शुरू किया।

## सड़क नहीं बनने से छह किमी पैदल दूरी नाप रहे ग्रामीण


**मोरी (उत्तरकाशी), एजेंसी।** विकासखंड के दूरस्थ मोरी के लिवाड़ी गांव की सड़क का निर्माण पिछले दस वर्षों में पूरा नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीण छह किमी पैदल दूरी नापने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन प्रेषित कर जल्द समस्या हल करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि लिवाड़ी गांव के लिए 2013 में जखोल से लिवाड़ी फिताड़ी तक करीब 21 किमी सड़क स्वीकृत हुई थी, लेकिन पिछले दस वर्षों में अभी तक सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। सड़क का मात्र 15 किमी ही निर्माण हो पाया है। वह भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त है। ग्रामीणों को आज भी करीब पांच से छह किमी पैदल दूरी नापनी पड़ती है। वहीं बरसात में नदी-नाले उफान पर आने के कारण ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ती है। उन्होंने चुनाव में वोट मांगने आने वाले नेताओं का भी बहिष्कार करने की चेतावनी दी। इस मौके पर राम सिंह सयाणा, गुरुदेव सिंह, मनोज सिंह, दिनेश, जगवीर रावत, गंगा सिंह आदि मौजूद रहे।

### जल्द बन जाएगा मंडी समिति का भवन, काश्तकारों को मिलेगा लाभ

**नौगांव (उत्तरकाशी), एजेंसी।** छह माह के भीतर नवनिर्मित मंडी समिति का भवन बनकर तैयार हो जाएगा। धारी वल्ली में 0.547 हेक्टेयर भूमि पर 9.90 करोड़ लागत से निर्माणाधीन मंडी समिति के भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। मंडी समिति ने निर्माणाधीन भवन में फसलों की बिक्री के लिए कुल 16 दुकानें तैयार की गई है। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने नौगांव में मंडी समिति की घोषणा की थी, जिसका 2021 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिलान्यास किया था। मुख्यमंत्री के शिलान्यास के बाद काश्तकारों को मंडी बनने की उम्मीद जगी थी। शासन ने मंडी के भवन निर्माण के लिए नाबार्ड से 9.90 करोड़ की स्वीकृति दी थी।

मंडी बनने पर रवांई घाटी के मोरी, पुरोला और नौगांव ब्लॉक सहित देहरादून जनपद के लाखामंडल क्षेत्र के काश्तकारों को लाभ मिलेगा। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी जगमोहन सिंह चंद ने बताया कि घाटी में मंडी समिति खोलना सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। किसान सालों से मंडी की मांग कर रहे है।

## बिगड़ा रहेगा मौसम, ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी के आसार




**देहरादून, एजेंसी।**
होने की वजह से ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। कल से प्रदेशभर में मौसम साफ रहेगा।

उत्तराखंड में आज भी मौसम बिगड़ा रहेगा। प्रदेश के 2,500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में आज हल्की बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी हो सकती है।

अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि मार्च में औसतन इतनी बारिश नहीं होती। पश्चिमी विक्षोभ के तेजी से बढ़ने के चलते इतनी बारिश हुई। बारिश होने की वजह से ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई। चार मार्च के बाद प्रदेशभर में मौसम साफ रहेगा।

क्षेत्र में लगातार तीसरे दिन भी रुक-रुक कर बारिश हुई। खराब मौसम के कारण दून एयरपोर्ट पर सुबह की फ्लाइटें विलंब से पहुंचीं। रविवार को सुबह आठ बजे इंडिगो की अहमदाबाद वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर एयरपोर्ट पर लैंड हुई। उसके बाद सुबह नौ बजे इंडिगो की दिल्ली वाली उड़ान जौलीग्रांट के आसमान में पहुंची। लेकिन तेज बारिश की बौछारों के बीच विजिबिलिटी की समस्या के कारण फ्लाइट जौलीग्रांट के आसमान से वापस लौट गई।

एयरपोर्ट से काफी दूर जाकर फ्लाइट आसमान में गोल-गोल चक्कर काटने लगी। करीब आधा घंटे तक यह फ्लाइट आसमान में घूमकर बारिश कम होने का इंतजार करती रही। जिसके बाद यह फ्लाइट 9:48 बजे एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इंडिगो की जयपुर वाली उड़ान सुबह 10:25 बजे के स्थान पर लगभग एक घंटे के देरी से 11:34 बजे एयरपोर्ट पर पहुंची। बारिश कम होने के बाद एयरपोर्ट पर हवाई यातायात सामान्य हुआ। सभी फ्लाइट उसके बाद अपने समय पर एयरपोर्ट पहुंची।

## दोहरे हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**काशीपुर, एजेंसी।** आईटीआई थाना क्षेत्र में बीते बृहस्पतिवार की रात मामूली बहस पर हुई चाकूबाजी में दोहरे हत्याकांड के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि उनका एक साथी फरार है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आईटीआई थाना परिसर में रविवार को एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने घटनाक्रम का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस की टीमों ने काशीपुर के अलावा बागपत, मुरादाबाद, बिजनौर आदि जगहों पर दबिश दी। पुलिस ने बीते शनिवार की शाम नूरपुर कुंडेश्वरी से आ रहे बाइक सवार युवकों को रोका और आरोपी विवेक कुमार निवासी ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी और गर्व मेहरा निवासी श्यामपुरम कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में गर्व मेहरा के कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ जिसके बाद अभियोग में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस टीम ने कार्तिक शर्मा और दीपक कुमार उर्फ हुड्डा की गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर नजीबाबाद से सवारी गाड़ी में आ रहे आरोपी दीपक निवासी ग्राम पच्चावाला बंगाली कॉलोनी भीमनगर रोड कुंडेश्वरी को पुलिस ने परमानंदपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना के दिन पहनी कमीज खून से सनी और घटना में प्रयुक्त चाकू उसके घर के स्टोर रूम से बरामद कर लिया जबकि इनका एक साथी कार्तिक शर्मा निवासी ग्राम ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी की पुलिस तलाश कर रही है। एसएसपी ने बताया कि फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते समय एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने पुलिस टीम के लिए 1500 रुपये के इनाम की घोषणा की। उन्होंने बताया गठित टीमें घटना वाले दिन से आरोपियों की तलाश में जुटी थीं। टीम में आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण कोश्यारी, एसआई अनिल उपाध्याय, जीवन सिंह चुफाल, दीवान सिंह बिष्ट, सुशील कुमार, प्रकाश सिंह बिष्ट, मनोज जोशी, विनोद जोशी के अलावा एसओजी प्रभारी मनोज धौनी, एएसआई सोम सिंह आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे। बीते बृहस्पतिवार की रात करीब नौ बजे चैती तिराहा के पास दो गुटों में विवाद के चलते हमलावर युवकों ने चाकू से आकाश सैनी निवासी कुमाऊं कॉलोनी कुंडेश्वरी और अजय कश्यप निवासी विशालनगर कॉलोनी को लहूलुहान कर दिया था। इस घटना में आकाश सैनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

## बारिश के बाद गिरा पारा, पछवादून और जौनसार में बढ़ी ठंड

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पछवादून और जौनसार बावर क्षेत्र में शुक्रवार रात से रुकरुक हो रही बारिश से ठंड बढ़ गई है। चकराता में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। वहीं, पछवादून में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों ने ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लिया। वहीं, मैदान क्षेत्रों में घरों में दिनभर हीटर और ब्लोअर चलते रहे। लोग शीतलहर से बचने के लिए जैकेट और पर्याप्त गर्म कपड़ों से पैक नजर आए।

पछवादून क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से ही मौसम में बदलाव शुरू हो गया था। आसमान में दिनभर बादल छाए रहे। रात को बारिश के बाद मौसम ठंडा हो गया। शनिवार को भी सुबह से ही आसमान बादलों से घिर गया। सुबह से शुरू हुई बूंदाबांदी का दौर दोपहर तक जारी रहा। स्कूल जाने वाले छात्र और बोर्ड परीक्षार्थी पूरी तरह गर्म कपड़ों से पैक होकर घर से निकले। शाम को करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। बाजारों में गिने चुने लोग ही खरीदारी के लिए निकले। सड़कों पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा।

उधर, चकराता में शनिवार को सुबह रुकरुक कर बारिश होती रही। इसके चलते छावनी बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों की भीड़ काफी कम थी। स्थानीय व्यापारी दुकानों के बाहर अलाव तापते हुए नजर आए। अगर तापमान एक डिग्री सेल्सियस से नीचे जाता है तो बर्फबारी की संभावना भी बन सकती है। चकराता में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साहिया और कालसी क्षेत्र में भी बारिश के साथ शीतलहर ने दिनभर लोगों को कंपाया। कालसी तहसील में विभिन्न कार्यों के आने वाले लोगों की संख्या भी काफी कम रही। जबकि साहिया बाजार मंडी और बाजार में कम संख्या में लोग पहुंचे। साहिया बाजार में भी दिनभर व्यापारी अलाव तापते रहे।

## लोकसभा चुनाव 2024- टिकट घोषित कर भाजपा ने ली मनोवैज्ञानिक बढ़त

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
रूद्रपुर में भाजपा ने सधी रणनीति के तहत नैननीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर पहले टिकट की घोषणा कर मनोवैज्ञानिक बढ़त ले ली है।



रुद्रपुर में भाजपा ने सधी रणनीति के तहत नैननीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर पहले टिकट की घोषणा कर मनोवैज्ञानिक बढ़त ले ली है। यहीं नहीं पिछले तीन महीने से भाजपा संगठन और मोर्चों के कार्यकर्ता राष्टीय स्तर से लगातार दिए जा रहे कार्यक्रमों में न सिर्फ सक्रिय हैं, चुनाव को लेकर उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस में सीमित जगहों पर ही छिटपुट गतिविधियां हुई हैं। यहीं नहीं कांग्रेस के सामने गुटबाजी के साथ ही बिखर रहे कुनबे को बचाना बड़ी चुनौती है।

भाजपा लगातार कार्यक्रमों से न सिर्फ जनता के बीच पहुंच रही है बल्कि कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां देकर सक्रियता को बढ़ाया है। चुनावी मोड में आकर लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के साथ ही लोकसभा प्रभारी, संयोजक, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, विस्तारक भी नियुक्त किए जा चुके हैं। विधानसभाओं में संयोजक का जिम्मा विधायक या फिर पिछले चुनाव में हारे नेता को दिया गया है। 20 दिन पहले लोकसभा का चुनाव कार्यालय खुल चुका है। इसके उलट कांग्रेस खेमे में चुनाव को लेकर बड़ी हलचल नहीं दिख रही है। गतिविधियों के नाम पर फिलहाल कोई सक्रियता नहीं है।

पार्टी ने चुनाव के लिहाज से सिर्फ लोकसभा समन्वयक की नियुक्ति की है, जो खुद ही टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस तमाम जगहों पर नेताओं की गुटबाजी में फंसी हुई है। यही गुटबाजी से ऐन चुनाव के वक्त कांग्रेस का कुनबा बिखर रहा है। कांग्रेस की चिंता बिखरते कुनबे को समेटने की है। मुख्य संगठन के साथ ही पार्टी के घटक संगठनों की सक्रियता का अता पता नहीं है। पूरे परिदृश्य में भाजपा की कांग्रेस पर मनोवैज्ञानिक बढ़त दिख रही है। हालांकि कांग्रेस नेता प्रत्याशी घोषित होते ही कार्यकर्ताओं में जोश होने का दावा जरूर कर रहे हैं।

भाजपा को चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहने वाली पार्टी के रूप में जाना जाता है। यह पार्टी की सक्रियता और कार्यों में नजर आ रहा है। संगठन ने लोकसभा के 2472 बूथ कमेटियों का गठन कर कई स्तरों में मजबूती को परख लिया है। इसके साथ ही भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान, सुशासन दिवस, गांव चलो अभियान, ग्राम परिक्रम अभियान, ईजा बैणी महोत्सव, नारी शक्ति, एनजीओ सम्मलेन, युवा चौपाल, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, जनप्रतिनिधि सम्मेलन, खेल आयोजन सहित तमाम आयोजनों से महिला, किसान सहित हर वर्ग तक पहुंचने की पूरी कोशिश कर रहा है।

लोकसभा चुनाव से पहले ही तराई में कांग्रेस के मजबूत नेता कुनबा छोड़कर जा रहे हैं। हाल में ही खटीमा ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। कांग्रेस इस झटके से उबरी ही थी कि नानकमत्ता नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, सितारगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख भुवन राणा सहित कई प्रधान और बीडीसी सदस्य भाजपा में शामिल हो गए। हाल में गदरपुर में निवर्तमान सभासद ने पार्टी को अलविदा कहा है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस का बड़ा ओबीसी चेहरा भाजपा में शामिल हो सकता है। इस नेता के परिवार का कई सालों से पंचायतों में दबदबा रहा है।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत छह के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**ऋषिकेश, एजेंसी।** सहसपुर थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी करने, षडयंत्र समेत विभिन्न धाराओं में पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में मोहम्मद जैद रफी अंसारी निवासी हसनपुर ने कहा कि वह अपना व्यवसाय विगत कई वर्षों से करते आ रहे हैं। व्यवसाय बढ़ने पर आरोपी उनसे आए दिन लाखों रुपये की मांग करने लगे। फर्जी मुकदमें में फंसाने, जमीन हड़पने और परिवार को जान से मारने की धमकी भी देते रहे। डर की वजह से रुपये भी दिया। जब आरोपियों को पता चला कि उसकी और परिवार के अन्य सदस्यों की भूमि एनएच में अधिकृत हो गई है तो उन्होंने मार्च 2022 में 50 लाख की मांग की। प्राधिकरण से मिलने वाले करोड़ों का मुआवजा पर रोक लगाने की धमकी दी। जैद ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण का एक वरिष्ठ अधिकारी इनसे मिला हुआ है। फर्जी व कूटरचित प्रार्थना पत्र एसआईटी व अन्य कार्यालय को दिए गए। इनके आधार पर उनसे अवैध वसूली की गई।

थाना प्रभारी सहसपुर मुकेश त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुलजार निवासी ग्राम भुड्डी थाना सहसपुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमरूदीन, आदिल, जमशेद निवासी ग्राम माजरा मस्जिद वाली गली, राजेंद्र पुरोहित, अली शेर निवासी सभावाला और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दिल्ली सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश, महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

- मैं सिर्फ दसवां बजट नहीं, बल्कि बदलती दिल्ली की तस्वीर पेश कर रही हूं।
- सरकार बजट में 15 करोड़ रुपये के आवंटन के माध्यम से अपने विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बिजनेस ब्लास्टर योजना लागू करेगी।

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे। आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने बिजनेस ब्लास्टर्स योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी। दिल्ली सरकार के बजट का आकार वित्त वर्ष 2022-23 में 75,800 करोड़ रुपये और इससे पिछले वित्त वर्ष में 69,000 करोड़ रुपये था। पिछले साल वित्त विभाग का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी ने पहली बार बजट पेश किया है।

अपने बजट भाषण में उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल को आकार देने में पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, यह गौरव का क्षण है कि अरविंद केजरीवाल सरकार आज अपना दसवां बजट पेश कर रही है। मैं सिर्फ दसवां बजट नहीं, बल्कि बदलती दिल्ली की तस्वीर पेश कर रही हूं। केजरीवाल आशा की किरण बनकर आए। हम सभी राम राज्य से प्रेरित हैं। हम राम राज्य के सपने को साकार करने की दिशा में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



उन्होंने शिक्षा क्षेत्र के लिए 16,396 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव रखा और क्षेत्र में आप (आम आदमी पार्टी) सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। शिक्षा बजट के तहत शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) को 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, और नए स्कूलों और कक्षाओं के निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने मौजूदा कक्षाओं के रखरखाव के लिए 45 करोड़ रुपये और विशिष्ट उत्कृष्टता स्कूलों के लिए 42 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री ने खेल शिक्षा के लिए 118 करोड़ रुपये, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के लिए 1,212 करोड़ रुपये और बिजनेस ब्लास्टर्स सीनियर के लिए 15 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की। उन्होंने कहा, केजरीवाल सरकार बजट में 15 करोड़ रुपये के आवंटन के माध्यम से अपने विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बिजनेस ब्लास्टर योजना लागू करेगी। सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 8,685 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसमें से 6,215 करोड़ रुपये की राशि अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के तहत 38 अस्पताल आते हैं, जिनमें प्रतिदिन 81,000 ओपीडी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। वहीं इनमें हर महीने 65,805 आईपीडी मरीजों का इलाज किया जाता है। बा रोगी विभाग को ओपीडी और आंतरिक रोगी विभाग को आईपीडी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में फिलहाल 530 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जहां प्रतिदिन 64,000 लोगों को मुफ्त दवाएं, जांच और इलाज की सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि फरिश्ते दिल्ली के योजना ने 22,000 लोगों की जान बचाई है। वित्त मंत्री ने समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण विभाग के तहत विभिन्न योजनाओं के लिए 6,216 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय की घोषणा की। इसके अलावा सरकार ने 2024-25 से महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण को ह्यमुख्यमंत्री महिला सम्मान योजनाह्न के लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के तहत 18 साल और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी महिला को योजना के तहत पात्र बनने के लिए दिल्ली का मतदाता होना चाहिए। इन महिलाओं को किसी अन्य योजना का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इसके अलावा महिला आयकरदाता भी नहीं होनी चाहिए। इस साल जनवरी में प्रकाशित दिल्ली की अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 67,30,371 महिला मतदाता हैं। आतिशी ने पोषण संबंधी सभी योजनाओं के लिए 664 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की।

## जानें क्या होंगी शर्तें

- 18 साल से अधिक होनी चाहिए उम्र
- महिलाओं को आयकर की श्रेणी में नहीं आना होगा
- सरकारी नौकरी वालों को नही मिलेगा फायदा
- सरकारी पेंशन वालों को भी नही मिलेगा लाभ
- आवेदन के लिए ऑनलाइन फार्म भरना होगा
- दी गई जानकारी सही है, इस संबंध में शपथ पत्र देना होगा
- इसके लिए दिल्ली का स्थायी निवासी होना जरूरी
- आधार कार्ड और मतदाता कार्ड भी रहना अनिवार्य
- अन्य मदों के लिए बजट का प्रावधान

# सिसोदिया ने उच्चतम न्यायालय में उपचारात्मक याचिकाओं पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने उच्चतम न्यायालय में अपनी उन दो उपचारात्मक याचिकाओं पर जल्द सुनवाई का सोमवार को अनुरोध किया, जिनमें कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार एवं धन शोधन मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के न्यायालय के 2023 के फैसले को चुनौती दी गई है।

सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से कहा कि एक अधीनस्थ अदालत ने कहा है कि वह उपचारात्मक याचिकाओं पर फैसला होने तक जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी।

पीठ ने इसके जवाब में कहा, ईमेल भेजिए, हम इस पर गौर करेंगे। दिल्ली की एक अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टालते हुए कहा था कि इस मामले से संबंधित अर्जी उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। उच्चतम न्यायालय ने सिसोदिया की जमानत याचिकाओं को खारिज करने संबंधी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध वाली याचिका 14 दिसंबर, 2023 को खारिज कर दी थी।

न्यायालय ने कहा था कि साक्ष्य जांच एजेंसी के इस आरोप का अस्थायी रूप से समर्थन करते हैं कि शराब के कुछ थोक वितरकों को 338 करोड़ रुपये का फायदा पहुंचाया गया।

सिसोदिया को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 फरवरी, 2023 को घोटाले में उनकी कथित भूमिका के मामले में गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआई की प्राथमिकी से जुड़े धनशोधन के मामले में तिहाड़ जेल में पूछताछ के बाद सिसोदिया को नौ मार्च, 2023 को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी, 2023 को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

# भाजपा का केजरीवाल पर हमला, कहा-चोर की दाढ़ी पर तिनका

- पूनावाला ने यह टिप्पणी केजरीवाल के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवालों का जवाब देने के लिए नई तारीख मांगने पर की।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज आम आदमी पार्टी संस्थापक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुहावरे (लोकोक्ति) की भाषा में हमला बोला है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा है, चोर के मूंछ में तिनका ( मुहावरा चोर की दाढ़ी में तिनका) है। पूनावाला ने यह टिप्पणी केजरीवाल के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवालों का जवाब देने के लिए नई तारीख मांगने पर की। उन्होंने सवाल किया कि क्या शराब घोटाले का मास्टरमाइंड होने का गंभीर आरोपित अब यह तय करेगा कि वह ईडी के सामने कब पेश होगा? पूनावाला ने कहा, यह बयान बेतुका है कि जिस व्यक्ति पर इस घोटाले में गंभीर आरोप हो, अब वह तय करेगा कि वह कब पेश हो। पूनावाला ने कहा कि चोर के मूंछ में तिनका नहीं होता तो वह पेश हो गए होते। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जब केजरीवाल अन्ना हजारे के संरक्षण में थे तो कहते थे पहले इस्तीफा फिर जांच। आज इस्तीफा तो भूल जाइए, जांच में सहयोग ही नहीं कर रहे, क्योंकि वो अब लालू प्रसाद यादव के संरक्षण में हैं । जब से ईडी का समन जारी हुआ बहाने बना रहे हैं। कभी विपश्यना का तो कभी चुनाव का बहाना बनाते हैं, तो कभी इसे बदले की राजनीति बताते हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा है तो कोर्ट ने समन को रद्द या उस पर स्टे क्यों नहीं लगाया? कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को राहत क्यों नहीं दी? उन्होंने कहा कि केजरीवाल एबीसीडी का राग अलाप रहे हैं। ए का मतलब समन से बचें। बी का मतलब समन से भाग जाओ। सी का मतलब समन से बचो। डी का मतलब समन को डायवर्ट कर दो।

## इण्डिया गठ्बन्धन के सामने नहीं टिक पायेगें भाजपा प्रत्याशी : श्री दत्त शर्मा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी नें दिल्ली की सीटों के लिए जो प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे है बेहद कमजोर हैं जो गठबंधन प्रत्याशियों के सामनें टिक पायेगें। यह कहना है घोंडा से पूर्व विधायक श्री दत्त शर्मा का। श्री दत्त शर्मा कहते हैं भाजपा सांसदों नें अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान ऐसा कुछ नहीं किया जिसका वर्णन वे खुद भी कर सके और इसीलिए ही भाजपा नें उन्हें बदल दिया। श्री दत्त शर्मा कहते हैं चेहरे बदलने से कुछ नहीं होने वाला। भाजपा को यह समझ लेना चाहिए यह नगर निगम का चुनाव नहीं है जो चेहरे बदलने से जीता जाएगा। श्री दत्त शर्मा कहते हैं दिल्ली की जनता को काम करने वाले सांसद चाहिए ना कि जनता से मुहं छिपाने वाले। श्री दत्त शर्मा नें दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच हुए गठबंधन का स्वागत करते हुए कहा कि इंडिया अलायंस सभी सातों सीटों पर जीत हासिल करेगा। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों ने राजधानी की जनता की पूरी तरह से उपेक्षा की है और दिल्ली के विकास के लिए उन्होंने कुछ नही किया है। श्री दत्त शर्मा कहते हैं कांग्रेस उत्तर पूर्वी दिल्ली, चांदनी चैक और उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और आम आदमी पार्टी अन्य चार सीटों पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली पर इंडिया अलायंस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने चुनाव लड़ने का निर्णय सौहार्दपूर्ण ढंग से लिया है, क्योंकि इंडिया गठबंधन दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा को हराने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस और आप दोनों सभी सात सीटें संयुक्त रूप से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नें खुद ही अपने नकारा सांसदों की निष्क्रियता के चलते टिकट काट कर नये उम्मीदवार उतारे है परंतु अब दिल्ली की जनता ने भाजपा को इस बार सातो सीटो हार का मुँह दिखाने के लिए अपना मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर गठबंधन धर्म निभाते हुए

# वायदो के साथ वादाखिलाफी की है केजरीवाल ने : डा. आनंद कुमार

नई दिल्ली। दिल्ली के लाजपत नगर क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के किए गए झूठे वायदों के विरुद्ध जन आक्रोश रैली निकाली जिसमें राष्ट्र निर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस ऑफिसर आनंद कुमार ने कहा कि केजरीवाल ने विधानसभा एवम् एमसीडी चुनावो में बड़े बड़े वायदे किए थे उनमें से किसी को पूरा नही किया है, उन्होंने कहा था कि दिल्ली के कूड़े के पहाड़ों को दिसंबर 2023 तक साफ कर देगे तथा दिल्ली निवासियों को कूड़े के पहाड़ों के कारण हो रही गंदगी, दुर्गंध से हो रही परेशानी से मुक्त करा देगे, पर अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। समय सीमा निकल चुकी है, वो पहाड़ और भी ऊंचे हो गए हैं। यमुना की सफाई का वायदा किया गया था पर यमुना पहले से भी ज्यादा प्रदूषित हो चुकी है, ये बात अलग है कि यमुना की सफाई के विज्ञापनो पर करोड़ों रुपए खर्च किये जा चुका है। जन लोकपाल बिल तथा स्वराज्य बिल जिनके नाम पर अन्ना हजारे के नेतृत्व में आंदोलन किया गया था वो बिल न जाने कहा धूल खा रहे है। 500 नए स्कूलों का तथा 8 नए डिग्री कॉलेज खोलने का वायदा केजरीवाल पूरी तरह भूल गए है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 26.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/रेल भवन के कार्य क्षेत्र में रेलवे बोर्ड में प्रेस वार्ता कक्ष/स्टूडियो कक्ष की स्थापना कार्य हेतु। | 10999999.84 रुपये | 205000.00 रुपये | 04 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में तिलक ब्रिज रेलवे कॉलोनी में जल निकासी/सीवरेज व्यवस्था की मरम्मत के कार्य हेतु। | 9994000.00 रुपये | 199900.00 रुपये | 06 महीने |

निविदा दिनांकः 26.03.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। पत्र संख्याः– 128–डब्ल्यू/269/निविदा सूचना/23–24/डब्ल्यू–ई/टेंडर नंः 50 (ए,बी) दिनांकः 23.02.2024

690/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82241200 | लिराग्लूटाइड पेन इंज 6 मिलीग्राम प्रति एमएल (लंबे समय तक काम करने वाला इंसुलिन) | 2890 Nos | 26.03.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. Inj. Medicines दिनांक : 01.03.2024 687/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# हिंदू अध्ययन केंद्र में ई-संसाधनों के परिचय हेतु कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विश्वविद्यालय के हिंदू अध्ययन केंद्र में ई-संसाधनों का परिचय हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत सैंट्रल रेफरेंस लाईब्रेरी से भावना वशिष्ट उपस्थित रही। उनके साथ हिंदू अध्ययन केंद्र के निर्देशक प्रो. ओमनाथ बिमली, सह निर्देशक डॉ. प्रेरणा मल्होत्रा, प्रो. एन. के. कक्कड़ एव अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम में बताया गया कि अनुसंधान क्रियाविधि का महत्व क्या है और छात्र छात्राओ को किस प्रकार से विश्वविद्यालय के ई संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान, भावना वशिष्ट ने एकेडमिक अनुसंधान और थीसिस लेखन के लिए ई-स्त्रोतों के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन स्त्रोतों के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध विशेषज्ञ पत्रिकाएं, लेख और अनुसंधान पत्रों का उपयोग कितनी आसानी से किया जा सकता है एवं उनकी सुविधा पर जोर दिया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुविधा और कुशलता पर बल देते हुए, उन्होंने दिखाया कैसे छात्र और संकाय एक संपत्ति के स्वरूप में उपलब्ध जानकारी का लाभ उठा सकते हैं। ई-स्त्रोतों के शक्ति का उपयोग करके, शोधकर्ता विशाल डेटाबेस के माध्यम से नेविगेट कर सकते हैं, प्रासंगिक साहित्य तक पहुँच सकते हैं, और अपने आपको अपने क्षेत्र में हो रही नवीनतम विकासों के साथ रख सकते हैं, जिससे उनके शोध प्रयासों की गुणवत्ता और गहराई में सुधार हो सकता है। हिंदू अध्ययन केंद्र ऐसे शिक्षाप्रद क्षेत्रों में अपना नेतृत्व करता है जो विद्यार्थियों को न केवल शिक्षित बनाता हैं, बल्कि उन्हें जीवन में सकारात्मकता की ओर अग्रसर करता है। बता दें कि पिछले ही वर्ष (2023) में प्रारम्भ हुआ दिल्ली विश्वविद्यालय का यह हिन्दू अध्ययन केन्द्र आए दिन चर्चा का विषय बना रहता है और अपने अथक प्रयासों से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है एवं सभी का ज्ञानवर्धक करता है। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका प्रो प्रेरणा मल्होत्रा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी सिस्टम की प्रशंसा करते हुए बताया कि यह देश के उत्तम लाइब्रेरी सिस्टमों में से एक है और इसका निरंतर विकास हो रहा है।

# इतिहास को भूलने से हमारा अतीत नष्ट नहीं होगा : प्रोफेसर जगबीर सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू अध्ययन केंद्र में आयोजित हिंदू धर्म और सिक्खी का अटूट रिश्ता के विषय पर चर्चा के दौरान सैंट्रल यूनिवर्सिटी आफ पंजाब के चांसलर प्रो. जगबीर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रहे। उनके साथ हिंदू अध्ययन केंद्र के निर्देशक प्रो. ओमनाथ बिमली, सह निर्देशक डॉ. प्रेरणा मल्होत्रा एव अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर जगबीर सिंह ने हिंदू धर्म और सिखी के बीच जटिल संबंधों और साझा मूल्यों और सनातन के साथ उनके संबंध पर प्रकाश डाला।



उन्होंने इस बारे में बात की कि हिंदू और सिख एक अटूट बंधन क्यों साझा करते हैं। उन्होंने अलग पहचान निर्माण के पूरे संघर्ष को समझने के लिए फूट डालो और राज करो की औपनिवेशिक रणनीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, इतिहास को भूलने से हमारा अतीत नष्ट नहीं होगा। हमें उसे दूर करना होगा और जो हुआ है उस पर फिर से विचार करना होगा। क्रूर और राजनीति से प्रेरित इतिहास के बारे में बात करते हुए, उन्होंने वर्तमान परिदृश्य को उससे जोड़ा और कहा कि कोई भी हिंदू और सिख को अलग नहीं कर सकता क्योंकि वे दोनों सनातन धर्म का हिस्सा हैं। दोनों एक दूसरे को गले लगाते हैं। उन्होंने कहा कि मेटा कथा को अस्वीकार करने की उत्तर आधुनिकतावादी सोच काम नहीं करेगी क्योंकि हिंदू अध्ययन जैसे पाठ्यक्रम धर्म और दर्शन के अध्ययन को एक अकादमिक अनुशासन के रूप में पेश करेंगे जो पिछले 75 वर्षों तक नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि हम कैसे समावेशी हैं और सार्वभौमिक कल्याण की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म एक विश्वदृष्टिकोण और जीवनदृष्टि है जो कल्पना का अनुसरण न करके यथार्थ को साकार करने में विश्वास रखता है। उन्होंने ध्यान संबंधी दृष्टि और ज्ञान के बारे में प्रेरक पंक्तियों के साथ भाषण समाप्त किया जो हमारे पास था और जिसे हम हमेशा अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि सिख ग्रंथ में भक्ति के विभिन्न आयाम का समावेश है। हमारे पूज्य ऋषियों और आचार्यों को याद करते हुए उन्होंने दर्शकों को खड़े होकर तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया।

इस कार्यक्रम ने विविध दर्शकों को आकर्षित किया जिसमें विद्वान, छात्र और सार्थक संवाद में शामिल होने के लिए उत्सुक उत्साही लोग शामिल थे। प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से विचारों और अंतर्दृष्टि का आदान-प्रदान किया, ऐतिहासिक आख्यानों, सांस्कृतिक अंतर्संबंधों और समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, जिससे चर्चा समृद्ध हुई। सेमिनार में विभिन्न धार्मिक परंपराओं के बीच आपसी सम्मान और प्रशंसा को बढ़ावा देने, विविधता के बीच सद्भाव और एकता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया गया। इस तरह के प्रयास ज्ञान को आगे बढ़ाने और हिंदू धर्म के बहुमुखी आयामों और अन्य के साथ इसके तालमेल पर बातचीत को बढ़ावा देने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

# दिल्ली कमेटी ने माता मनसा देवी जी के जीवन पर किया विशेष व्याख्यान का आयोजन

- सरदार स्वर्ण सिंह द्वारा आज के व्याख्यान में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद दिया।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से सिख इतिहास एवं गुरबाणी फोरम द्वारा डॉ. प्रो चरण सिंह (अध्यक्ष पंजाब एवं सिंध बैंक) की प्रेरणा से इतिहास में सिख महिलाओं का योगदान श्रृंखला के अंतर्गत सातवां विशेष व्याख्यान माता मनसा देवी जी के जीवन इतिहास पर आयोजित किया गया था। श्री गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र महरौली के विद्यार्थियों द्वारा गुरबाणी शब्द कीर्तन के पश्चात व्याख्यान की शुरूआत हुई। सिख इतिहास एवं गुरबाणी फोरम की निदेशिका डॉ. हरबंस कौर सागू ने आए हुए विद्वानों, संगत और सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रेणुका सिंह (पूर्व प्रोफेसर जे.एन.यू.), विशेष अतिथि प्रोफेसर सुरिंदर कौर (प्रिंसिपल खालसा कॉलेज), मुख्य वक्ता डॉ तरविंदर कौर (प्रोफेसर गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज) व आज के लेक्चर की अध्यक्षता कर रहे डॉ. कुलदीप पाहवा (पूर्व प्रोफेसर श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज) का विधिवत स्वागत करते हुए उनके बारे में जानकारी साझा की। मुख्य वक्ता डॉ. तरविंदर कौर ने श्री गुरु अमरदास जी के महल, माता मनसा देवी जी के जीवन इतिहास के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा करते हुए बताया कि माता मनसा देवी जी का सिख धर्म में बहुत बड़ा स्थान है। माता जी ने अपने गुरु पति श्री गुरु अमरदास जी की सेवा करते हुए एक धैर्यवान और संतुष्ट जीवन व्यतीत किया, वहीं उन्होंने अपने बच्चों के चरित्र निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई और लंगर पानी के माध्यम से समूची संगत की अथक सेवा भी निभाई। आज के व्याख्यान के मुख्य अतिथि डॉ. रेणुका सिंह (पूर्व प्रोफेसर जे.एन.यू.) ने मुख्य वक्ता डॉ. तरविंदर कौर (प्रोफेसर गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज) द्वारा दी गई जानकारी की सराहना करते हुए गुरु माताओं, गुरु महिलाओं, गुरु बेटियों और ऐतिहासिक सिख महिलाओं के जीवन इतिहास को संगत के समक्ष लाने के बहुमूल्य प्रयास के लिए दिल्ली कमेटी और संबंधित सिख इतिहास व गुरबाणी फोरम को बधाई दी। व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए डॉ. भूपिंदर सिंह (पूर्व प्रोफेसर श्री गुरु नानक देव कॉलेज) और डॉ. कुलदीप पाहवा (पूर्व प्रोफेसर श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज) ने माता मनसा देवी जी के जीवन के बारे में अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। सरदार स्वर्ण सिंह द्वारा आज के व्याख्यान में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद दिया। सरदार जसवन्त सिंह सेखवां ने वसंत ऋतु के बारे में एक बहुत ही भावपूर्ण कविता सुनाई, जिसे सभी ने खूब सराहा। आज व्याख्यान में जसवन्त सिंह सागु, डॉ. दर्शन कौर, डॉ. अविनाश कौर, सरदार प्रीतम सिंह सेठी, डॉ. बेअंत कौर, डी.आई.जी प्रताप सिंह, गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल के शिक्षक, छात्र, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ गुरमति स्टडीज के छात्र, विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षक, श्रोता और बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए।

## मोदी मैजिक के आगे नहीं टिक पायेगा गठबंधन : दीपक गाबा

नई दिल्ली। पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी की लहर है और लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित हो वोट डालेंगे। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के महामंत्री दीपक गाबा का। दीपक गाबा कहते हैं भाजपा नें जमीन से जुड़े अनुभवी लोगो को प्रत्याशी बनाया है वे कहते है पिछली दो बार की तरह इस बार भी भाजपा दिल्ली की सातों सीटें जीतेगी और इस बार जीत का अन्तराल भी पहले से ज्यादा रहने वाला है। दीपक गाबा कहते हैं यह चुनाव मोदी बनाम तमाम विपक्ष है विपक्ष का कुनबा अभी तक बिखरा हुआ है और चुनावो तक और बिखर जाएगा जबकि भाजपा गठबंधन मोदी जी के नेतृत्व में चट्टान की तरह अडिग है। दीपक गाबा कहते हैं जनता तय कर चुकी है अबकी बार चार सौ पार। मोदी जी जिस राज्य में पहुंच रहे हैं वहां की जनता उन्हें सर आंखों पर बिठा रही है। विपक्ष साऊथ और नार्थ में देश को बांटना चाहता है लेकिन आप देख लेना मोदी मैजिक साऊथ में भी चलेगा और विपक्ष पहले से भी कमजोर नजर आएगा। दीपक गाबा कहते हैं भाजपा द्वारा किए गए जनहित कार्यों के आधार पर दिल्ली की सभी सातों सीटों पर प्रत्याशियों की एकतरफा जीत होगी


## FABINO LIFE SCIENCES LIMITED

Corporate Identity No (CIN): L24100HR2011PLC114093

Regd. Office: Jeevan Vihar Extension, Near Shubham Garden, Murthal Road, Sonipat-131001, Haryana, India

Tel: 919215324221 | Email: info@fabinolife.com | Website: http://www.fabinolife.com

### NOTICE

NOTICE is hereby given to the Members of (the "Company") pursuant to the provisions of Section 108 and Section 110 of the Companies Act, 2013 (the "Act") read with Rule 20 and Rule 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 ("Rules"), Secretarial Standard- 2 on General Meeting (the "SS-2"), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (the "Listing Regulations") including any statutory modification(s), clarification(s), substitution(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force, guidelines prescribed by the Ministry of Corporate Affairs (the "MCA"), for holding general meetings/conducting postal ballot process through e-voting vide General Circular Nos. 14/2020 dated 8th April 2020, 17/2020 dated 13th April 2020, 22/2020 dated 15th June 2020, 33/2020 dated 28th September 2020, 39/2020 dated 31st December 2020 10/2021 dated June 23, 2021, 20/2021 dated December 8, 2021, 3/2022 dated May 5, 2022 and 11/2022 and dated December 28, 2022 (the "MCA Circulars") and any other applicable laws and regulations, that the following special business is proposed for consideration by the Members of the Company through Postal Ballot by voting through electronic means ("e-voting") and voting by Postal Ballot Paper.

| Item No. | Description of the Resolution |
|---|---|
| 1. | TO APPROVE THE CHANGE OF NAME OF THE COMPANY |
| 2. | TO ALTER THE OBJECT CLAUSE OF MOA OF THE COMPANY |
| 3. | TO CONSIDER AND APPROVE THE BORROWING POWERS OF THE COMPANY UNDER SECTION 180(1) (C) OF THE COMPANIES ACT, 2013 |
| 4. | TO MAKE INVESTMENTS, GIVE LOANS, GUARANTEES AND SECURITY IN EXCESS OF LIMITS SPECIFIED UNDER SECTION 186 OF THE COMPANIES ACT, 2013 |

In terms of MCA Circulars, the Company has completed the dispatch of the Postal Ballot Notice electronically on 29th February, 2024 and additionally the company has also dispatched Addendum to the Postal Ballot Notice electronically on 04th March, 2024 to the Members of the Company holding shares as on 23rd February, 2024 (**"Cutoff Date"**). Members whose names are recorded in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the Cut-Off Date will be entitled to cast their votes by e-voting. Members who have not registered their mobile numbers or e-mail id or in case of any queries kindly mail to investor@bigshareonline.com

In accordance with the guidelines, hard copy of the Postal Ballot Notice along with postal ballot forms and pre-paid business reply envelope will not be sent to the Members. The communication of the asset or dissent of the Members would take place through the voting system only.

In this regard the notice of Postal Ballot and the addendum to the notice of Postal Ballot can be downloaded from the website of the Company at https://www.fabinolife.com/ and also on the website of NSDL (being the E-voting service provider) at www.evoting.nsdl.com. The notice is also displayed on the website of BSE Limited where shares of the company are listed.

The Company has engaged the services of National Securities Depository Limited (NSDL) for the purpose of providing e-voting facility/Postal Ballot to all its Members. Members are requested to note that the e-voting shall commence from Friday 01st March, 2024 (9:00 AM IST) to Friday, 30th March, 2024 (5:00 PM IST). The e-voting module shall be disabled for voting thereafter.

The Board of Directors has appointed Mr. Jigarkumar Gandhi (Membership No. 7569 and Certificate of Practice No. 8108), Practicing Company Secretary, as the scrutinizer (**"scrutinizer"**) for conducting the Postal Ballot and e-voting process in a fair and transparent manner. The results of the e-voting will be declared latest by Tuesday, 02nd April, 2024 and will also be uploaded on the Company's website and BSE Limited.

In case you have any queries or issues regarding e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evoting.nsdl.com, under help section or write an email to evoting@nsdl.com.

**For FABINO LIFE SCIENCES LIMITED**
Sd/-
**Aditya Mahavir Jain**
**Managing Director**
**DIN: 09353344**

**Place: Sonipat**
**Date: 04th March, 2024**

## चांदनी चौक पर निर्भर है कई राज्यों का व्यापार, आखिर क्यों बना हुआ है समस्याओं का बाजार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में विश्व विख्यात चांदनी चौक मार्केट के साथ ही सदर बाजार, खारी बावली, कमला नगर मार्केटों में बड़े-बड़े राजनीतिक प्रतिष्ठान हैं, जो देश भर के दूसरे राज्यों का भी व्यापार बढ़ा रहे हैं। यहां से बिकने वाले ड्राई फ्रूट हों या फिर सदर बाजार में बिकने वाले खिलौने, सीजन के त्योहारों की वस्तुएं हों, यह सभी वस्तुएं उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब जैसे इलाकों में जाती हैं। दूसरे राज्यों के व्यापार का एक बड़ा हिस्सा दिल्ली के चांदनी चौक और सदर बाजार पर निर्भर है। ऐसे में, इस लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय मुद्दों में वस्तु एवं सेवा कर को लागू करने पर आने वाली परेशानी, केंद्र की योजनाओं का क्रियान्वयन न होना साथ ही प्रदूषित यमुना प्रमुख मुद्दा है। राज्यस्तर की समस्याओं में कारोबारियों की परेशानी से लेकर पर्यावरण का बुरा हाल और शाहजहांबाद इलाके का पुनर्विकास के मुद्दे शामिल हैं। क्षेत्रीय मुद्दों में पार्किंग की समस्या, कालोनियों का नियमतीकरण और गंदगी जैसी समस्याएं प्रमुख तौर से शामिल हैं।

बीते पांच वर्ष में इनमें कुछ मुद्दे समाधान की राह पर आगे बढ़े जरूर, लेकिन मंजिल तक नहीं पहुंच सके। ऐसे में, अब 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में राजधानी के मतदाता ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनना चाहेंगे, जो इन समस्याओं का समाधान खोजकर व्यापार को सुगम बनाने की उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। सियासी टकराव में लटकी आयुष्मान योजना जो योजना केंद्र बनाती है, उसका देश के दूर दराज के इलाकों में क्रियान्वयन करना होता है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी में राजनीतिक टकराव के कारण कई केंद्रीय योजनाएं लागू नहीं हो पा रही हैं। केंद्र सरकार ने आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं शुरू की हैं।

दिल्ली के लोगों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। दिल्ली सरकार ने 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आयुष्मान भारत योजना लागू करने की बात तो कही थी, लेकिन चार वर्ष बीतने को हैं पर अभी तक यह योजना लागू नहीं हो पाई है। इसे लेकर राजनीतिक दलों के अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन वास्तव में इस समस्या की मूल वजह केंद्र और राज्य सरकार के बीच का टकराव है। पीएम आवास योजना के तहत सस्ते मकान उपलब्ध कराए जाने थे। साफ नहीं की जा सकी यमुना नदी

प्रदूषित यमुना का मुद्दा पिछले लोकसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता ने उठाया था। इसे लेकर सांसद को जागरण एजेंडा भी सौंपा गया था, लेकिन यह समस्या आज और विकराल रूप में सामने आ रही है। दिल्ली में यमुना के प्रदूषण की वजह इसमें गिरने वाले नाले, गाद जमने और डूब क्षेत्र में अतिक्रमण है। इस समस्या के समाधान को लेकर भी पिछले पांच साल में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। ये प्रमुख बाजार हैं यहां चांदनी चौक, सदर बाजार, कमला नगर मार्केट, खारी बावली घाट का सुंदरीकरण हुआ, बनाया गया पार्क दिल्ली का पर्यावरण स्तर अक्सर खराब ही रहता है, तो इससे चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र कैसे अछूता रह सकता है। चांदनी चौक में घनी आबादी को खुले स्थान और पार्कों की जरूरत है। इसको देखते हुए चांदनी चौक के पास ही असिता ईस्ट बनाया गया है, जहां पर खुले में घूमने और यमुना क्षेत्र को निहारने का अवसर मिलेगा, लेकिन चांदनी चौक से दूर होने की वजह से लोगों के लिए ज्यादा उपयोगी नहीं है। इसलिए नागरिक चांदनी चौक क्षेत्र में इसका समाधान चाहते हैं। हालांकि, कुदेसिया घाट के हुए सुंदरीकरण से मध्य दिल्ली के लोगों की कुछ हद तक इस समस्या का समाधान हुआ है। सीलिंग का हुआ समाधान, अभी भी शोषण का आरोप दिल्ली नगर निगम और केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद भी 2017 में सीलिंग की कार्रवाई हुई, तो व्यापारियों ने केंद्र सरकार से गुहार लगाई। यही वजह है कि सीलिंग की समस्या का समाधान देने के लिए केंद्र सरकार ने मास्टर प्लान 2021 में संशोधन करके व्यापारियों को राहत दी। साथ ही सीलिंग की समस्या का स्थायी समाधान हो इसके लिए अतिरिक्त फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) भी दी। इससे कई दुकानों की सीलिंग खुल गई हैं। हालांकि अभी भी कुछ संपत्तियां सील पड़ी हैं, जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। हालांकि कभी संपत्तिकर तो कभी संपत्ति के दुरुपयोग पर सीलिंग के नोटिस आते रहते हैं, जिससे व्यापारी अपने शोषण का आरोप लगाते हैं। शाहजहांनाबाद क्षेत्र ताक रहा है विकास की राह दिल्ली में लाल किला से लेकर फतेहपुरी मस्जिद तक चांदनी चौक की मुख्य सड़क का सुंदरीकरण का कार्य पूरा हो गया है, लेकिन समस्या इसके अतिरिक्त बचे शाहजहांनाबाद इलाके का विकास अभी भी अपनी सुध लेने की राह देख रहा है। खारी बावली, मटियामहल, कश्मीरी गेट, बल्लीमारान समेत अन्य इलाके अब भी सुंदरीकरण से दूर हैं।

इन इलाकों के सुंदरीकरण के लिए शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम (एसआरडीसी) का गठन कर रखा है, लेकिन इसका काम अभी परवान नहीं चढ़ पाया है। पुरानी हवेलियों को संरक्षित करने की मांग होती रही है, लेकिन विभिन्न एजेंसियों में तालमेल और एसआरडीसी के अधिकारों के अभाव में यह काम लंबित पड़ा है। टैक्स दरें समान नहीं, गलती पर जुमानें की समस्या भी बरकरार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) एक जुलाई 2017 को लागू हुआ था। पूरे देश में एक टैक्स प्रणाली में व्यापारियों को कई सारी परेशानी हो रही थी।

## भाजपा का केजरीवाल पर हमला, कहा-चोर की दाढ़ी पर तिनका

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज आम आदमी पार्टी संस्थापक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुहावरे (लोकोक्ति) की भाषा में हमला बोला है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा है, चोर के मुंह में तिनका (मुहावरा चोर की दाढ़ी में तिनका) है। पूनावाला ने यह टिप्पणी केजरीवाल के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवालों का जवाब देने के लिए नई तारीख मांगने पर की। उन्होंने सवाल किया कि क्या शराब घोटाले का मास्टरमाइंड होने का गंभीर आरोपित अब यह तय करेगा कि वह ईडी के सामने कब पेश होगा? पूनावाला ने कहा, यह बयान बेतुका है कि जिस व्यक्ति पर इस घोटाले में गंभीर आरोप हो, अब वह तय करेगा कि वह कब पेश हो। पूनावाला ने कहा कि चोर के मुंह में तिनका नहीं होता तो वह पेश हो गए होते। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जब केजरीवाल अन्ना हजारे के संरक्षण में थे तो कहते थे पहले इस्तीफा फिर जांच। आज इस्तीफा तो भूल जाइए, जांच में सहयोग ही नहीं कर रहे, क्योंकि वो अब लालू प्रसाद यादव के संरक्षण में हैं। जब से ईडी का समन जारी हुआ है बहाने बना रहे हैं। कभी विपश्यना का तो कभी चुनाव का बहाना बनाते हैं, तो कभी इसे बदले की राजनीति बताते हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा है तो कोर्ट ने समन को रद्द या उस पर स्टे क्यों नहीं लगाया? कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को राहत क्यों नहीं दी? उन्होंने कहा कि केजरीवाल एबीसीडी का राग अलाप रहे हैं। ए का मतलब समन से बचें। बी का मतलब समन से भाग जाओ। सी का मतलब समन से बचो। डी का मतलब समन को डायवर्ट कर दो।

## आम आदमी पार्टी को सुप्रीम कोर्ट से झटका, 15 जून तक खाली करना होगा पार्टी कार्यालय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




सुप्रीम कोर्ट ने राऊज एवेन्यू में दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर बनाए गए अअढ कार्यालय को खाली करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिस जमीन पर आप ने अपना दफ्तर खोला है, वह दिल्ली हाईकोर्ट को आवंटित किया गया था। आप को 15 जून तक दफ्तर खाली करने को कहा गया है।

इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने कार्यालय की जमीन से जुड़े विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। सर्वोच्च न्यायालय को पार्टी ने बताया कि उसने राउज एवेन्यू में दिल्ली हाई कोर्ट की जमीन पर कब्जा नहीं किया है। यह जमीन 2015 में उसे आवंटित की गई थी।

वहीं पार्टी ने कहा कि वह परिसर खाली करने के लिए तैयार है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट यह सुनिश्चित करे कि उसे राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे के अनुसार, एक वैकल्पिक जमीन आवंटित की जाए, जबकि केंद्र सरकार के भूमि एवं विकास कार्यालय ने बताया कि यह जमीन दिल्ली हाईकोर्ट के विस्तार के लिए आवंटित की गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### हथियार तस्कर समेत तीन बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाहदरा थाना पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को 29 फरवरी की रात बाइक पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस ने उनसे पूछताछ कर तलाशी ली एक तमंचा, दो कारतूस बरामद हुए। इस पर पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जांच में मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई। आरोपियों की पहचान मौजपुर के आकाश द्विवेदी और अजय उर्फ शिवम शुक्ला के रूप में हुई। आकाश के खिलाफ 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके बाद उनकी निशानदेही पर हथियार तस्कर अंकित को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि उक्त दोनों आरोपियों को अंकित ने ही तमंचे उपलब्ध कराए थे।

### मारपीट का केस करने पर घर में तोड़फोड़ की

नई दिल्ली। समयपुर बादली इलाके में बदमाशों ने मारपीट का मुकदमा कराने पर पीड़ित के घर में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित की पिटाई की और मुकदमा वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रविवार रात को मुकदमा दर्ज कर लिया है। बादली निवासी धीरज शर्मा ने बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। वह शनिवार को अपने दोस्त हर्ष की शादी में नरेला गया था। बारात में डांस के दौरान हर्ष के चचेरे साले अमित, अजय, धीरज और उनके साथियों से धीरज का विवाद हो गया। आरोपियों ने धीरज की पिटाई की और सिर फोड़ दिया। इसके बाद पीड़ित ने नरेला थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। पीड़ित ने बताया कि रविवार को वह अपने घर पर था। तभी हमलावरों ने घर का दरवाजा तोड़ दिया। इसके बाद घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की। परिजनों ने किसी तरह खुद को एक कमरे में बंद कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद हमलावर भाग गए।

### मुफ्तियों और ईमामों को किया गया सम्मानित

नई दिल्ली। दिल्ली की रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी ने सामाजिक संस्था जम जम फाउन्डेशन के सहयोग से आज मल्का गंज क्षेत्र की मदीना मस्जिद में विभिन्न मस्जिदों व मदरसों के मुफ्तियों और ईमामों को खिदमत अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। इस मौके पर आल इण्डिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ काजी मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन ने रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के संरक्षक मौहम्मद दानिश मतीन, अध्यक्ष शमीम अहमद खान, महासचिव मौहम्मद कादिर, सचिव मौहम्मद कामिल का पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कारी मुस्तफा, कारी मौहम्मद अनीस, मौलाना मौहम्मद शाबान, मुफ्ती अबुल फजल, मौलाना नफीस, कारी शमीम, मुफ्ती ईशाक हक्कानी, मुफ्ती फुरकान, मुफ्ती उस्मान, हाफिज मुस्तकीम, कारी साजिद, मौहम्मद अरशद नदवी, मौलाना मौहम्मद इमरान, मुफ्ती अब्दुल राफे अल कासमी, अनीस अहमद, आदि को खिदमत अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

## नशे की लत ने युवाओं को बनाया चोर, बेटी की शादी के कार्ड बांटने निकले बाप को लूटा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




अपनी बेटी की शादी के कार्ड बांटने निकला एक बाप नशे के पैसे के लिए लूट करने वाले लुटेरों का शिकार बन गया। तीन लुटरों ने अकेला पाकर पीड़ित को बेहोश कर उसकी जेब में रखे पैसे और आधार कार्ड निकाल लिया और लेकर फरार हो गए। होश आने पर पीड़ित ने अपने घर पहुंच घटना की जानकारी दी।

पीड़ित के बेटे ने तुरंत पीसीआर काल की और घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने कुछ दूरी पर ही तीनों आरोपितों को पकड़ लिया। संजय पार्क बलजीत नगर पटेल नगर निवासी 50 वर्षीय मोहर मिश्रा की बेटी की अप्रैल में शादी होनी है। रविवार को शाम लगभग चार बजे बेटी की शादी के कार्ड बांटने के लिए घर से निकले घर से कुछ दूरी पर ही तीन लड़कों ने उन्हें पीछे से आकर पकड़ लिया।

पुलिस की तत्परता से पकडे.पकडे. गए तीनों आरोपी एक ने उनका गला दबाया और बाकि दोनों ने उन्हें मारना शुरू कर दिया। जिससे वह नीचे गिर गए । आरोपित उनकी जेब से हजार रुपये और उनका आधार कार्ड निकाल कर फरार हो गए। होश आने पर अपने घर पहुंच घटना की जानकारी दी, जिस पर उनके बेटे राजू मिश्रा ने तुरंत पीसीआर कॉल की। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच मौका मुआयना किया। घटना स्थल से कुछ दूरी पर पीड़ित को तीनों आरोपित दीवार की साइड में छुपकर खडे. दिखाई दिए। जिस पर पीड़ित ने पुलिस को इसके बारे में बताया और पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। तीनों आरोपितों की पहचान धर्मेश निवासी बलजीत नगर, राम शंकर गिरी निवासी आनंद पर्वत और राहुल निवासी आनंद पर्वत हुई। तीनों आरोपित नशे के आदि है और नशे की लत पूरी करने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था।

## चार सौ का शोर मचाने वालों को नहीं मिल पाएगी दो सौ भी सीटें : परमानन्द शर्मा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

करीब आधा दर्जन लोगो ने तो भाजपा की टिकट ही लेने से मना कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अबकी बार चार सौ पार का नारा लगा रहे हैं। यह कहना है राम नगर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष परमानंद शर्मा का। परमानन्द शर्मा कहते हैं भाजपा इस बार दो सौ का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। परमानन्द शर्मा कहते हैं भाजपा के जुम्लो को लोग समझ चुके है। भाजपा लगातार बढती महंगाई और बेरोजगारी को रोकने में नाकाम रही है। ये दोनों देश के बड़े मुद्दे है जबकि भाजपा झूठ तथा भ्रम फैलाते हुए लोगो का ध्यान भटकाने के लिए धर्म का सहारा लेती है। परमानन्द शर्मा कहते हैं ऐसा नहीं है कि भाजपा को इस बात का आभास नही है, लेकिन लोगों को गुमराह करने के लिए भाजपा केवल भ्रम फैलाने के लिए इस नारे का प्रयोग कर रही है। भाजपा नें अपने दस साल के कार्यकाल में महंगाई और बेरोजगारी बढाई है। भ्रस्टाचार बढ़ा है, देश पर लगातार कर्जा बढ़ रहा है फिर कौन सी उपलब्धि के दम पर भाजपा अपनी सीटें बढने का दावा कर रही है। परमानन्द शर्मा कहते हैं देश की जनता को हर मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी गुमराह करती है और भाजपा के नेताओं को इस काम में महारत हासिल है। भाजपा को अच्छे से मालूम है इस बार उनकी सरकार नहीं बनने जा रही बावजूद इसके हल्ला मचाया जा रहा है इस बार चार सौ के पार।

### दिल्ली सरकार का शिक्षा पर जोर

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के 10वें बजट में वित्त मंत्री आतिशी ने इस साल शिक्षा के लिए 16 हजार 396 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान किया है। अपने बजट भाषण में आतिशी ने शिक्षा को लेकर कहा कि केजरीवाल सरकार लगातार अपने बजट का सबसे बड़ा हिस्सा शिक्षा को देती आई है। इस साल भी बजट का सबसे बड़ा हिस्सा शिक्षा को आवंटित किया जा रहा है। आतिशी ने कहा कि चीफ मिनिस्टर सुपर टैलेंटेड कोचिंग स्कीम सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए जेईई (मेन/एडवांस) एवं नीट परीक्षाओं की तैयारी में मदद करती है। इसके तहत 600 विद्यार्थियों को वर्ष 2023-24 में छात्रवत्ति के लिए चुना गया है। खेल भी पढ़ाई जितना महत्वपूर्ण है। दिल्ली में खिलाड़ियों को बेहतर स्पोर्ट्स सुविधाएं मिल सकें।

## भाजपा ने किया नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की तरफ से सूरजमल विहार स्थित यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास नारी शक्ति वंदन मैराथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, विधायक ओम प्रकाश शर्मा, विधायक अनिल वाजपेयी, शाहदरा जिला भाजपा अध्यक्ष संजय गोयल शामिल हुए। संचालन शाहदरा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अपर्णा गोयल ने किया। सचदेवा ने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार में जिस तरीके से महिला शक्ति को बढ़ावा दिया है। इसकी झलक पूरे देश में देखने को मिल रही है। 2014-15 आर्म्ड फोर्स में केवल 3 हजार महिला अधिकारी थी। आज उनकी संख्या 10 हजार से ज्यादा है। उज्वला योजना के तहत 12 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को फ्री गैस कनेक्शन दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा मकान दिए गए। इसमें 66 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं। जन धन योजना में भी 55 प्रतिशत से ज्यादा खाता महिलाओं के खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश है देश की नारी सशक्त होगी तो हमारा समाज सशक्त हो गया।

कार्यक्रम की संचालक शाहदरा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अपर्णा गोयल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन मैराथन के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए किए गए कार्यों को लोगों के बीच पहुंचाया जा रहा है। साथ ही यह भी बताने का प्रयास किया गया है कि और भी कई कार्य कर रहे हैं जिसके लिए हमें आगे भी मोदी सरकार की जरूरत है।

गोयल ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है। महिलाओं के लिए मोदी सरकार नई योजना को लेकर आई है जिसका फायदा करोड़ों महिलाओं को मिला है। इसमें प्रमुख रूप से उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, शौचालय योजना, ऋण योजना शामिल है। अपर्णा गोयल ने कहा कि मोदी सरकार के प्रयास से ही महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है।

### दिल्ली की बुजुर्ग महिलाएं केजरीवाल सरकार के 10वें बजट से निराश, जानें वजह

नई दिल्ली। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने विधानसभा में अपना पहला और केजरीवाल सरकार का 10वां बजट पेश किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पटल पर 76,000 करोड़ रुपये का बजट रखा। बजट की शुरूआत जय श्रीराम के नाम से हुई। बजट में ऐलान हुआ कि 18 साल से अधिक उम्र की महिला को केजरीवाल सरकार प्रत्येक महीने 1 हजार रुपये देगी। मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के लिए बजट में 2,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। मगर, बजट से बुजुर्गों को बड़ी निराशा हाथ लगी है। इस बार भी वृद्धावस्था पेंशन में राशि नहीं बढ़ाई गई है। दिल्ली के बुजुर्गों ने इस पर अपनी अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दी है। 1000 रुपए देना चुनावी राजनीतिः 72 वर्षीय शशि बाला ने बताया कि उनको इस बार के बजट में काफी उम्मीद थी कि वृद्धा पेंशन में बढ़ोतरी की जाएगी। लेकिन, इस बार भी पेंशन राशि में कोई बदलाव नहीं किया गया। पिछले 9 वर्षों में केजरीवाल सरकार ने वृद्धा और विधवा पेंशन में एक रुपये की भी वृद्धि नहीं की है। कई बार 2-2 महीने तक पेंशन अकाउंट में नहीं आती है। ये खास तौर पर विधवा और वृद्ध बुजुर्ग महिलाओं के साथ नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि अगर बात करें तीर्थ यात्रा की तो इसका फायदा विधायकों के जानने वालों को मिलता है। हमने कई बार आवेदन किया, लेकिन अब तक लाभ नहीं उठा पाई। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने अपने 2024-25 के बजट में 18 वर्ष की ऊपर की महिलाओं को 1000 रुपए देने की बात कही है। ये सब चुनावी राजनीति है। अगर चुनाव के बाद समय पर इस राशि का भुगतान किया जाएगा, तब माने। विधवा पेंशन नहीं बढ़ी तो हुई निराशाः 68 वर्षीय सावित्री ने बताया कि उनके अकाउंट में बीते 9 वर्षों से 2500 रुपए विधवा पेंशन आती है। इस वर्ष लोकसभा के चुनाव होने है इसलिए उम्मीद थी दिल्ली सरकार अपने 10वें बजट में पेंशन बढ़ाएगी।

### बीजेपी ने बताया दुशासन का बजट, बोली- एक और गबन की पटकथा लिखी गई है

नई दिल्ली। वित्त मंत्री आतिशी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार का 10वां बजट पेश किया। दिल्ली सरकार ने दावा किया कि ह्यराम राज्यह्ल की अवधारणा पर आधारित 76 हजार करोड़ रुपए के बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। मंत्री ने केजरीवाल की तुलना राम से की है। इस पर बीजेपी भड़क गई है। दिल्ली बीजेपी मीडिया प्रमुख शंकर कपूर ने कहा है कि यह बजट रामराज्य नहीं दुशासन का बजट है। कपूर ने कहा है कि मुझे नहीं लगता यह राम राज्य का बजट है। अगर राम राज्य का बजट होता तो प्रभु श्रीराम जनता के लिए काम करते थे। गबन करने के लिए काम नहीं करते थे। पहले ही 78,000 करोड़ का दिल्ली जल बोर्ड से गबन किया जा चुका है। उसी जल बोर्ड को 72,00 करोड रुपए और दे देना एक और गबन की तैयारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की बात करने वाले लोग अगर कहीं नया कॉलेज, नई स्कूल, नई टीचर्स की भर्ती, नई प्रिंसिपल की भर्ती, स्कूलों में साइंस कॉमर्स पढ़ाने की बात करते तो हम मानते रामराज्य का बजट है। लेकिन सब जो किया गया है। केवल और केवल एक नए गबन की तैयारी के लिए किया जा रहा है। यह रामराज्य का बजट नहीं है। यह दुशासन का बजट है। वित्त मंत्री के केजरीवाल की तुलना भगवान राम से करने पर कपूर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी राम भक्त केजरीवाल के सामने जो राजनीतिक परिस्थितियां है उसमें उनकी तुलना मयार्दापुरुषोत्तम राजा राम से करेगा। राजाराम मयार्दा के प्रतीक थे। प्रभु श्रीराम ने बड़ी सादगी से जीवन जिया, उन्होंने अपने पिता के वचन को निभाने के लिए 14 वर्ष का वनवास काटा। दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं को 1,000 प्रतिमाह दिए जाने की घोषणा पर कहा कि वित्त मंत्री ने कोई व्यवस्था नहीं की है। कोई एडमिनिस्ट्रेशन नहीं है। किसके तहत यह महिलाओं को 1000 प्रतिमाह देंगे।

## विधि और न्याय विभाग को 3098 करोड़ का बजट, जिला अदालतों में विकसित होगी हाइब्रिड सुनवाई की सुविधा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार के 10वें बजट को पेश करते हुए वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार शानदार न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकार ने तीन नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनवाने को मंजूरी दी है। जिनकी कुल लागत एक हजार 108 करोड़ रुपये है। सरकार ने बड़े स्तर पर जजों की नियुक्तियों पर भी काम किया है। उन्होंने कहा कि जिला अदालतों में हाइब्रिड सुनवाई के लिए एक नई योजना का भी प्रस्ताव है। इस योजना के लिए 2024-25 के बजट अनुमान में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। विधि एवं न्याय विभाग व न्यायालयों के विभिन्न कार्यों के लिए 2024-25 के बजट में तीन हजार 98 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। न्याय के क्षेत्र में पिछले कार्य भी गिनाएः दिल्ली सरकार का विधि विभाग संभाल रही आतिशी ने बजट पेश करने के दौरान बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार आने से पहले दिल्ली में कोर्ट का बजट 760 करोड़ रुपये होता था। जिसे हमारी सरकार ने बढ़ाकर आज 3098 करोड़ तक पहुंचा दिया है। पिछले 10 सालों में दिल्ली में कोर्ट रूम की संख्या 512 से बढ़कर 749 तक पहुंच गई है। इसी तरह जजों की संख्या 726 से बढ़कर 840 हो गई है। पिछले सालों में सरकार ने दिल्ली में दो नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स कड़कड़डूमा और राउज एवेन्यू में बनाए हैं, जो शानदार हैं। 250 नए कोर्ट रूम बनाने का हमने इस बजट में प्रावधान किया है। ये 250 कोर्ट रूम तीन कोर्ट कॉम्प्लेक्स रोहिणी, शास्त्री पार्क और कड़कड़डूमा में बनेंगे।

वर्ष 2022 में 33 हजार लोगों को दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएसएलएसए) के माध्यम से निशुल्क कानूनी सहायता मिली, तो साल 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर एक लाख 25 हजार पहुंच गया। इन लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता देते हुए दिल्ली सरकार ने फ्री वकील उपलब्ध कराए हैं। दिल्ली सरकार की यह कोशिश है कि कोई गरीब आदमी पैसे की कमी से अपने हक की लड़ाई कोर्ट में लड़ने से वंचित न रहे। इसलिए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निशुल्क कानूनी सहायता का प्रावधान किया गया है। ये होंगे नए कोर्ट कॉम्प्लेक्सः नए बनने वाले तीन कोर्ट कॉम्प्लेक्स में से एक रोहिणी सेक्टर-26 में बनाया जाएगा। इस नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स की इमारत 11 मंजिला होगी। इसमें 100 नए कोर्ट रूम, 270 लॉयर्स चैम्बर सहित अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इस कॉम्प्लेक्स में तीन बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर के साथ 11 मंजिला 2 बिल्डिंग ब्लॉक होंगे। इसकी कुल लागत 714.19 करोड़ रुपये होगी। शास्त्री पार्क के नए डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कॉम्प्लेक्स में 48 कोर्ट रूम्स और 175 लॉयर्स स्टेशन बनाए जाएंगे। इसकी कुल लागत 184.91 करोड़ होगी। तीसरा प्रोजेक्ट कड़कड़डूमा में मौजूदा कोर्ट के पास ही एक एडिशनल कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाना है। इस नए कोर्ट ब्लॉक में 50 नए कोर्ट रूम बनाए जाएंगे। इसकी कुल लागत 199.39 करोड़ होगी।

## आतिशी ने केजरीवाल को श्रीराम तो सत्येंद्र जैन की तुलना हनुमान से की, राममय हुई विधानसभा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विधानसभा सोमवार को बजट पेश करने के दौरान राममय हो गया। वित्त मंत्री आतिशी ने त्रेता युग के रामराज्य की अवधारणा पर दिल्ली का बजट पेश किया। उन्होंने चौपाइयों के जरिए रामराज्य का व्याख्यान किया। मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की तुलना राम और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की तुलना हनुमान से की। दिल्ली में रामराज्य हो इस आधार पर व्यवस्थाओं व सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए 76 हजार करोड़ का बजट पेश किया गया। रघुकुल रीति सदा चलि आई। प्राण जाए पर वचन न जाई चौपाई के आधार पर वित्त मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तुलना भगवान राम से की और कहा कि वह अपने वचन के पक्के हैं। जिस तरह महाराज दशरथ द्वारा माता केकैयी को दिए वचन को पूरा करने के लिए प्रभु श्रीराम सबकुछ त्याग कर 14 साल के लिए वनवास पर चले गए थे। उसी तरह मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से वादा किया था कि वह लोगों को बेहतर जिंदगी देंगे। बच्चों को शानदार शिक्षा देंगे। बेहतर स्वास्थ्य सुविदा देंगे। इन वचनों को पूरा करने के लिए केजरीवाल ने भी बहुत मुश्किलों का सामना किया। विरोधियों ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन जिस तरह भगवान राम पीछे नहीं हटे। उसी तरह केजरीवाल भी अपने वादों से पीछे नहीं हटे।

सत्येंद्र जैन को हनुमान तो सिसोदिया को भाई बतायाः आतिशी ने दिल्ली में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए कामकाज के लिए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह रामभक्त हनुमान आपदा की घड़ी में संजीवनी का पर्वत ही उखाड़कर लाए थे। उसी तरह सत्येंद्र जैन ने दिल्ली की चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था को पुनर्जीवित किया। वहीं, आतिशी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया को भाई बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। भाजपा ने बजट को राममय करने का पाखंड बतायाः दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बजट को झूठ का कागजी पुलिंदा बताया। उन्होंने कहा कि जो लोग राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं अब उन्हें भगवान श्रीराम की याद आ रही है। बजट भाषण में आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की हनुमान जी से तुलना करने को बिधूड़ी ने शर्मनाक बताया। बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल स्वयं श्रीराम मंदिर के निर्माण का विरोध करते रहे हैं। उनके एक मंत्री ने हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। यही नहीं, कांग्रेस ने भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाया और राम मंदिर के निर्माण का अदालत में विरोध किया। आज तक कांग्रेसी नेता अयोध्या में श्रीराम के दर्शन करने नहीं गए। आज आम आदमी पार्टी उसी कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और जब सारा विश्व श्रीराम के समक्ष नतमस्तक है तो दिल्ली के बजट को राममय करने का पाखंड किया जा रहा है।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## विजयी चेहरों की सूची

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है, उसमें निरंतरता के साथ-साथ परिवर्तन और नयापन भी है। सामाजिक न्याय का भी संदेश दिया गया है, क्योंकि ओबीसी के 57 उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। अनुसूचित जाति के 27 और जनजाति के 18 नामों को भी स्थान दिया गया है, हालांकि उनकी निश्चित सीटें आरक्षित होती हैं। भाजपा ने अपने बुनियादी जनाधार सामान्य वर्ग की अनदेखी भी नहीं की है, क्योंकि सूची में उसके 93 चेहरों को शामिल किया गया है। 28 महिला उम्मीदवार भी तय किए गए हैं, हालांकि उनका 14 फीसदी प्रतिनिधित्व कम है। संभव है कि अगली सूचियों में यह संख्या बढ़ाई जाए! भाजपा की सूची में सामाजिक न्याय और सामाजिक इंजीनियरिंग की ऐसी झलक है, जो विपक्ष के जातीय गणना के मुद्दे का करारा जवाब है। प्रधानमंत्री मोदी की सिर्फ चार जातियों-गरीब, महिला, युवा, किसान-पर भी खासा फोकस रहा है। सूची में 47 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनकी उम्र 50 साल से कम है, लिहाजा भाजपा की अगली पीढ़ी तैयार करने की भी रणनीति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 195 में से भाजपा ने 155 सीटें जीती थीं। ये अधिकतर विजयी चेहरे और भाजपा की जीत के सूत्रधार माने गए हैं, लिहाजा चुनावों की अधिकृत घोषणा से पहले ही इन नामों का ऐलान किया गया है, ताकि संभावित जीत में कोई भी गुंजाइश न रहे। किसी भी राष्ट्रीय दल ने अभी तक इतने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इनमें 53 सीटें ऐसी हैं, जहां 2019 में भाजपा 2.50 लाख से 6.89 लाख वोट के अंतर से जीती थी। भाजपा का लक्ष्य अधिकतम सीटें जीतने का है। सूची में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी नाम है, जो अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भी मंत्री थे। उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय नेता माना जाता है, क्योंकि वह लगातार संसद में रहे हैं। मोदी सरकार में भी वह लगातार लोकसभा सांसद चुने गए। एक बार फिर वह लखनऊ सीट से चुनाव मैदान में उतारे गए हैं। उनके साथ-साथ सूची में दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज का नाम भी है, जिन्हें नई दिल्ली लोकसभा सीट के लिए, पहली बार, उम्मीदवार तय किया गया है। यही निरंतरता के साथ नयापन भी है। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन समेत पुराने चेहरों को बदल दिया गया है। सिर्फ मनोज तिवारी को उनकी सीट पर बरकरार रखा गया है। प्रख्यात क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सक्रिय राजनीति से मुक्त किए जाने का आग्रह भाजपा अध्यक्ष नड्डा से किया है। बहरहाल सबसे बड़े राज्य उप्र में फिलहाल 51 उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। लगभग सभी को दोबारा अवसर दिया गया है, लेकिन अयोध्या, रायबरेली, वरुण गांधी की पीलीभीत, मेनका गांधी की सुल्तानपुर सरीखी अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील सीटों पर प्रत्याशियों के चयन अभी किए जाने हैं। सूत्रों के मुताबिक, शायद वरुण गांधी को इस बार टिकट न दिया जाए! भाजपा ने चार पूर्व मुख्यमंत्रियों-शिवराज सिंह चौहान, अर्जुन मुंडा, बिप्लव कुमार देव, सवानंद सोनोवाल-को भी लोकसभा चुनाव की रेस में शामिल किया है। वैसे शिवराज 18 साल से अधिक समय तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उससे पहले वह लोकसभा में विदिशा का ही प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए सुषमा स्वराज को भी विदिशा से जितवाया था। भाजपा ने तीन मंत्रियों समेत 34 सांसदों के टिकट काटे हैं, लेकिन 34 मंत्रियों पर दांव भी लगाया है। मनसुख मांडविया, राजीव चंद्रशेखर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेंद्र यादव, सोनोवाल, वी. मुरलीधरन, पुरुषोत्तम रुपाला आदि केंद्रीय मंत्री राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन अब वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब यह है कि पैरालंपिक चैम्पियन भाला खिलाड़ी देवेंद्र झाझडिया को भी राजस्थान की एक सीट पर उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने इस बार केरल से 12 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, जिनमें अब्दुल सलाम अभी तक इकलौते मुस्लिम चेहरा हैं। हालांकि 2019 में 6 मुस्लिम प्रत्याशी उतारे थे।

## टिकट वितरण में अग्रो-अग्रो भाजपा

राकेश अचल

लोकसभा चुनाव 2024 का आधिकारिक कार्यक्रम घोषित होने से पहले भाजपा ने 195 प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी। कांग्रेस हमेशा की तरह इस मामले में फिर पिछड़ गयी। कांग्रेस में निर्णय लेने की अपनी शैली है।अब आप कह सकते हैं अग्रो-अग्रो भाजपा। भाजपा की हमेशा आगे बने रहने की ललक ही है जो कांग्रेस को लगातार सत्ता से दूर रखे हैं। भाजपा की पहली सूची में मप्र के तमाम दिग्गजों को टिकट दे दिया गया और अनेक का टिकट काट भी दिया गया। ये कतर-ब्योंत कोई नयी बात नहीं है। ये न हो तो नये लोगो को मौका ही न मिले। लेकिन भाजपा ने पहली सूची में मप्र के कुछ ऐसे कार्यकताओं पर भी दांव लगाया है, जो किसी भी दृष्टि से जीतने लायक नहीं है।

मप्र में पिछले आम चुनाव में 29 में से 28 सीटें जीतीं थी, लेकिन पहली सूची से लगता है कि भाजपा इस बार मप्र के भरोसे नहीं है। या फिर भाजपा के पास ऐसा कोई जादू है जिसके बल पर किसी भी प्रत्याशी को जिताया जा सकता है। ग्वालियर-चंबल संभाग से ही शुरू करें तो मुरैना सीट से पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर को प्रत्याशी बनाया गया है। मुरैना से अब तक मप्र विधानसभा के नये अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सांसद थे। पार्टी ने तोमर को संसद से विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल कर लिया। शिवमंगल इन्हीं नरेन्द्र सिंह तोमर के समर्थक हैं। शिवमंगल की छवि नरेन्द्र सिंह तोमर के एजेंट जैसी है। पार्टी में उनका अपना कोई खास वजन नहीं है। कांग्रेस शिवमंगल को आसानी से पराजित कर सकती हैं, लेकिन यदि मुरैना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी खुद चुनाव लड़ें तो बात अलग है। क्योंकि मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र में आने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों में से आधे पर कांग्रेस का कब्जा है।

भाजपा के गढ़ ग्वालियर सीट पर वर्तमान सांसद विवेक नारायण शेजवलकर का टिकट काट कर हाल ही में विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है।भारत सिंह भी पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के समर्थक हैं। मिडिल पास हैं।वे शेजवलकर के मुकाबले बेहतर कैसे मान लिए गए, ये समझना मुश्किल है। कांग्रेस यदि यहां समझदारी से प्रत्याशी लाए तो पासा पलटा जा सकता है। यहां भी मोदी जी का चेहरा दांव पर लगा दिया गया है।

गुना सीट से पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव हारे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को टिकट दिया गया है। सिंधिया को हराने वाले भाजपा के वर्तमान सांसद केपी सिंह ही नहीं भाजपा के तमाम कार्यकर्ता भी अवाक हैं।जिन कार्यकताओं ने सिंधिया को हराया था उन्ही के कंधों पर अब सिंधिया को जिताने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जाहिर है भाजपा अपने कार्यकताओं को बंधुआ समझती है।

आपको याद होगा कि भाजपा ने 2020 में कांग्रेस से भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया इस समय राज्य सभा के सदस्य हैं। उनके स्थान पर सिंधिया के बेटे या बुआ को भी चुनाव लड़ाकर जीत तय की जा सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।अब सिंधिया के बेटे को पांच साल और प्रतीक्षा करना होगी। इस चुनाव में सिंधियाशाही की अग्निपरीक्षा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को खुद भी जीतना है और बाकी की तीन सीटें भी जिताना है।

भाजपा के शीर्ष नेता चाहकर भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को मैदान से नहीं हटा सके। फग्गनसिंह कुलस्ते की जरूरत भाजपा को फिर पड़ी। भोपाल में स्थानीय कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए पूर्व महापौर आलोक शर्मा को प्रत्याशी बनाना पड़ा। जाहिर है कि भाजपा नेतृत्व पर मिशन 400 का भारी दबाव है।

भाजपा को मप्र की सभी 29 सीटों पर विजय के लिए अब जादू ही करना होगा, अन्यथा खजुराहो सीट से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी उलझ सकते हैं। कांग्रेस ने ये सीट समाजवादी पार्टी को दी है। दोनों मिलकर चुनौती तो दे ही सकते हैं। उन्हें भी मोदी नाम ही जिता सकता है।

मप्र की राजनीति की धुरी रहे शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में अपने खास सिपहसालार आलोक शर्मा की लोकसभा में इंट्री सुनिश्चित करने का रास्ता बना दिया तो होशंगाबाद सीट से अपने समर्थक दर्शन सिंह चौधरी को भी टिकट दिला दिया। चौधरी इन दिनों भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं और उनके ही समाज (किरार) के हैं। राजगढ़ सीट से सांसद रोडमल नागर को भी पुनः टिकट दिलाने में वे सफल रहे। नागर भी किरार समाज से आते हैं।

सागर से लता वानखेड़े को टिकट दिलाने में भी तोमर-शिवराज की जोड़ी की ही भूमिका रही है। खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह के भारी विरोध के बाद भी दोनों नेताओं ने उन्हें फिर लोकसभा का टिकट दिलवा दिया। सतना से विधानसभा चुनाव में पराजय झेलने वाले गणेश सिंह के लिए भी शिवराज ने ही जोर लगाया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा अपने समर्थक आशीष दुबे को जबलपुर, सीधी से राजेश मिश्रा, रतलाम से अनीता चौहान को टिकट दिलाने में सफल रहे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कोटे में उनके अपने टिकट के अलावा कुछ नहीं है। टिकट वितरण में सिंधिया को उनकी हैसियत दिखा दी गई। भले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें अपना दामाद कहा था लेकिन दामाद को उनके अपने टिकट के अलावा दिया कुछ नहीं। इसे कहते है भई गति सांप-छछूंदर केरी।

## आया राम गया राम ने लंबे समय से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित किया है

**संसद ने इस मामले का उपयोग भारतीय संविधान में 10वीं अनुसूची को जोड़ने को उचित ठहराने के लिए किया। यह कानून सदन के किसी अन्य सदस्य की याचिका के जवाब में विधायिका के पीठासीन अधिकारी द्वारा सांसदों को दलबदल के लिए अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया स्थापित करता है। कानून के अनुसार, यदि कोई राजनेता स्वेच्छा से अपनी पार्टी छोड़ देता है या हाउस ऑफ कॉमन्स में वोट पर पार्टी नेतृत्व के निदेशों की अवज्ञा करता है, तो वह दलबदल करता है। धारणा यह है कि विधायक इस व्यवहार से पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर रहे हैं। दल-बदल विरोधी विधेयक का उद्देश्य विधायकों को पाला बदलने से रोककर सरकार को स्थिर रखना है। दल-बदल विरोधी कानून ने भारत में बहस और चर्चा के बजाय पार्टियों और संख्या के आधार पर लोकतंत्र लागू किया। इस तरह से यह असहमति और दलबदल के बीच कोई अंतर नहीं करता है, जिससे किसी भी पैमाने पर संसदीय बहस कमजोर हो जाती है। दूसरी ओर, यह कानून राजनेताओं को उनके राजनीतिक दलों से अनिश्चित काल के लिए बाध्य नहीं करता है। विभिन्न परिस्थितियों में विधायक अयोग्य ठहराए जाने के डर के बिना दल बदल सकते हैं। यह कानून किसी पार्टी को किसी अन्य पार्टी के साथ विलय की अनुमति देता है यदि उसके दो-तिहाई सदस्य इसे स्वीकार करते हैं। ऐसे में किसी भी सदस्य पर दलबदल का आरोप नहीं लगता। अन्य स्थितियों में, यदि कोई व्यक्ति अध्यक्ष या अध्यक्ष के रूप में चुना गया था और उसे अपनी पार्टी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। परिणामस्वरूप, वे पद छोड़ने के बाद फिर से पार्टी में शामिल हो सकते हैं।**





**डॉ. सत्यवान सौरभ**
**सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक**

दल बदल आया राम गया राम अभिव्यक्ति के साथ शुरू हुआ, जिसने हरियाणा के विधायक गया लाल द्वारा एक ही दिन में तीन बार पार्टियां बदलने के बाद भारतीय राजनीति में लोकप्रियता हासिल की। यह 1967 में हुआ था। संसद ने इस मामले का उपयोग भारतीय संविधान में 10वीं अनुसूची को जोड़ने को उचित ठहराने के लिए किया। यह कानून सदन के किसी अन्य सदस्य की याचिका के जवाब में विधायिका के पीठासीन अधिकारी द्वारा सांसदों को दलबदल के लिए अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया स्थापित करता है। कानून के अनुसार, यदि कोई राजनेता स्वेच्छा से अपनी पार्टी छोड़ देता है या हाउस ऑफ कॉमन्स में वोट पर पार्टी नेतृत्व के निदेशों की अवज्ञा करता है, तो वह दलबदल करता है। धारणा यह है कि विधायक इस व्यवहार से पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर रहे हैं।

दल-बदल विरोधी विधेयक का उद्देश्य विधायकों को पाला बदलने से रोककर सरकार को स्थिर रखना है। दल-बदल विरोधी कानून ने भारत में बहस और चर्चा के बजाय पार्टियों और संख्या के आधार पर लोकतंत्र लागू किया। इस तरह से यह असहमति और दलबदल के बीच कोई अंतर नहीं करता है, जिससे किसी भी पैमाने पर संसदीय बहस कमजोर हो जाती है। दूसरी ओर, यह कानून राजनेताओं को उनके राजनीतिक दलों से अनिश्चित काल के लिए बाध्य नहीं करता है। विभिन्न परिस्थितियों में विधायक अयोग्य ठहराए जाने के डर के बिना दल बदल सकते हैं। यह कानून किसी पार्टी को किसी अन्य पार्टी के साथ विलय की अनुमति देता है यदि उसके दो-तिहाई सदस्य इसे स्वीकार करते हैं। ऐसे में किसी भी सदस्य पर दलबदल का आरोप नहीं लगता। अन्य स्थितियों में, यदि कोई व्यक्ति अध्यक्ष या अध्यक्ष के रूप में चुना गया था और उसे अपनी पार्टी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। परिणामस्वरूप, वे पद छोड़ने के बाद फिर से पार्टी में शामिल हो सकते हैं। भारत में परित्याग की अनेक घटनाएँ हुई हैं। कई विधायकों और सांसदों ने पार्टियां बदल ली हैं। 91वां संविधान संशोधन अधिनियम-2003 का लक्ष्य मंत्रिपरिषद के आकार को कम करना, दलबदलुओं को सार्वजनिक कार्यालय में प्रवेश करने से रोकना और भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची में सुधार करना था। पहले, विलय को एक राजनीतिक दल के निर्वाचित सदस्यों के एक तिहाई के दलबदल के रूप में परिभाषित किया गया था। संशोधन के बाद इसे कम से कम दो-तिहाई कर दिया गया। अदालत ने विधायक अयोग्यता के मामलों पर विचार करने में स्पीकर की व्यापक शक्ति की भी पुष्टि की।


यद्यपि हमारे देश के विधायकों की ओर से बार-बार और अपवित्र निष्ठा परिवर्तन के कारण होने वाली राजनीतिक अस्थिरता भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची के कारण काफी कम हो गई है, फिर भी भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची के अधिक तर्कसंगत संस्करण की आवश्यकता है। मणिपुर प्रशासन में कुछ मौजूदा विधायक हाल ही में विपक्ष में चले गए, जिससे राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता पैदा हो गई। मणिपुर में दलबदल की यह राजनीति असामान्य नहीं है; हाल ही में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी दलबदल हुआ है। विधानमंडल के सदस्यों द्वारा राजनीतिक दलबदल ने लंबे समय से भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित किया है।

दल-बदल विरोधी कानून ने निर्वाचित प्रतिनिधियों की आवाज को दबा दिया है। विधायकों द्वारा पार्टी अनुशासन का पालन न करना एक राजनीतिक समस्या है, और इसे अधिक आंतरिक पार्टी लोकतंत्र और पार्टी के सदस्यों के विकास के तरीकों के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। भारत के संविधान का एक हिस्सा इसकी मूल भावना के खिलाफ है। यह दसवीं अनुसूची है, जिसे 52वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया था। राजनीतिक दलबदल को रोकने के लिए 1985 में संसद द्वारा पारित किया गया, इसे आमतौर पर दलबदल विरोधी कानून के रूप में जाना जाता है। इसका उद्देश्य एक राजनीतिक दल के टिकट पर चुने गए विधायकों को दूसरे के प्रति अपनी निष्ठा बदलने से रोकना था। इसका उद्देश्य राजनीतिक स्थिरता लाना था।

तब से, इसने हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों की आवाज को दबा दिया है, संवैधानिक कार्यालयों को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है और हमारे लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है। दल-बदल विरोधी कानून 37 वर्षों तक स्थिर सरकारें सुनिश्चित करने में विफल रहा है। कुछ हालिया उदाहरण उद्धृत किये जा सकते हैं।इन विफलताओं के बावजूद, दल-बदल विरोधी कानून को छोड़ने के बजाय उसे मजबूत करने की मांग उठ रही है। मूल प्रश्न यह है कि क्या किसी पार्टी के विधायकों को अपनी वफादारी दूसरे के प्रति स्थानांतरित करने से रोकना कानूनी रूप से संभव है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पैसे के अलावा, ह्लपद के लालच ने विधायकों के दल बदलने के फैसले में प्रमुख भूमिका निभाई।ह्व इसमें बताया गया है कि 1967 के चुनाव के बाद, सात राज्यों में दल बदलने वाले 210 विधायकों में से 116 उन सरकारों में मंत्री बन गए, जिन्हें उन्होंने अपने दलबदल से बनाने में मदद की थी। इससे यह सवाल उठता है कि क्या हमारे प्रतिनिधि केवल अपने राजनीतिक संगठन के प्रति ही जिम्मेदार हैं? या क्या उन लोगों की राय व्यक्त करने की भी उनकी कोई ज़िम्मेदारी है जिन्होंने उन्हें चुना है? भारत में, विधायकों द्वारा पार्टी अनुशासन का पालन न करने का प्रश्न एक राजनीतिक मुद्दा है, जो उनके और उनके राजनीतिक दल के बीच का मुद्दा है। यदि राजनीतिक दल चाहते हैं कि उनके सदस्य पार्टी लाइन पर चलें, तो उनके नेतृत्व को आंतरिक पार्टी लोकतंत्र, संवाद और अपने सदस्यों के विकास के रास्ते को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। असली सवाल यह होगा कि संविधान को उन राजनीतिक दलों की मदद के लिए क्यों आना चाहिए जो अपने सदस्यों को एक साथ नहीं रख सकते। यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि दल-बदल विरोधी कानून हमारी विधायिकाओं के प्रभावी कामकाज से लगातार समझौता कर रहा है।

## सबके प्रति सद्भाव रखने वाले सच्चे मानवतावादी व्यक्ति थे पंडित गोविन्द बल्लभ पंत

**पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का देहान्त 7 मार्च, 1961 को हो गया था। पंत जी 1954 से 1961 तक भारत के गृह मंत्री और उससे पहले कई वर्षों तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। वे लगभग 50 वर्षों तक देश के सार्वजनिक जीवन से जुड़े रहे थे। वे कर्तव्य-परायणता और देश हित को सर्वोपरि मानते थे। भारत सरकार ने पतं जी की असाधारण सेवाओं के सम्मानार्थ उन्हें 1957 में सर्वोच्च पदक भारत रत्न से विभूषित किया था। पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का जन्म 10 सितम्बर, 1887 को अल्मोड़ा जिले के एक छोटे से पर्वतीय गाँव खूंट में हुआ था। उनके पिता मनोरथ पंत गढ़वाल जिले में सरकारी सेवक थे। उनके लिए यह सम्भव नहीं था कि वह अपने परिवार को गढ़वाल में अपने साथ रख सकें। अतः चार वर्षीय गोविन्द को लेकर उनकी माँ अपने पिता राय बहादुर बद्रीदत्त जोशी के पास अल्मोड़ा आ गई। बालक गोविन्द की विद्यालयी शिक्षा-दीक्षा अल्मोड़ा में हुई थी। आठवीं और दसवीं कक्षा में उन्होंने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। 1905 में रैम्जे कॉलेज, अल्मोड़ा से पंत जी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। लगभग 18 वर्ष की आयु में पंत जी ने म्योर सेंट्रल कॉलेज, इलाहाबाद में प्रवेश किया। यह वह समय था जबकि 20वीं सदी के उदय के साथ-साथ भारत में भी नवजागरण आ चुका था। इन्हीं दिनों ह्यवंग भंगह्ण आन्दोलन से भारतीय राष्ट्रवाद को बल मिला। पंडित पंत जो उन दिनों मैक्डॉनल हिन्दू बोर्डिंग हाउस में रह रहे थे, इन सब बातों के प्रति जागरूक थे। यह बोर्डिंग हाउस महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के अथक प्रयत्नों से स्थापित हुआ था और इसके छात्रों का उनसे सीधा सम्पर्क था। अतः मालवीय जी के ऊँचे आदर्शों, परिस्कृत विचारों और चरित्र से पंत जी का प्रभावित होना स्वाभाविक ही था।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा पंडित गोविन्द बल्लभ पंत ने अपनी प्रतिभा, सेवा, लगन और साधनामय जीवन के कारण विराट यश और अपूर्व गौरव अर्जित किया था वह उनके विशाल एवं विलक्षण व्यक्तित्व के सर्वथा अनुरूप था।

पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का देहान्त 7 मार्च, 1961 को हो गया था। पंत जी 1954 से 1961 तक भारत के गृह मंत्री और उससे पहले कई वर्षों तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। वे लगभग 50 वर्षों तक देश के सार्वजनिक जीवन से जुड़े रहे थे। वे कर्तव्य-परायणता और देश हित को सर्वोपरि मानते थे। भारत सरकार ने पतं जी की असाधारण सेवाओं के सम्मानार्थ उन्हें 1957 में सर्वोच्च पदक भारत रत्न से विभूषित किया था। पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का जन्म 10 सितम्बर, 1887 को अल्मोड़ा जिले के एक छोटे से पर्वतीय गाँव खूंट में हुआ था। उनके पिता मनोरथ पंत गढ़वाल जिले में सरकारी सेवक थे। उनके लिए यह सम्भव नहीं था कि वह अपने परिवार को गढ़वाल में अपने साथ रख सकें। अतः चार वर्षीय गोविन्द को लेकर उनकी माँ अपने पिता राय बहादुर बद्रीदत्त जोशी के पास अल्मोड़ा आ गई।

बालक गोविन्द की विद्यालयी शिक्षा-दीक्षा अल्मोड़ा में हुई थी। आठवीं और दसवीं कक्षा में उन्होंने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। 1905 में रैम्जे कॉलेज, अल्मोड़ा से पंत जी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की।

लगभग 18 वर्ष की आयु में पंत जी ने म्योर सेंट्रल कॉलेज, इलाहाबाद में प्रवेश किया। यह वह समय था जबकि 20वीं सदी के उदय के साथ-साथ भारत में भी नवजागरण आ चुका था। इन्हीं दिनों ह्यवंग भंगह्ण आन्दोलन से भारतीय राष्ट्रवाद को बल मिला। पंडित पंत जो उन दिनों मैक्डॉनल हिन्दू बोर्डिंग हाउस में रह रहे थे, इन सब बातों के प्रति जागरूक थे। यह बोर्डिंग हाउस महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के अथक प्रयत्नों से स्थापित हुआ था और इसके छात्रों का उनसे सीधा सम्पर्क था। अतः मालवीय जी के ऊँचे आदर्शों, परिस्कृत विचारों और चरित्र से पंत जी का प्रभावित होना स्वाभाविक ही था।

फरवरी 1907 में गोपाल कृष्ण गोखले के इलाहाबाद आने पर आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मोतीलाल नेहरू ने की। गोखले ने एक घंटे से अधिक समय तक अपने भाषण में देशवासियों से मातृभूमि के लिए सब कुछ न्योछावर करने के लिए कहा। गोखले के इस ओजपूर्ण वक्तव्य का छात्र पंत के संवेदनशील मन पर गहरा असर पड़ा।

1909 में पंडित पंत ने एल०एल०बी० की परीक्षा पास की। वह विश्वविद्यालय में सर्वप्रथम रहे और उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। वह कभी बोलते हुए घबड़ाते नहीं थे और उनके तर्क युक्तिसंगत होते थे। उनकी स्मरणशक्ति भी बहुत तेज थी। पंडित पंत ने नैनीताल में वकालत शुरू की और शीघ्र ही वह कुमाऊ क्षेत्र के अग्रणी वकील बन गए। 1916 में पंत जी ने लखनऊ के कांग्रेस अधिवेशन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कुमाऊ प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था। इस तरह वकालत के साथ-साथ उनका राजनैतिक जीवन भी आरम्भ हो गया। 1926 में जब काकोरी कांड के अमर देशभक्तों पर मुकदमा चलाया गया तो पंडित पंत ने बचाव पक्ष के मुख्य वकील के रूप में अपनी निर्भीकता तथा देशप्रेम का अद्भुत परिचय दिया।

सन 1928 के 29 और 30 नवम्बर को लखनऊ में साइमन कमीशन के बहिष्कार वाले जुलूस में पंडित पंत ने स्वयं अपने ऊपर घुड़सवार पुलिस के प्रहार को झेलकर अपने साथियों को चोट खाने से बचाया। ऐसा था सैनिकोंचित शौर्य पंडित पंत का। लखनऊ में हुए इस प्रहार ने उन्हें जीवन भर के लिये शारीरिक रूप से असमर्थ एवं पंगु बना दिया और वे जीवन पर्यन्त कमर सीधी न कर पाये।

1937 में जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राज्यों में मंत्रिमंडल बनाना स्वीकार किया तो पंत जी उत्तर प्रदेश के कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गये और इस तरह उत्तर प्रदेश में पहला कांग्रेसी मंत्रिमंडल बना। जब सारे मंत्रिमंडलों ने 1939 तक इस्तीफा दे दिया, पंत जी ने अनोखी सूझ-बुझ और दूरदर्शिता से शासन चलाया। व्यक्तिगत सत्याग्रह के कारण सन 1940 में पंत जी एक वर्ष के लिए बंदी बनाये गये और बाद में 1942 के असहयोग आन्दोलन के सिलसले में कांग्रेस कार्यकारिणी परिषद के अन्य सदस्यों के साथ अहमदनगर में कैद रखे गये। दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति पर वह केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य चुन लिये गये और साथ ही उत्तर प्रदेश संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष भी निर्वाचित हुए।पंत जी पुनः 1946 में उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए और मुख्यमंत्री बने। पंत जी ने अपने लगभग आठ वर्ष के कार्यकाल में जनसाधारण की दशा सुधारने का यथाशक्ति प्रयास किया। उन्होंने जमींदारी प्रथा की समाप्ति की, तराई के विस्तृत क्षेत्र के विकास के लिए वहाँ पर कर्मठ और परिश्रमी किसानों को बसाया। मुख्यमंत्री के रूप में पंत जी के कुशल शासन का ज्वलंत प्रमाण था 1947 के हिन्दू-मुस्लिम दंगों के दौरान उत्तर प्रदेश में शान्ति बनाए रखना जबकि पूरे देश में साम्प्रदायिकता का विष फैल रहा था। पंत जी विनम्र प्रकृति के थे, चाहे मित्र हो, चाहे विरोधी सबके प्रति उनका व्यवहार नम्र था। वे शांति प्रिय और सबके प्रति सद्भाव रखने वाले सच्चे मानवतावादी व्यक्ति थे। उनकी योग्यता, नम्रता, सच्चाई और सरलता तथा निस्पृयता की कहानी आज भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

## दुनिया की सबसे महंगी अनंत-राधिका अंबानी की शादी

सनत जैन

भारत के गुजरात में दुनिया की सबसे महंगी शादी का रिकॉर्ड बनने जा रहा है। इस शादी के प्रीवेडिंग में 1000 करोड रुपए से अधिक घोषित रूप से, तथा अघोषित रूप से करोड़ों रुपए खर्च हुएहैं। दुनिया की यह सबसे महंगी शादी है। अनंत और राधिका की शादी ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। मुकेश अंबानी ने अपनी बेटी ईशा अंबानी की शादी में लगभग 700 करोड रुपए खर्च किए थे। अपने बेटे अनंत अंबानी की शादी में 1000 करोड रुपए से ज्यादा घोषित रूप से खर्च किए हैं। भारत में सबसे महंगी शादी का विश्व रिकॉर्ड होगा। इस शादी में दुनिया भर से मेहमान भारत आए हैं। 1 मार्च से लेकर 3 मार्च तक बड़े स्तर पर प्री वेडिंग के फंक्शन रखे गए हैं। लाइव फंक्शन और लाइट डेकोरेशन में करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं। इंटरनेशनल स्टार रिहाना और बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह के लाइव शो में एक अरब रुपए से ज्यादा खर्च किए गए हैं। मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी की जब शादी हुई थी। ईशा की शादी ने सबसे महंगी शादी का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उस शादी के रिकॉर्ड को मुकेश अंबानी ही तोड़ने जा रहे हैं। अनंत और राधिका की शादी में 1000 करोड रुपए से अधिक खर्च कर रहे है। अनंत राधिका की प्री वेडिंग गुजरात के जामनगर में हो रही है। शादी मुम्बई में होगी। अनंत की दादी का जन्म जामनगर में हुआ था। जामनगर से ही धीरूभाई अंबानी ने अपने बिजनेस का सफर शुरू किया था।मुकेश अंबानी ने भी जामनगर से अपने बिजनेस को आगे बढ़ाया। गुजरात के जामनगर को दुनिया भर में यादगार बनाने के लिए, जामनगर में प्री वेडिंग का आयोजन किया गया है। दुनिया भर से मेहमानों को जामनगर आमंत्रित किया गया। 10 दिनों के लिए जामनगर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा भारत सरकार ने दिया है।100 से अधिक निजी जेट विमान जामनगर पहुंचे हैं। दुनिया में अनंत और राधिका की शादी ने एक इतिहास रच दिया है।सबसे महंगी शादी का यह वर्ल्ड रिकॉर्ड बनना तय है। मुकेश अंबानी दुनिया के 10 सबसे बड़े धनवानो में शामिल हैं। उस हिसाब से शादी में यदि वह 1000 करोड रुपए से अधिक खर्च कर रहे हैं, तो इसे कोई बड़ी रकम नहीं कहा जा सकता है। भारतीय परिवारों मे शादियों पर भारी खर्च करने का शौक होता है। निम्न और मध्यम वर्ग भी अपनी आर्थिक हैसियत के अनुसार शादी में अपनी सीमा से अधिक खर्च करता है। अनंत अंबानी की शादी में मुकेश अंबानी ने दिल खोलकर अपनी हैसियत के अनुसार सीमित पैसा ही खर्च कर रहे हैं। शादी और प्री वेडिंग के सभी समारोह में हुए खर्च को जोड़ लिया जाए, तो इस शादी मे 2000 करोड रुपए से ज्यादा खर्च किया जा रहा है। मुकेश अंबानी ने आसपास के कई गांव के लोगों को भोजन पर आमंत्रित किया। उन्हें भोजन कराया,अंबानी परिवार ने स्वयं गांव के अतिथियों को खाना परोसा। अनंत अंबानी के बड़े भाई आकाश अंबानी की शादी के खर्च का कोई खुलासा नहीं हुआ।आकाश अंबानी की शादी के स्विट्जरलैंड में प्री वेडिंग सेलिब्रेशन के आयोजन हुए थे। इसमें 500 से अधिक मेहमानों को बुलाया गया था। होटल में 1लाख रुपए प्रतिदिन से अधिक किराए वाले सैकड़ो कमरे बुक किए गए थे। आकाश की शादी का जो कार्ड छपा था। उस कार्ड की कीमत डेढ़ लाख रुपये प्रति कार्ड थी। जामनगर के इस प्री वेडिंग सेलिब्रेशन में कई फंक्शन आयोजित किए गए। 77 करोड रुपए का भुगतान अकेले रिहाना अंतर्राष्ट्रीय सिंगर को किया गया है। बॉलीवुड की हस्तियां जिसमे शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, करीना कपूर और अन्य परिवार के साथ शादी में भाग लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में फिल्मी कलाकार पहुंचे। विदेश से जो मेहमान प्री वेडिंग समारोह में भाग लेने के लिए जामनगर पहुंचे हैं। समारोह की भव्यता और खर्च को देखकर देशी-विदेशी अतिथि हतप्रभ है। विदेशी मेहमानों में आरामको पेट्रोलियम कंपनी के सीईओ, माइक्रो सॉफ्ट के बिल गेट्स, फेसबुक के मालिक जुकरबर्ग, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका, कतर के प्रधानमंत्री, सुंदर पिचाई, इंग्लैंड के क्रिकेटर सेमकरन अपनी गर्लफ्रेंड इसाबेला ओर कई महत्वपूर्ण विदेशी और देसी सेलिब्रिटी अनंत-राधिका अंबानी के प्री वेडिंग समारोह में शामिल हुए हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री सहित कई राजनेता और बड़े-बड़े नौकरशाह भी शादी में शामिल हुए हैं। 3 दिन के शादी समारोह के लिए 220 से ज्यादा पकवान तैयार कराए गए। भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सैफ द्वारा भोजन तैयार किया गया। अनंत अंबानी के शादी की भव्यता, स्पेशल कार्यक्रमों, शादी एवं विभिन्न कार्यक्रमों की सजावट देखकर हर मेहमान आश्चर्यचकित थे। फाइव स्टार होटल की सुविधा वाले सैकड़ो कॉटेज जामनगर में तैयार कराए गए थे। जिस पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। आयोजन स्थल पर आमंत्रित मेहमानों को फाइव स्टार जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। कई विदेशी मेहमानों ने पहली बार भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुसार इस भव्य समारोह के आयोजन देखकर आश्चर्यचकित थे। अनंत और राधिका अंबानी की शादी ने सारी दुनिया में भारत की शान-शौकत को नए रूप में पेश किया है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 05 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### रासेयो स्वयंसेवियों ने किया मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित

धनौरा। भागीरथी देवी महाविद्यालय में रासेयो स्वयंसेवियों ने मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित किया। सोमवार को कार्यक्रम अधिकारी ममता अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित शिविर में स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने कहा कि हम अपने मतदान से ईमानदार और देश के विकास में सहायक सरकार का गठन कर सकते हैं। हमारा दायित्व बनता है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। स्वयंसेवियों ने अनिवार्य मतदान की शपथ भी ली। इस दौरान भूमिका, वंशिका, कल्पना, रीना चिकारा, एके चौहान, सुधा चौहान, संजीव कुमार आदि रहे।

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

धनौरा।क्षेत्र के गांव मलेशिया में सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा संग किया गया। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गांव निवासी यशपाल यादव के आवास पर नौ मार्च तक आयोजन चलेगा। शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। डीजे पर बज रहे भजनों से माहौल भक्तिमयी बन गया। गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए यात्रा कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। कथावाचक लवकुश महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व की जानकारी दी। कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस तरह परीक्षित ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही ये कथा आम मनुष्य को भी अभय बना देती है। इस दौरान हितेश यादव, मनोज यादव, ब्रह्मपाल सिंह, ओमकार, डॉ. सोमवार सिंह, कमलेश, सरिता देवी, पवन शर्मा, प्रभादेवी, प्रियंका आदि रहे।

### आज से शुरू होगा प्रजापति काँवर्ती सेवा शिविर

स्योहारा। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी काँवर्ती भक्तों की सेवा के लिये प्रजापति समाज की ओर से लगने वाले सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रजापति काँवर्त सेवा शिविर के अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया 4 मार्च यानी आज से काँवर्त भक्तों की सेवा करने के लिए सेवा शिविर शुरू किया जाएगा। प्रजापति समाज के द्वारा लगाए जाने वाले कावंरती सेवा शिविर के अलावा भी स्योहारा नगर में महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर कई स्थानो पर कावंरती शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने ने बताया कि इस बार 2 सावन होने के कारण शिव रात्रि का पावन पर्व 8 मार्च को मनाया जाएगा जो कि 15 से 20 दिन देरी से होगा प्रजापति कावंरती शिविर का आयोजन प्रजापति धर्म शाला में किया जायेगा उन्होंने कहा कि भोलों की सेवा करने से ईश्वर प्रसन्न होता है और मन को शांति मिलती है।

### बिजनौर में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की थाना नांगल पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसने फोन कॉल के जरिए एक युवती से दोस्ती की, उसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती जब परेशान हो गई तो उसने पुलिस से युवक की शिकायत की। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, थाना नांगल पुलिस ने अजय उर्फ अर्जुन को शहजादपुर तिराहे से गिरफ्तार किया। 7 फरवरी को पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। पीडिता ने बताया था कि अजय उर्फ अर्जुन ने लगभग तीन साल पहले एक फोन कॉल पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में अभियुक्त वांछित चल रहा था।

### शामली में मामूली कहासुनी पर पति ने की पत्नी की हत्या

उत्तर प्रदेश के शामली जिले के गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में आपसी विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। पुलिस उपाधीक्षक श्रेष्ठा ने सोमवार को बताया कि गढ़ीपुख्ता थाना क्षेत्र के गुराना गांव में शनिवार देर रात ताहिर नामक व्यक्ति की अपनी पत्नी वकीला (54) से किसी बात को लेकर बहस हो गई थी। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट होने लगी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान ताहिर ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से वकीला पर वार कर दिया। वकीला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार शाम को उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# एसीएमओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा का औचक निरीक्षण

## लापरवाह स्वास्थ्य कर्मचारियों पर लिया जाएगा एक्शन: सुशील कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने अपनी समस्त आर.सी.एच. टीम के साथ किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा का औचक निरीक्षण तथा सीपीएम सुधीर कुमार को प्रधानमंत्री वंदन योजना में शिथिल प्रगति के लिए सख्त चेतावनी भी दी। नवनियुक्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर सी एच डॉ. सुशील कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा का औचक निरीक्षण दोपहर 12.30 बजे पहुंचकर किया। इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर बी0 के0 स्नेही समेत अन्य समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुशील कुमार ने अधीक्षक डॉक्टर बी0 के0 स्नेही को निर्देश दिए कि मरीजो को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर मिलना चाहिए। किसी को भी कोई असुविधा बिल्कुल न हो। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं समय पर कराई जाए। साथ ही ओपीडी में आने वाले मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराकर, आवश्यक जांचे भी उनकी कराई जाए। किसी को बाहर से दवाए नही लिखी जाए। साथ ही नियमित रूप से हेल्थ कैंप भी आयोजित करवाये जाए ताकि जनमानस को स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से मिलती रहे तथा पारदर्शिता के साथ आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने पर जोर दे। प्रधानमन्त्री वन्दन योजना के फॉर्म नियमित रुप से डेटा ऑपरेटर से भरवाए जाए। पी एम एस ए दिवस / एच आर पी दिवस जो हर माह की 1,9,16 और 24 तारीख मनाया जाता है पर विशेष ध्यान दिया जाए।ताकि समस्त गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से जांच हो सके। सभी अन्य जनकल्याण कारी स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं को भी जन जन तक पहुंचा कर उनका सही से किर्यान्वयन करे। इसके साथ ही साथ आज ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्योहारा पर आयोजित एएनएम और संगिनी की समीक्षा बैठक में भी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भाग लिया और सभी सम्बन्धित कर्मचारी को तलब कर सख्त चेतावनी दी।पी. एम..वी.वी.वाई योजना में शत प्रतिशत उपलब्धि न मिलने पर बी. सी.पी.एम. सुधीर कुमार को कार्य शैली सुधारने की सख्त चेतावनी दी और समय रहते लक्ष्य के अनुपात में हासिल करने की हिदायत दी। इस दौरान जिले से आई टीम में फैमिली प्लानिंग कॉर्डिनेटर तबस्सुम, रहमत अली, पीएमवीवीवाई कोरडिनेटर प्रशांत कुमार, मेटरनल कंसल्टेंट शमीम जी, टीएसयू की डॉक्टर दीपा गोयल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी वीर सिंह, राजेश कुमार हेल्थ सुपरवाइजर , डॉ0संजय विश्वकर्मा , डॉक्टर राकेश कुमार,अमित कुमार ,योगेश कुमार,हरीश कुमार,प्रदीप रावत , शीशराम , बीसीपीएम सुधीर कुमार, प्रदीप कुमार,मनोज कुमार, भोगराज समेत अन्य स्टॉफ भी इस दौरान मौजूद रहा।

# भाजपा ओबीसी मोर्चे द्वारा किया गया सामाजिक सम्मेलन का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मिलक। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा मिलक ग्रामीण मंडल में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश की सरकारों द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में कार्यकताओं एवं मौजूद लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश की सरकारों ने सबका साथ सबका विकास की नीति के अंतर्गत बिना भेदभाव के काम किया है सभी को योजनाओं का लाभ पहुंचाया है हमारी बहन, बेटी भी आज एंटी रोमियो स्क्वायड के माध्यम से सुरक्षित है।और महिला आरक्षण बिल पास करके महिलाओं को सम्मान एवं भागीदारी देने का काम किया गया है भाजपा की सरकार में प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित एवं सुरक्षा प्रदान की गई है तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए चुनाव जीतने की अपील की गई इस मौके पर जिला अध्यक्ष समेत अनेक पदाधिकारीयो का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुबरपाल यादव, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा दुर्गेश बाबू गंगवार, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, दिनेश कुमार प्रजापति, अमित प्रजापति, डॉ छत्रपाल मौर्य, मंडल महामंत्री दिनेश पाल, चेतराम गंगवार, हरस्वरूप लोधी, ओम प्रकाश चंद्रा, फूलकुबर सागर आदि मौजूद रहे।

# अपनी पर्सनल आईडी से सिम नहीं खरीदेंगे शिक्षक: यशपाल



● सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराएं विभाग: रामवीर

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर/रहरा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर ब्लॉक संसाधन केंद्र चन्दनपुर खादर पर ब्लॉक के शिक्षकों ने सरकार द्वारा स्कूलों में भिजवाए गए टैबलेट को अपनी पर्सनल आईडी पर सिम खरीद कर चलाने के आदेश का पुरजोर विरोध किया और कहा कि जब तक सरकार द्वारा सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं और हमारी मांगों को नहीं माना जाता है तब तक हम अपनी आईडी से सिम खरीद कर टैबलेट चालू नहीं करेंगे।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि टैबलेट से शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी के साथ-साथ डीबीटी, एमडीएम, मिशन प्रेरणा, दीक्षा एप एवं निपुण असेसमेंट के अलावा कई अन्य योजनाओं को इसके माध्यम से संचालित किया जाना है परंतु विभाग द्वारा शिक्षकों को अभी तक सरकारी सिम की व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर हम किसी भी सूरत में अपनी पर्सनल आईडी से सिम नहीं खरीदेंगे। उन्होंने सभी शिक्षक साथियों से इस संबंध में अपनी एकजुटता बनाए रखने का आवाह्न किया।ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने कहा कि यदि सिम डालकर टैबलेट को चलना जरूरी है तो विभाग अपनी आईडी पर शिक्षकों को सिम कार्ड उपलब्ध कराएं और इसके साथ-साथ द्वितीय शनिवार का अवकाश और उपार्जित अवकाश शिक्षकों को जल्द से जल्द प्रदान किए जाएं। अपनी पर्सनल आईडी से सिम खरीदना किसी भी दशा में व्यावहारिकता में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षकों को सरकारी सिम उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं तब तक टैबलेट के सम्बन्ध में हमारा विरोध जारी रहेगा।अंत में खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी के प्रति निधि कार्यालय सहायक नाजिर अली, राहुल सागर,फैजान हस्मत के माध्यम से महानिदेशक बेसिक शिक्षा को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव नागर, संयुक्त मंत्री महताबुद्दीन, योगराज चौहान, अनिल कुमार, करणपाल, देवराज सिंह, मनोज कुमार, हरवीर सिंह, कवेंद्र सिंह, इदरीस अली, शहाबुद्दीन, युसूफ खान, कुलदीप त्यागी, सतीश चन्द्र, परवीन कुमार, पुष्पेन्द्रसिंह, अजयमान, मोहम्मद असलम, धर्मेन्द्र शर्मा, सचिन मलिक, संदीप कुमार, कपिल कुमार शर्मा, विरेंद्र कुमार, मशकूर अहमद, मोनू, नरदेव कुमार, गौतम सिंह, मोहित कुमार, विकास शर्मा, पूजा, मीनल शर्मा, संयोगिता भाटी ,रूफियाअजीज, रचना, अनुराधा, जकिया ,सुधा, बबीता, शहाना परवीन,रितु गिरि, अभिलाषा रानी, ब्रजेश कुमारी, रीमा आदि मौजूद रहे।

# नहर में मिले महिला और बच्ची के शव, शिनाख्त मे जुटी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

मंडी धनौरा।थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर लोहर्रा के पास रामगंगा पोषक नहर से एक महिला व बच्ची का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। पुलिस ने महिला व बच्ची की शिनाख्त की कोशिश की लेकिन उनका पता नहीं लग पाया। महिला की कमर में बंधी रस्सी का दूसरा सिरा बच्ची के हाथ से बंधा हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों में मां-बेटी का संबंध हो सकता है। पुलिस ने शव को मोर्चरी पर रखवा दिया है। रविवार की दोपहर बाद ग्रामीणों को मोहम्मदपुर लोहर्रा के निकट बह रही रामगंगा पोषक नहर के पुल के पिलर से अटका किसी का शव दिखाई दिया।ग्रामीणों ने इसकी सूचना 112 नंबर पर दी। कुछ ही देर में 112 नंबर व थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्होंने ग्रामीण की मदद से उनको बाहर निकाला। महिला की अनुमानित उम्र करीब 30 साल व बच्ची की लगभग चार साल बताई जा रही है।दोनों के शव काफी सड़ गल गए थे। संभावना जताई जा रही है कि महिला ने अपनी बच्ची को रस्सी से बांधकर नहर में छलांग लगाई होगी। पुलिस ने ग्रामीणों से दोनों की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप का कहना है कि महिला व बच्ची के बारे में आसपास के जनपद व थानों को सूचना दी जा रही है। अनुमान है कि महिला व बच्ची नहर के पानी में पीछे से ही बह कर आ रहे होंगे। फिलहाल दोनों के शव मोर्चरी पर रखवा दिए गए हैं।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने की नगर पालिका से नाला निर्माण की मांग



प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी शाखा स्योहारा किसान सभा के मंडल मंत्री इसरार अली और कामरेड चौधरी मशकूर अली एडवोकेट की अगवाई में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों ने नगर पालिका में नाला निर्माण के लिए प्रार्थना पत्र देकर की मांग। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा सयोहारा ने नगर पालिका परिषद में आवेदन देकर अनुरोध करते हुए अवगत कराया कि नगर पालिका स्योहारा के वार्ड नंबर 7 में ठाकुरद्वारा रोड से हाता होकर सार्वजनिक सड़क नगर पालिका स्योहारा के पूर्वी किनारे का पक्का नाला शफीक पुत्र नजीर व कन्हैया के खेतों के पास रुक गया है। आगे नाल ना होने के कारण पानी की निकासी नहीं है उक्त नाले का पानी वहां स्थित खेतों में भर जाने के कारण फसले बर्बाद हो जाती है जिससे किसानों को आर्थिक हानि हो रही है उसे मौहल्ले के आम जन को जल्द से जल्द इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए शफीक पुत्र नजीर व कन्हैया के पास रुके नाले को नरेंद्र कुमार मेंमौरियल इंटर कॉलेज से होकर ठाकुरद्वारा रोड के नाले तक निर्माण कराया जाए। आवेदन पत्र देने वालों में सआदत हुसैन, नईम अहमद ,नफीस अहमद, जमील अहमद, अजय कुमार, हरि सिंह, जावेद अहमद, गोपाल सिंह ,भूरे सिंह, आदित्य सैनी, मुस्तकीम अहमद ,रामचंद्र सिंह,वीर सिंह चौधरी शरीफ अहमद चौधरी उस्मान अली कामरेड मास्टर यासीन उर्फ भोलू पूर्व सभासद ,इकराम अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेल्विक एसिटाबुलर ट्रॉमा विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय अस्थि कार्यशाला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




अमरोहा। श्री वेंकटेश्वरा समूह के विमस संस्थान एवं यू पी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में पेल्विक एसिटेबुलेर ट्रॉमा विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय अस्थि कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें मेरठ, दिल्ली, मुंबई समेत देश के विभिन्न प्रदेशों से आए 125 से अधिक विख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञों ने कूल्हे यानी पेल्विस की विभिन्न चोटो/ ट्रॉमा, घुटना प्रत्यारोपण एवं स्पोर्ट्स इंजरी के उपचार एवं सर्जरी की लेटेस्ट एवं दर्द रहित तकनीक के बारे में विस्तार से समझाया। श्री वेंकटेश्वरा संस्थान के डॉ सीवी रमन चिकित्सा सभागार में आयोजित पेल्विक एसिटेबुलर ट्रॉमा विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय अस्थि कार्यशाला का शुभारंभ समूह अध्यक्ष डॉ सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी, ऑर्थो विभाग के विभागाअध्यक्ष एवं विख्यात ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ नजमुल हुदा, यू पी ऑर्थोपेडिक संगठन के सेक्रेटरी डॉ रजत कपूर, एसजीपीजीआई के डॉ कुमार केशव, केजीएमयू के डॉ धर्मेंद्र सिंह, मेरठ के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर तुषार आनंद, ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेट्री डॉ शाहिद मीर, डॉ अल्ताफ हुसैन आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।अपने संबोधन में विख्यात ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं ऑगेर्नाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ नजमुल हुदा ने कहा कि आज भारत देश में कूल्हा प्रत्यारोपण, घुटना प्रत्यारोपण, एडवांस स्पोर्ट इंजरी की सर्जरी समेत अस्थि रोग में दर्द रहित लेटेस्ट तकनीक द्वारा लाखों लोगों का उपचार कर उनको नया जीवन दिया जा रहा है इंडिया का आथोर्पेडिक विभाग आज तकनीक और एक्यूरेसी के मामले में यूके ,यू एस एवं ऑस्ट्रेलिया की मेडिकल साइंस को भी पीछे छोड़ चुका है।अकेले वेंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस में ही पिछले एक वर्ष में 200 से अधिक लाचार गरीब लोगों को घुटने एवं कुल्हा प्रत्यारोपण द्वारा नया जीवन देखकर उनके जीवन में खुशियां लोटाने का काम किया है।एकदिवसीय ह्राष्ट्रीय अस्थि कार्यशालाह्व को एसजीपीजीआई चंडीगढ़ के डॉ केशव, एएमयू के डॉ अब्दुल कयूम, चेन्नई के डॉ एस श्रीनिवासन, हैदराबाद के डॉक्टर सी संजीव राव, डॉ शाहिद मीर, डॉअल्ताफ हुसैन, डॉक्टर सचिन टूटू, डॉ अर्निम स्वरूप, डॉ गजराज सिंह, मेरठ के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ तुषार आनंद आदि ने भी संबोधित किया। विश्वविद्यालय के प्रतिकूलाधिपति डॉ राजीव त्यागी ने इस शानदार राष्ट्रीय आयोजन के लिए डॉ नजमुल हुदा एवं पूरी ऑर्थोपेडिक टीम को बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जमीउल कुरान में इनामी जलसे का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा। जमीउल कुरान मुनज्जम मकतब दिनयात में एक इनामी जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा नात, तकरीर पेश की गई। इस मौके पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।रविवार को रहमानिया मस्जिद स्थित मदरसा जमीउल कुरान मुनज्जम मकतब दिनयात में एक इनामी जलसे का आयोजन मुफ्ती मोहम्मद उवैस के देख रेख में आयोजित किया गया। जलसे में नन्हे मुन्ने बच्चों ने नात, तकरीर पेश की। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उलमाओं द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मदरसे के संचालक मुफ्ती उवैस अहमद ने बताया कि एक रोजा इनामी जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा नाते पाक, कलमें और तकरीर पेश की गई। इस मौके पर अतिथियों द्वारा बच्चों को इनाम देकर सम्मानित किया गया है। जलसे को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद सालिम अहमद ने कहा कि हमें अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ-साथ दुनिया ही तालीम भी देनी चाहिए। बच्चों को इस बात की ताकीद करें कि अपनी जिंदगी अपने मजहब के हिसाब से गुजारनी चाहिए और जितना हो सके उन सभी बातों से बचना चाहिए जिसको मजहब में मना किया गया है। बच्चों को उम्र के हिसाब से दीन की सभी बातों की जानकारी देते रहना चाहिए ताकि उन्हें पता होना चाहिए कि हमारे मजहब में किस चीज को नाजायज और किस चीज को जायज करार दिया गया है। हमें अपने बच्चों को ऐसी तरबियत देनी चाहिए जिससे हम सभी मजहब के लोगों से मोहब्बत करें और एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े रहे। जलसे के अंत में मुल्क में अमनों अमान की दुआ कराई गई। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद शादाब, कारी मुदस्सिर, मस्जिद के सदर नईम अहमद, हाजी वजीहुद्दीन आदि मौजूद रहे।





# बॉलीवुड में लौट रही हैं मीनाक्षी शेषाद्रि

**बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। मीनाक्षी के फैंस अभी से ही उन्हें देखने को बेताब हो रहे हैं। फिल्म पेंटर बाबू से अपने करियर की शुरुआत करने वाली मीनाक्षी बॉलीवुड में अपनी वापसी के बारे में मीडिया से खुलकर बातें करती नजर आईं।**

### अभिनय जुनून है मेरे लिए

मीनाक्षी शेषाद्री शादी के बाद बॉलीवुड को छोड़ अमेरिका चली गई थीं। हाल ही में, एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा, एक्टिंग मेरे लिए सिर्फ एक काम नहीं है। मेरे लिए यह जुनून है। मेरे खून में अभिनय है। मेरे परिवार को इस बात की जानकारी है और उन्होंने मेरा समर्थन किया है। मैं अब पूरी तरह से अभिनय में रम जाना चाहती हूं।

### अमेरिका में ज्यादा अवसर नहीं

मीनाक्षी शेषाद्री अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं हमेशा से अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनती आई हूं। अमेरिका में मेरे लिए ज्यादा अवसर नहीं थे इसलिए मैं यहां बॉलीवुड में लौट आई हूं। मेरे इस फैसले में सबने मेरा सहयोग किया है। मैं अब अलग तरह की भूमिकाएं निभाना चाहती हूं।

### टाइपकास्ट नहीं होना चाहती

जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही मीनाक्षी शेषाद्री बॉलीवुड के मशहूर निर्देशकों के साथ काम कर चुकी हैं। मीनाक्षी कहती हैं, मैं नए विषयों पर बन रही फिल्मों में काम करना चाहती हूं। मैं टाइपकास्ट नहीं होना चाहती हूं। मीनाक्षी शेषाद्री गुजरे दिनों को याद करते हुए कहती हैं, मैं काफी खुशकिस्मत रही हूं कि मुझे सुभाष घई से लेकर मनोज कुमार जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला था। उन लोगों के साथ काम करके मैंने काफी कुछ सीखा है।



# बस्तर में मेरा किरदार हीरो के लिए लिखा गया

फिल्म द केरल स्टोरी के बाद अभिनेत्री अदा शर्मा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बस्तर – द नक्सल स्टोरी को लेकर काफी उत्साहित हैं। अदा शर्मा मानती हैं कि यह फिल्म उनके करियर की सबसे कठिन फिल्म है। इस फिल्म में अदा शर्मा बस्तर की पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) नीरजा माधवन की भूमिका निभा रही हैं।

**द केरल स्टोरी के बाद आपके व्यक्तिगत और पेशवर जीवन में क्या बदलाव आया?**

व्यक्तिगत जीवन में तो कोई बदलाव नहीं आया है। जैसी थी वैसी ही हूं, प्रोफेशनल जीवन में बदलाव यह आया है कि अब लोगों का विश्वास बढ़ा है। इस फिल्म के बाद इंडस्ट्री के बहुत सारे लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। मुझे बहुत खुशी है कि शाहरुख खान, सलमान खान और रणबीर कपूर जैसे सुपरस्टार की बड़ी–बड़ी फिल्म के साथ लोग मेरी छोटी सी फिल्म का नाम भी ले लेते है। यह बहुत अच्छा लगता है। जब हम इस फिल्म को बना रहे थे तो यह बहुत ही छोटी फिल्म थी। हमारी कोशिश यही थी कि जितने लोगों तक जागरूकता पहुंचे बड़ी अच्छी बात है। लेकिन, इतने लोगों के दिलों तक फिल्म पहुंच जाएगी लोग इतना पसंद करेंगे यह बात हमने नहीं सोची थी।

**द केरल स्टोरी की सफलता के बाद आपको बहुत सारी फिल्मों के ऑफर आए होंगे?**

इस फिल्म के बाद इंडस्ट्री के लोगों में इतना तो विश्वास बढ़ा कि मैं बड़ी फिल्मों का भी हिस्सा बन सकती हूं। ऑफर तो आते रहते हैं, लेकिन अभी भी कुछ अच्छे प्रोजेक्ट्स का इंतजार है। जब मैं किसी फिल्म के लिए न बोलती हूं तो मुझे अच्छा तो नहीं लगता है, मेरी शुरू से ऐसी ही आदत रही है कि मेरी वजह से किसी को दुख न हो। अच्छा काम करना ही मेरी प्राथमिकता है। द केरल स्टोरी के बाद लोगों की मुझसे बेहतर काम करने की उम्मीदें बढ़ी हैं, मुझे लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना है।

**वेब सीरीज सनफ्लावर सीजन 2 करने की क्या खास वजह रही?**

इस सीरीज में मेरा जिस जिस तरह का किरदार है, उस तरह का अतरंगी किरदार मैंने कभी नहीं निभाया था। इस सीरीज में रोजी का ऐसा किरदार है कि बहुत ही प्यार से सबसे काम निकलवा लेती है। इस किरदार को निभाने का एक अलग अनुभव रहा। कोई भी प्रोजेक्ट साइन करने से पहले मैं अपने दिल की सुनती हूं। जब मैं फिल्म 1920 से अपने करियर की शुरुआत कर रही थी तो लोग यही सलाह देते थे कि हॉरर फिल्म मत करो। आप खूबसूरत दिखती हो, फिल्म की हीरोइन जैसी खूबसूरत दिखो। फिल्म में थोड़ा नाच गाना और ग्लैमर होना चाहिए। लेकिन मुझे लगा कि ऐसे रोल किसे मिलते हैं करने के लिए, लोग पूरी जिंदगी भर काम करते हैं फिर भी ऐसी भूमिकाएं निभाने का मौका नहीं मिलता है। जब द केरल स्टोरी कर रही थी तब सब कहते थे कि कमांडो जैसी बड़ी एक्शन फिल्म की है तो ऐसी ही फिल्म करो।

**और, बस्तर – द नक्सल स्टोरी के बारे में क्या कहना चाहेगी?**

इस फिल्म को करने से पहले मैं समझती थी कि द केरल स्टोरी ही मेरे करियर की सबसे कठिन फिल्म हैं, लेकिन अब बस्तर – द नक्सल स्टोरी करने के बाद मैं यह कह सकती हूं कि यह फिल्म मेरे करियर की सबसे कठिन फिल्म है। इस फिल्म में मैं आईजी नीरजा माधवन की भूमिका निभा रही हूं, पहले यह किरदार पुरुष पात्र के हिसाब से लिखा गया था। लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि यह किरदार मुझे करने का मौका मिला है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। हमारे देश के अंदर के ही दुश्मनों ने हमारे 76 जवानों को मार दिया। इस घटना के बारे में तो सबको पता है। यह कितनी दुखद बात है कि हमारे देश में ही हमारे दुश्मन छुपे बैठे हैं।

# जीवन की महत्वपूर्ण पारी की शुरूआत कर रही हैं अभिनेत्री वरलक्ष्मी

साउथ इंडियन सिनेमा की टॉप एक्ट्रेस में से एक वरलक्ष्मी सरथकुमार ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अब वरलक्ष्मी जीवन की नई पारी शुरू करने को तैयार हैं। शनिवार (2 मार्च) को वरलक्ष्मी ने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में दोस्त निकोलाई सचदेव के साथ सगाई कर ली। वरलक्ष्मी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर फैंस के साथ सगाई की तस्वीरें शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीरों में कपल परिवारों के साथ सगाई का जश्न मनाता दिख रहा है। वरलक्ष्मी ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, सगाई...हंसी–मजाक और हमेशा खुश रहने का वादा। वरलक्ष्मी रेशम की साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं, जबकि निकोलाई ने सफेद कुर्ता पहना था। वरलक्ष्मी की मां राधिका सरथकुमार ने भी एक्स पर सगाई की तस्वीरों को शेयर किया। उन्होंने लिखा, वरलक्ष्मी और निकलोई को ढेर सारी खुशियां मिले। उन्होंने परिवार और दोस्तों के बीच मुंबई में सगाई की है। उन्हें आशीर्वाद मिले। हम सभी उनके लिए बहुत खुश हैं। वरलक्ष्मी के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो वह इस साल रायन में नजर आएंगी। फिल्म के डायरेक्टर धनुष हैं, जो लीड एक्टर की भूमिका भी निभाएंगे। वरलक्ष्मी इस साल रिलीज हुई तेजा सज्जा स्टारर सुपरहिट फिल्म 'हनुमान' में दिखी थीं।





# बड़े मियां छोटे मियां स्टार टाइगर श्रॉफ करना चाहते हैं नेगेटिव किरदार

**टाइगर श्रॉफ आने वाले दिनों फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वे पहली बार अक्षय कुमार के साथ एक्शन करते दिखाई देंगे। दर्शकों में अभी से ही उनकी इस फिल्म के लिए काफी क्रेज देखने को मिल रहा है। अभिनेता टाइगर श्रॉफ बॉलीवुड में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने एक्शन फिल्मों के जरिए बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। एक्शन के अलावा टाइगर फिल्मों में बेहतरीन डांस करते भी नजर आते हैं। उनकी आगामी फिल्म, बड़े मियां छोटे मियां रिलीज को तैयार है। हाल ही में, अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान अभिनेता ने अपनी निजी जिंदगी और करियर के बारे में कई खुलासे करते नजर आए।**

### ऋतिक रोशन हैं आदर्श

बॉलीवुड में टाइगर श्रॉफ को उनके मिलनसार स्वभाव के लिए जाना जाता है। दर्शकों में खास कर बच्चों में टाइगर को लेकर अलग क्रेज देखने को मिलता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान टाइगर ने कहा, फिल्म वार के दौरान ऋतिक रोशन ने मेरे किरदार को बुरी तरह से हरा दिया था। उन्होंने मुझे काफी पीटा भी था और मुझे काफी चोट भी आ गई थी। तब मेरे मन में उनके प्रति काफी गुस्सा उमड़ आया था और मैं उनसे बदला लेना चाहता था।

### नेगेटिव किरदार करने की चाहत

टाइगर अपनी जारी रखते हुए कहते हैं, अगर मुझे मौका मिले तो मैं विलेन बनना चाहूंगा। मैं ऋतिक रोशन की काफी इज्जत करता हूं और उनसे काफी कुछ सीखने को मिला है, लेकिन मैं विलेन बनकर उनसे बदला लेना चाहूंगा। वैसे, शायद ये मैं कर न पाऊं क्योंकि उनके सामने मैं असहज महसूस करने लगूंगा।

### टाइगर श्रॉफ का वर्क फंट

टाइगर श्रॉफ आने वाले दिनों फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वे पहली बार अक्षय कुमार के साथ एक्शन करते दिखाई देंगे। दर्शकों में अभी से ही उनकी इस फिल्म के लिए काफी क्रेज देखने को मिल रहा है।

# प्रियंका चोपड़ा ने की नई फिल्म द ब्लफ की घोषणा



प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है, वहीं अब अभिनेत्री ने अपनी एक और नई हॉलीवुड फिल्म की घोषणा कर दी है। प्रियंका ने आधिकारिक तौर पर अपनी नई मनोरंजक फिल्म द ब्लफ की घोषणा कर दी है। हालांकि, बीते कुछ समय से ये खबरें सामने आ रही थीं कि अभिनेत्री ने यह फिल्म साइन की है, लेकिन अब उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए आधिकारिक तौर पर इस पर मुहर लगा दी। फिल्म में प्रियंका हॉलीवुड अभिनेता कार्ल अर्बन के साथ अभिनय करेंगी।

### प्रियंका ने साझा किया पोस्ट

प्रियंका की यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। द ब्लफ का निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स करेंगे। हिट फिल्म बॉब मार्ले- वन लव के सह–लेखन के बाद उन्हें लोकप्रियता मिली थी, इस फिल्म ने दुनिया भर में 120 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की थी। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट साझा किया और लिखा, कभी–कभी हमें आशा होती थी कि यदि हम जिंदा रहे और अच्छे रहे तो भगवान हमें समुद्री डाकू बनने की अनुमति देंगे। वहीं बात करें द ब्लफ की कहानी के बारे में तो यह 19वीं सदी के कैरेबियन पर आधारित है और एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की कहानी है। प्रियंका चोपड़ा समुद्री डाकू की भूमिका निभाएंगी। फिल्म की कहानी परिवार की रक्षा करने के इर्द–गिर्द भी घूमती है। निर्माता फिल्म की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म का निर्माण एजीबीओ के एंथोनी रूसो, जो रूसो, एंजेला रूसो–ओटस्टोट और माइकल डिस्को द्वारा किया जाएगा। वहीं बात करें प्रियंका चोपड़ा की आने वाली फिल्मों के बारे में तो द ब्लफ के अलावा अभिनेत्री के पास कुछ हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिनमें जॉन सीना के साथ हेड ऑफ स्टेट और सिटाडेल 2 शामिल हैं। प्रियंका अभिनेत्री आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म जी ले जरा के जरिए बॉलीवुड में भी वापसी करेंगी।



# वेब सीरीज बैड कॉप के रीमेक में नजर आएंगे गुलशन देवैया

बीता साल अभिनेता गुलशन देवैया के लिए बहुत ही शानदार साल रहा। वह वेब सीरीज दहाड़, गन्स एंड गुलाब्स और दुरंगा सीजन 2 के अलावा फिल्म 8 AM मेट्रो में अलग अलग किरदारों में नजर आए। अब नए साल में भी उनकी कई फिल्में और वेब सीरीज आएंगी, जिनमें वह अलग अलग किरदार निभा रहे हैं। इन दिनों गुलशन अपनी आगामी सीरीज बैड कॉप की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभिनेता गुलशन देवैया की ये वेब सीरीज जर्मन वेब सीरीज बैड कॉप–क्रिमिनल गट की आधिकारिक रीमेक हैं। इस फिल्म को हिंदी में अस्थाई शीर्षक बैड कॉप के नाम से बनाया जा रहा है। पिछले महीने रिलीज फिल्म क्रैक–जो जीतेगा वो जिएगा के निर्देशक आदित्य दत्त इस सीरीज का निर्देशन कर रहे हैं। सीरीज की शूटिंग पिछले तीन हफ्ते से मुंबई के अलग –अलग लोकेशन पर हो रही है। इस सीरीज का प्रसारण डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा।

वेब सीरीज बैड कॉप आठ एपिसोड की है। सीरीज में गुलशन देवैया के अलावा अनुराग कश्यप, हरलीन सेठी, सौरभ सचदेवा और ऐश्वर्या सुष्मिता की मुख्य भूमिकाएं हैं। गुलशन देवैया कहते हैं, मैं अनुराग कश्यप की कई फिल्मों में अभिनय कर चुका हूं, यह पहला मौका है जब इस सीरीज में उनके साथ एक्टिंग करने का मौका मिला है। इस सीरीज के किरदार के लिए मुझे बहुत ही कड़े एक्शन प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा है। इस सीरीज में एक्शन सीन की शूटिंग करते वक्त कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। यह बहुत मजेदार और दर्दनाक भी रहा है। अभिनेता गुलशन देवैया कहते हैं, इस सीरीज में एक्शन सीक्वेंस और स्टंट करना बहुत कठिन था। फिल्म के निर्देशक आदित्य दत्त और एक्शन निर्देशक रवि वर्मा ने ऐसे एक्शन दृश्यों को डिजाइन किया था, जिसके लिए मुझे काफी मेहनत करनी पड़ रही है। यह इतना कठिन था जो बर्दाश्त करने की सीमा से बाहर था। इसके बावजूद हम डटे रहे, क्योंकि एक अभिनेता होने के नाते मैं समझता हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। वेब सीरीज बैड कॉप के अलावा गुलशन देवैया की इस साल दो फिल्में उलझ और लिटिल थॉमस थियेटर में रिलीज होगी। लिटिल थॉमस' बच्चों की फिल्म है। इसके अलावा गुलशन देवैया की इस साल तीन वेब सीरीज आएगी, जिनमें से एक कॉमेडी जॉनर की है।

# बीमार रहते हुए अक्षय ने खत्म किया था जॉर्डन का शूट



सुपरस्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर बड़े मियां छोटे मियां रिलीज को तैयार है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म के ट्रेलर से लेकर इसके गाने तक को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। फिलहाल, मेकर्स और फिल्म की स्टारकास्ट इस फिल्म को लेकर के प्रमोशन में व्यस्त है। हाल ही में एक साक्षात्कार में फिल्म के कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने अक्षय कुमार की जमकर तारीफ की और खिलाड़ी कुमार को फौलाद बताया। गौरतलब है कि अक्षय कुमार की गिनती इंडस्ट्री के सबसे समर्पित अभिनेताओं में होती है। उन्हें समय का भी पाबंद माना जाता है। फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय के साथ काम करने वाले कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने हाल ही में अपना अनुभव साझा किया है, जिन्होंने इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में चार गानों को कोरियोग्राफ किया है। उन्होने कहा कि अक्षय फौलाद हैं, उन्होंने तेज बुखार होने के बावजूद गाने की शूटिंग की। उनका समर्पण और काम कमाल का है। बॉस्को ने आगे कहा, अक्षय अपने काम को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं, वे सेट पर 8 घंटे से ज्यादा काम नहीं करते हैं, लेकिन इन आठ घंटों में वे सेट नहीं छोड़ते हैं। वे वह जॉर्डन शूट के दौरान ठीक नहीं थे, उन्होंने रिहर्सल भी नहीं की थी। उसे 101–102 बुखार था, लेकिन फिर भी उन्होंने शूट किया था। उन्होंने कोई ब्रेक भी नहीं लिया था। हमने बैक–टू–बैक चार गाने शूट किए। इस दौरान मौसम भी ठंड थी, लेकिन वे सेट से बिल्कुल भी नहीं हटे। बॉस्को ने बताया कि अक्षय सेट लोगों में ऊर्जा भर देते थे। बॉस्को ने कहा, वे शूट के बाद शाम को वॉलीबॉल खेलने जाते थे और हम सब कमरे में थके हुए पड़े रहते थे, इसके बाद वे हमें भी वॉलीबॉल के खेलने के लिए बुलाते थे। यह काफी मजेदार था।




## संक्षिप्त समाचार

### अकासा एयर ने अब ग्वालियर को तीन प्रमुख शहरों से जोड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ रही एयरलाइन अकासा एयर ने ग्वाालियर में अपनी उपस्थिति बढ़ाई है। 27 फरवरी 2024 से ग्वा्लियर और मुंबई के बीच नॉनस्टॉप साप्तानहिक उड़ानें और ग्वालियर तथा बेंगलुरु के बीच मुंबई से होकर वन स्टॉ्प की साप्ताहिक उड़ानें होंगी। इसके साथ ही एयरलाइन ने ग्वालियर को तीन प्रमुख शहरों - अहमदाबाद, मुंबई और बेंगलुरु से जोड़ दिया है। 1 फरवरी को अकासा एयर ने अहमदाबाद के लिए और वहां से ग्वा,लियर से परिचालन की शुरूआत की थी। तेजी से हुआ यह विस्तायर ग्वारलियर की तरफ और से हवाई यात्रा की बढ़ रही मांग के कारण है। यह देश की हवाई परिवहन प्रणाली को मजबूत करने के लिये अकासा एयर की सोच के अनुरूप है। इसमें भरोसेमंद परिचालन द्वारा मेट्रोज को टीयर 2 और टीयर 3 शहरों से जोड़ा जाएगा। इसमें शानदार ग्राहक सेवा और फिफायती किराये भी होंगे। अकासा एयर ने अच्छी गुणवत्ता के कई उत्पा द और विशिष्टो सेवाएं पेश की हैं, ताकि यात्रियों को उड़ान का बेहतरीन एवं आरामदायक अनुभव मिले। इसके बिलकुल नये एयरक्राफ्ट पर्याप्त। लेगरूम और आराम देते हैं और ज्या दातर विमानों में यूएसबी पोर्ट्स भी हैं। इस तरह हवाई यात्रा करते हुए अपने यंत्र एवं उपकरण चार्ज किये जा सकते हैं। एयरलाइन की ऑनबोर्ड मील सर्विस कैफे अकासा खाने-पीने की सेहतमंद और स्वाजदिष्टह चीजें देती है। इनमें त्यौ्हारों के लिये मेन्यूनज और उद्योग में पहली बार आए विकल्पक, जैसे कि कोम्बुकचा शामिल हैं। यह ग्राहकों को आसमान में खान-पान का बेहतरीन अनुभव देते हैं। अकासा एयर समय का ध्या न रखने के मामले में लगातार अग्रणी है। परिचालन में उसकी क्षमताओं और ग्राहकों से मिलने वाली बेहद सकारात्मेक प्रतिपुष्टि ने उसे भारत में एक पसंदीदा कॅरियर बनाया है।

### रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का दूसरा संस्करण पेश कर रहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 'लिविंग इट लार्ज' की भावना के साथ सीग्राम का रॉयल स्टैग अपनी तरह के ख़ास म्यूजिक फेस्टिवल, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का दूसरा संस्करण पेश कर रहा है, जिसमें बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा धुनों और हिप-हॉप का बेहतरीन मिश्रण है। इस साल इस म्यूजिकल अनुभव के पहले ऑन-ग्राउंड अनुभव का आयोजन 2 मार्च, 2024 को इंदौर, मध्य प्रदेश में हुआ। यह शहर तब जीवंत हो उठा, जब रॉयल स्टैग बूमबॉक्स में संगीत उद्योग के विपरीत ध्रुव एक नया संगीत, एक नया साउंडस्केप बनाने के लिए एक साथ आए। लगभग 10,000 उत्साहित दर्शकों के साथ इंदौर में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स की युवा ऊर्जा की लहर दौड़ गई। आयोजन स्थल (वेल्वेट गार्डन) जीवंत रंगों और ध्वनियों से जगमगा रहा था। आगंतुकों को एक ही छत के नीचे संस्कृति, व्यापार, भोजन और अनेक इंटरैक्टिव अनुभवों का आनंद मिल रहा था। यह अवसर स्पष्ट रूप से युवा माहौल में डूबा हुआ था, जो इस शहर की जीवंत भावना को प्रतिध्वनित कर रहा था, और एक साल पहले शहर में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के पहले ऑन-ग्राउंड अनुभव की यादें ताजा कर रहा था। इस शाम का समाँ मुख्य कार्यक्रमों के साथ अनेक आकर्षक प्रदर्शनों ने बांध दिया, जिनमें स्थानीय बैंड, डांसर, फ़्लिपर्स और बीटबॉक्सर्स के प्रदर्शन शामिल थे। शाम होते-होते मंच को अली मर्चेंट ने संभाल लिया, और अपने मैशअप्स से उत्सव की आधिकारिक शुरुआत की। इसके बाद रैपर डिनो जेम्स ने हिप-हॉप की लहर से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रात होते-होते गायिका निखिता गांधी की मनमोहक धुनें मंच पर छा गईं। इस कार्यक्रम का समापन अरमान मलिक के मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसने यहाँ उपस्थित सभी लोगों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया। गायक-गीतकार अरमान मलिक ने कहा, संगीत सभी सीमाओं को पार करके लोगों को एक साथ लाता है। मैं लगातार दूसरे साल रॉयल स्टैग बूमबॉक्स से जुड़कर बहुत उत्साहित हूँ। इंदौर में यह एक बहुत दिलकश प्रदर्शन था, और अब मैं इस प्रॉपर्टी के साथ पुणे में अपने अगले प्रदर्शन का इंतजार कर रहा हूं! गायिका निखिता गांधी ने कहा, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के पहले संस्करण में मुझे बहुत मजा आया और मैं एक बार फिर इस अद्वितीय मंच से जुड़कर बहुत खुश हूँ। इस प्रॉपर्टी के साथ एक बार फिर इंदौर में अपने फैन्स से मिलकर बहुत अच्छा लगा और मैं

# लहसुन हुआ सस्ता तो अब बढ़ गए प्याज के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लहसुन के बढ़े दाम से लोगों को राहत मिलने के बीच अब प्याज महंगा हो गया है। शुक्रवार के अपेक्षा शनिवार को आजादपुर सब्जी मंडी में प्याज के थोक दाम में 2 से 3 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्याज के दाम और बढ़ सकते हैं। जानकारी के मुताबिक विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक मार्च को एक अधिसूचना जारी की है। इसमें केंद्र सरकार ने नैशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से बांग्लादेश को 50 हजार टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। जिसके बाद शनिवार को सब्जी मंडी में अचानक प्याज के दाम बढ़ गए।



आजादपुर मंडी ओनियन ट्रेडर्स असोसिएशन के प्रधान श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार ने बांग्लादेश के साथ दुबई में प्याज निर्यात करने का फैसला लिया है। जिसका असर शनिवार को ही सब्जी मंडी में देखने को मिल गया। शुक्रवार को जो प्याज 16 से 24 रुपये प्रति किलो थोक दाम में बिक रहा था वही प्याज शनिवार को 17 से 27 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिका। श्रीकांत के अनुसार आने वाले दिनों में प्याज के दाम में और उछाल आने के संकेत मिल रहे हैं। श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि दिल्ली में हर रोज 70 से 80 गाड़ियां प्याज की आती हैं। लेकिन, सरकार द्वारा प्याज एक्सपोर्ट करने के फैसले से मंडी में प्याज के दाम में उछाल आने लगा है।

### एक्सपोर्ट का गणित

प्याज कारोबारियों के मुताबिक, दिसंबर 2023 से प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी गई थी। जिसके बाद से एक्सपोर्टर परेशान थे। लेकिन 1 मार्च को सरकार के द्वारा एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसमें सरकार एनसीईएल के जरिए एफपीओ से निर्धारित दाम में खरीद करेगी। जिससे मार्केट में प्याज की डिमांड बढ़ जाएगी। हालांकि, इससे थोक कारोबारियों को दिक्कत होगी। क्योंकि कारोबारियों को भी महंगे दर पर प्याज खरीदना पड़ेगा। एक प्याज कारोबारी ने बताया कि प्याज के इस एक्सपोर्ट से कारोबारियों को कोई राहत नहीं मिलने वाली है। हालांकि, अगर सरकार कारोबारियों को खुद एक्सपोर्ट करने की अनुमति देती तो बड़ी राहत मिलती।

### भारत ने यूएई, बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज एक्सपोर्ट की दी अनुमति, वाणिज्य मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

सरकार ने नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। बांग्लादेश को जहां 50,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है, वहीं यूएई को 14,400 टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, ''एनसीईएल के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात को तिमाही 3,600 टन की सीमा के साथ 14,400 टन प्याज का निर्यात अधिसूचित किया गया है। डीजीएफटी वाणिज्य मंत्रालय की इकाई है जो आयात और निर्यात से संबंधित मानदंड को देखती है। बांग्लादेश को निर्यात के बारे में कहा गया है कि इसका तौर-तरीका एनसीईएल उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ विचार-विमर्श में तय करेगा। हालांकि, प्याज के निर्यात पर अभी प्रतिबंध है लेकिन सरकार कुछ मित्र देशों को एक निश्चित मात्रा में इसके निर्यात की अनुमति देती है। इस निर्यात की अनुमति सरकार द्वारा अन्य देशों से मिले अनुरोधों के आधार पर दी जाती है। पिछले साल आठ दिसंबर को सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के मकसद से इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे पहले केंद्र ने अक्टूबर, 2023 में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुदरा बाजार में 25 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बफर स्टॉक के प्याज की बिक्री बढ़ाने का फैसला किया था। कीमतों पर काबू पाने के लिए सरकार पहले भी कई कदम उठा चुकी है। सरकार ने 28 अक्टूबर को 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज निर्यात पर 800 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाया था। अगस्त में भारत ने प्याज पर 31 दिसंबर, 2023 तक 40 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया था।

# एफडी की ब्याज दरें उच्च स्तर पर पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती ब्याज दरों के कारण पहले से अधिक लोग सावधि बचत योजनाओं .में इन्वेस्ट कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, कुल बैंक जमाओं में ऐसे निवेश माध्यमों की हिस्सेदारी दिसंबर 2023 में बढ़कर 60.3 पर्सेंट हो गई है। यह आंकड़ा मार्च 2023 में 57.2 पर्सेंट था।



आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कुल जमाओं में जो वृद्धि हुई, उसमें एफडी की हिस्सेदारी लगभग 97.6 पर्सेंट थी। इस दौरान चालू खाता और बचत खाता जमा की हिस्सेदारी में गिरावट हुई। केंद्रीय बैंक का कहना है कि सावधि जमाओं पर बढ़ता प्रतिफल बैंक जमाओं में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है।

### अधिक ब्याज वाली श्रेणी में अधिक पैसा लगाया

आरबीआई के अनुसार, अधिक ब्याज दर वाली श्रेणी में धनराशि जमा की जा रही है। कुल सावधि जमाओं में सात पर्सेंट से अधिक ब्याज दर वाली एफडी की हिस्सेदारी दिसंबर 2023 में बढ़कर 61.4 पर्सेंट हो गई। यह आंकड़ा इससे एक तिमाही पहले 54.7 पर्सेंट और मार्च 2023 में 33.7 पर्सेंट था। देश में एफडी की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि 2 करोड़ 42 लाख कुल एफडी में करीब 103 ट्रिलियन (करीब 103 लाख करोड़ रुपये) की रकम जमा है। यानी देश में प्रति एफडी औसतन 4.25 लाख रुपये का निवेश किया गया है। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। सर्वे में यह भी कहा गया है कि एफडी लोगों के लिए सबसे पसंदीदा निवेश का विकल्प है।

### एफडी की ब्याज दरें उच्च स्तर पर

इस समय एफडी की ब्याज दरें उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। बीते कई दिनों में बैंकों ने अलग-अलग समय अवधि वाली एफडी पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं और वे सात फीसदी या इससे अधिक का भी ब्याज दे रहे हैं। निवेश विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा वक्त में उपभोक्ताओं के लिए एफडी में निवेश का यह सबसे अच्छा मौका है।

### इसलिए बढ़ी हुई हैं ब्याज दरें

दरअसल, रिजर्व बैंक ने पांचवीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट अभी 6.5 फीसदी के स्तर पर हैं। जब भी इसमें कोई बदलाव होता है तो उसका सीधा असर एफडी पर मिलने वाली ब्याज दरों पर पड़ता है। जब रेपो दर में कटौती होती है तो एफडी पर मिलने वाला ब्याज भी कम हो जाता है। बढ़ोतरी होने पर बैंक अपने पास नकदी को आकर्षित करने के लिए ब्याज बढ़ा देते हैं।

# मूडीज ने 2024 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को 2023 के उम्मीद से मजबूत आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए 2024 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत के विकास के अनुमान को पहले के अनुमानित 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया। कैलेंडर वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी में सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत का विस्तार हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पूरे वर्ष 2023 की बात करें तो जीडीपी में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा कि सरकार की ओर से किए गए पूंजीगत खर्च और मजबूत विनिर्माण गतिविधि ने 2023 में मजबूत विकास परिणामों में सार्थक योगदान दिया है। इसके कारण जीडीपी के आंकड़ों में वृद्धि दिख रही है।




मूडीज ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों के कम होने के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था आराम से 6-7 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर्ज करने में सक्षम हो सकती है। मूडीज ने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के बाद हमने अपने 2024 के विकास अनुमान को 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने 2024 के लिए अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य में कहा, भारत पूर्वानुमानों के अनुसार के अनुसार जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश बना रहेगा। 2025 के लिए, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.4 प्रतिशत अनुमानित है।

मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा, वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में मजबूती, वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी, उपभोक्ताओं के रुझाान और दोहरे अंक में ऋष्टा वृद्धि से पता चलता है कि शहरी उपभोग मांग में लचीलापन बना हुआ है। मूडीज ने आपूर्ति पक्ष पर कहा कि विनिर्माण और सेवाओं के पीएमआई का विस्तार ठोस आर्थिक गति को बदल देता है।

## सहकारिता क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा: सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी का शुभारंभ किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सहकारिता मंत्री अमित शाह नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन किया, जो सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से एक प्रमुख पहल है। एनयूसीएफडीसी शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए एक प्रमुख संगठन है। सहकारिता मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस पहल का उद्देश्य भारत में शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को आधुनिक बनाना और सशक्त करना है, जिससे बैंकों और उनके ग्राहकों दोनों को लाभ होगा।

मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने और सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस अम्ब्रेला संगठन की स्थापना एक और मील का पत्थर साबित होगी। सहकारिता मंत्री नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एनयूसीएफडीसी का उद्घाटनकिया । सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सहकारिता मंत्रालय देश भर में सहकारी प्रयासों को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है।

## भारत ने तंजानिया को 30 हजार टन गैर-बासमती सफेद चावल का होगा निर्यात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने तंजानिया को 30,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल और जिबूती व गिनी बिसाऊ को 80,000 टन टूटे चावल के निर्यात की अनुमति दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से निर्यात की अनुमति है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। विशेष अनुरोध पर खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ देशों को सरकार की ओर से चावल निर्यात की छूट दी जाती है। तंजानिया एक पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्र है, जबकि जिबूती अफ्रीकी महाद्वीप के पूर्वोत्तर तट पर है। गिनी-बिसाऊ पश्चिम अफ्रीका में एक उष्णकटिबंधीय देश है। अधिसूचना के अनुसार, जिबूती को 30,000 टन और गिनी बिसाऊ को 50,000 टन टूटे चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। भारत ने इससे पहले नेपाल, कैमरून, कोटे डी आइवर, गिनी, मलेशिया, फिलीपींस और सेशेल्स जैसे देशों को भी इन निर्यातों की अनुमति दी है। एनसीईएल एक बहु-राज्य सहकारी समिति है। इसे देश की कुछ प्रमुख सहकारी समितियों, जैसे गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ), जिसे अमूल के नाम से जाना जाता है, इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको), कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) और नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नेफेड) द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाता है।



# सैमसंग ने गैलेक्सी एफ15 5जी का

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने गैलेक्सी एफ15 5जी के लॉन्च का एलान कर दिया है। यह पहले के फ़ोनों से अलग तरह का फ़ोन है और यूजर्स को कई सेगमेंट-विशिष्ट खास फीचर्स के साथ एक बेहतर स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करेगा। गैलेक्सी एफ15 5जी अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 6000 एमएएच बैटरी और इस सेगमेंट की अन्य विशिष्ट खूबियों, जैसे कि एसएमोलेड (सुपर एमोलेड) डिस्प्ले, 4 जेनरेशन एंड्रॉइड अपग्रेड और पांच वर्ष तक सिक्योरिटी अपडेट्स के कारण सबसे ख़ास है। इन खूबियों के साथ यूजर आने वाले कई वर्षों तक नवीनतम खूबियों और बेहतर सुरक्षा का आनंद उठा सकते हैं।




सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वाईस प्रेसिडेंट, आदित्य बब्बर ने कहा गैलेक्सी एफ15 5जी का लॉन्च, 2024 में गैलेक्सी स्न सीरीज स्मार्टफोन की हमारी पहली पेशकश है। यह लॉन्च दमदार उपकरणों के जरिए अपने ग्राहकों के जीवन को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। गैलेक्सी एफ15 5जी का लॉन्च उपयोगी इनोवेशन के प्रति हमारे अटूट समर्पण को दर्शाता है जो यूजर्स को अपनी पूरी क्षमता को अनलॉक करने में समर्थ बनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि, एसएमोलेड डिस्प्ले, 4 जेनरेशन एंड्रॉइड अपग्रेड ,पांच साल तक सिक्योरिटी अपडेट और 6000द्बद्ध की सेगमेंट बेस्ट बैटरी जैस सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स के साथ हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि गैलेक्सी एफ15 5जी के साथ यूजर्स, खासकर नई पीढ़ी के तेज़-तर्रार जीवन जीने वाले यूजर्स को स्मॉर्टफोन इस्तेमाल करने का शानदार अनुभव मिले।

### डिज़ाइन और डिस्प्ले

गैलेक्सी एफ15 5जी प्रीमियम सिग्नेचर गैलेक्सी लुक के साथ दिखने में शानदार है। गैलेक्सी एफ15 5जी में शानदार व्यूइंग अनुभव के लिए सेगमेंट-ओनली 6.5 एसएमोलेड (सुपर एमोलेड) डिस्प्ले दिया गया है। एसएमोलेड डिस्प्ले के साथ, सोशल मीडिया फ़ीड के जरिए स्क्रॉल करना तकनीक-प्रेमी जेन जेड और मिलेनियल ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव देता है। यह तेज धूप में भी स्पष्ट दिखाई देता है। ऐश ब्लैक, ग्रूवी वॉयलेट और जैज़ी ग्रीन रंगों में उपलब्ध, गैलेक्सी एफ15 5जी हर शैली से मेल खाने के लिए रंगों के कई विकल्प प्रदान करता है। गैलेक्सी एफ15 5जी सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 6000 एमएएच बैटरी के साथ आता है जो इस स्मार्टफोन को दो दिनों तक पावर दे सकता है। इससे उपयोगकर्ता अपने पसंदीदा मनोरंजन का आनंद ले सकते हैं। इसके अलावा, 25 सुपर-फास्ट चार्जिंग डिवाइस को जल्द चार्ज

## 8 साल से ज्यादा की ऊंचाई पर पहुंचा सरकारी कंपनी भेल के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को तूफानी तेजी आई है। भेल के शेयर सोमवार को 13 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 269.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। सरकारी कंपनी के शेयरों का यह 52 हफ्ते का नया हाई है। भेल के शेयर 8 साल से ज्यादा की ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। सरकारी कंपनी भेल के शेयरों में सोमवार को पिछले साल 1 सितंबर के बाद से एक दिन की सबसे ज्यादा तेजी आई है। सरकारी कंपनी एनटीपीसी के बोर्ड ने सिंगरौली सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के तीसरे चरण के लिए 17195.3 करोड़ रुपये के इनवेस्टमेंट को मंजूरी दी है। इस अप्रूवल के बाद भेल के शेयरों में तेज उछाल आया है। यह प्रोजेक्ट 2×800 मेगावॉट का होगा। एनटीपीसी के इनवेस्टमेंट अप्रूवल से भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के शेयरों में इसलिए तेजी आ रही है, क्योंकि भेल सिंगरौली प्लांट के कंस्ट्रक्शन के लिए इकलौती बिडर थी।

## पोषण उत्सव पुस्तक देश के विभिन्न समुदायों में पोषक आहार को बढ़ावा देगी: बिल गेट्स

### पोषण के अच्छे व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया पोषण उत्सव

**मुंबई एजेंसी।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 29 फरवरी 2024 को द ओबेरॉय में पोषण उत्सव का आयोजन किया। पोषण के अच्छे व्यवहार को बढ़ावा देना तथा कुपोषण उन्मूलन की दिशा में भारत के मौजूदा प्रयासों पर रोशनी डालना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक मामलों की माननीय केन्द्रीय मंत्री श्रीमति स्मृति ज़ुबिन ईरानी तथा बिल एण्ड मेलिंडा गेट्स फाउन्डेशन के को-चेयर श्री बिल गेट्स इस अवसर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर 'पोषण उत्सव पुस्तक' का अनावरण किया गया, साथ ही कार्टून कोएलिशन के लॉन्च की घोषणा की गई। 'पोषण उत्सव पुस्तक' की अवधारणा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा तैयार की गई है, इसे दीनदयाल रीसर्च इंस्टीट्यूट (डीआरआई) ने क्यूरेट किया है। पुस्तक, पोषण की प्राचीन परम्पराओं को पुनर्जीवित करने तथा पोषण के बारे में ज्ञान के आदान-प्रदान की आवश्यकता को बढ़ावा देती है। यह देश में पोषण की विविधता तथा समृद्ध पाक धरोहर की सराहना के लिए व्यापक भंडार के रूप में काम करती है।

एमडब्लूसीडी के सहयोग से पोषण में योगदान एवं सहयोग प्रदान करने के लिए कार्टून कोएलिशन की परिकल्पना पेश की गई है। यह कोएलिशन भारत की प्रतिष्ठित कार्टून संस्थाओं के प्रयासों का परिणाम है, जो लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर्स के माध्यम से मनोरंजन के ज़रिए पोषण का संदेश देते हैं और बच्चों में पोषण की दृष्टि से सकारात्मक व्यवहार उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं। सभा को सम्बोधित करते हुए श्री बिल गेट्स, को-चेयर, बिल एण्ड मेलिंडा गेट्स फाउन्डेशन ने कहा, ''पोषण उत्सव पुस्तक देश के विभिन्न समुदायों में पोषक आहार को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय संदर्भ एवं सांस्कृतिक प्रथाओं के संयोजन का बेहतरीन उदाहरण है। जब आप महिला के जीवन में सुधार लाते हैं, तो इसका समाज पर गहरा असर पड़ता है: महिला पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर आप उसके समुदाय एवं उसके देश में भी सुधार लाते हैं। भारत में हमने पाया है कि इस तरह की प्रगति का गहरा प्रभाव पड़ता है और इसे बड़े पैमाने पर हासिल किया जा सकता है।'' पोषण एवं लिंग अंतराल के क्षेत्र में बिल एण्ड मेलिंडा गेट्स फाउन्डेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए महिला एवं बाल विकास एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 2018 में पोषण अभियान की घोषणा की थी।

# मोहम्मद हफीज को हटाने पर बोले इंजमाम उल हक-पीसीबी के फैसले पर उठाए सवाल



**कराची ।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने मोहम्मद हफीज को हाल में खराब नतीजों के कारण टीम निदेशक पद से हटाने के लिए देश के क्रिकेट बोर्ड की आलोचना की। इंजमाम ने साथ ही कहा कि जब अधिकारी ही टीम के प्रदर्शन के लिए कोई जिम्मेदारी उठाने से इनकार कर रहे हैं तो प्रशासनिक भूमिका निभा रहे पूर्व खिलाड़ियों को निशाना बनाना अनुचित है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-3 की हार के बाद न्यूजीलैंड से टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में मिली 1-4 की हार के बाद पिछले महीने हफीज से नाता तोड़ लिया था। हफीज का अनुबंध शुरू में कम समय के लिए था लेकिन खेल मंत्रालय की सिफारिश के बाद न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के बाद इसे समाप्त कर दिया गया।

इंजमाम ने एक टीवी शो पर कहा, 'क्या कोई मुझे मोहम्मद हफीज को टीम निदेशक पद से हटाने तथा आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे के बाद मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज को बरकरार रखने के पीछे का कारण समझा सकता है। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा, 'क्या दोनों को एक ही समय नियुक्त नहीं किया गया था और दोनों को एक ही जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी तो फिर सिर्फ हफीज को ही जिम्मेदार क्यों ठहराया गया और वहाब रियाज को नहीं?

पिछले साल विश्व कप के दौरान इंजमाम ने मुख्य चयनकर्ता पद से इस्तीफा दे दिया था, उन्होंने पीसीबी से खिलाड़ियों का सम्मान करने का अनुरोध किया। इंजमाम ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि पीसीबी के चेयरमैन का पद बहुत सम्मानजनक है तो क्या पूर्व कप्तान और पूर्व दिग्गज भी बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों से इसी तरह का सम्मान पाने का हकदार नहीं हैं।

इंजमाम ने साथ ही आरोप लगाया कि हितों के टकराव के आरोपों पर बोर्ड के साथ उनके विवाद पर पूर्व पीसीबी चेयरमैन जका अशरफ द्वारा सम्मान नहीं दिखाया गया था। उन्होंने कहा कि अशरफ के रवैये से उन्हें काफी दुख हुआ था। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट इस तरीके से नहीं चलाया जा सकता। अब समय आ गया है जब बोर्ड के अधिकारियों को भी अपने काम के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

## क्रिकेट टीम के दौरे से पहले पाकिस्तान पहुंचा न्यूजीलैंड का सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल



**लाहौर ।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अप्रैल में होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था का जायज लेने के लिए उसका एक प्रतिनिधिमंडल यहां पहुंच गया है। इस प्रतिनिधिमंडल में न्यूजीलैंड क्रिकेट के दो सदस्य और एक स्वतंत्र सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल है। यह प्रतिनिधिमंडल लाहौर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद का दौरा करने के लिए सप्ताहांत में यहां पहुंचा। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैच की श्रृंखला अप्रैल में लाहौर और रावलपिंडी में खेली जाएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने कहा, 'सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल मैच स्थलों और उन होटलों का दौरा करेगा जहां टीम को ठहरना है।

# भारत के खिलाफ तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं ग्रीन

**वेलिंगटन ।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्र्यू मैकडोनाल्ड ने कहा कि स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ दिसंबर में होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं।



पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बजाय ग्रीन ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता शैफील्ड शील्ड में खेल सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला से पहले भी यही रणनीति अपनाई गई थी और ग्रीन ने पहले टेस्ट मैच में 174 रन की नाबाद पारी खेलकर इसे सही साबित किया था। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में बड़ी जीत दर्ज की थी। ग्रीन को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। इसके बजाय उन्होंने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तस्मानिया के खिलाफ शैफील्ड शील्ड का मैच खेला था जिसमें उन्होंने नाबाद 103 रन बनाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अच्छी तैयारी की थी।

मैकडोनाल्ड ने कहा, 'किसी भी खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रखना बड़ा फैसला होता है वह भी तब जबकि वह आपकी सर्वश्रेष्ठ एकादश में शामिल होने की काबिलियत रखता हो। इसलिए मुझे खुशी है कि ग्रीन ने हमारा सुझाव माना और इसके बाद शानदार वापसी की। उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान अगली गर्मियों में भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले की तैयारियों पर है जहां हमें पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और टी20 मैच खेलने हैं। हम सभी जानते हैं कि वह सीमित ओवरों का कितना अच्छा खिलाड़ी है लेकिन आपको अगली गर्मियों की स्थिति को देखकर अपनी प्राथमिकता तय करनी होगी।

ऑस्ट्रेलिया के कोच ने कहा, 'सीमित ओवरों की क्रिकेट महत्वपूर्ण है लेकिन टेस्ट श्रृंखला भी उतनी ही महत्वपूर्ण है इसलिए मुझे लगता है कि (न्यूजीलैंड के खिलाफ) पहले टेस्ट मैच में उसने जो परिणाम हासिल किया है उसे देखते हुए वह शायद हमारे पास आएगा और कहेगा कि क्या भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले मैं शैफील्ड शील्ड के कुछ मैच खेल सकता हूं।

ऑस्ट्रेलिया सितंबर में पांच वनडे और तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा और इसके बाद पाकिस्तान में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जाएगी।

# न्यूजीलैंड को लगा झटका, तेज गेंदबाज दूसरे टेस्ट मैच से बाहर



**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओरूर्के मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में नहीं खेल पाएंगे। ओरूर्के की जगह बेन सीयर्स को टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने न्यूजीलैंड की तरफ से अभी तक 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं लेकिन उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में उन्हें पदार्पण का मौका मिल सकता है। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे भी टीम से बाहर हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान उनके बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा। इस कारण उनका कम से कम आठ सप्ताह तक बाहर रहना तय है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने बताया कि ओरूर्के चार सप्ताह तक बाहर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीयर्स ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। स्टीड ने कहा, 'बेन अच्छे कौशल वाला युवा गेंदबाज है। वह अच्छी गति से गेंदबाजी करता है और उसे अच्छी उछाल मिलती है जो टेस्ट क्रिकेट में बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीत कर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।

# सनराइजर्स हैदराबाद को मिला नया कप्तान



**नई दिल्ली ।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन से पहले पैट कमिंस को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से फ्रेंचाइजी ने इस बात की जानकारी साझा की। पिछले दो सीजन में हैदराबाद की कप्तानी एडेन मार्कराम ने की थी, लेकिन उसे कोई महत्वपूर्ण सफलता नहीं मिली, खासकर आईपीएल 2023 में टीम 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे रही। हालांकि मार्कराम ने एस20 के पहले दो सीजन में हैदराबाद फ्रेंचाइजी की सहयोगी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सफलतापूर्वक ट्रॉफी तक पहुंचाया।

वहीं कमिंस के लिए 2023 शानदार रहा जिसने उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतना, एशेज बरकरार रखना और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में रिकॉर्ड छठे पुरुष एकदिवसीय विश्व कप का दावा करना शामिल है। यह पहली बार होगा जब कमिंस आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करेंगे और हैदराबाद के नए मुख्य कोच डैनियल विटोरी के साथ फिर से जुड़ेंगे, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सहायक कोच के रूप में भी काम करते हैं। वह डेविड वार्नर के बाद हैदराबाद के कप्तान बनने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई भी बन गए जिन्होंने 2015 से 2021 तक 67 मैचों में फ्रेंचाइजी का नेतृत्व किया। पिछले साल दुबई में आईपीएल नीलामी में कमिंस को फ्रेंचाइजी ने 20.5 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वह लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। कमिंस इससे पहले आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रह चुके हैं। आईपीएल 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद 27 मार्च को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी।

# आकाश चोपड़ा ने दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी समस्या का किया खुलासा

भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स को अपने तीसरे स्पिनर को लेकर हमेशा समस्या रही है। डीसी 23 मार्च को अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के अपने शुरुआती मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

आईपीएल 2023 में निराशाजनक प्रदर्शन को भूलाकर आईपीएल 2024 में बेहतर प्रदर्शन की तलाश में होगी। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में आयोजित मिनी-नीलामी में हैरी ब्रूक (4 करोड़ रुपए) सहित कुछ बड़े नामों को साइन किया था जिसमें ट्रिस्टन स्टब्स (50 लाख रु.), रिकी भुई (20 लाख रु.), कुमार कुशाग्र (7.20 करोड़ रु.), रसिख डार (20 लाख रु.), झे रिचर्डसन (5 करोड़ रु.), सुमित कुमार (रु. . 1 करोड़), शाई होप



(75 लाख रुपये) और स्वास्तिक छिकारा (20 लाख रु.) शामिल हैं।

अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स 8 ओवरों के लिए अक्षर पटेल और कुलदीप यादव पर भरोसा कर सकती है, जो बहुत अच्छा है। कुलदीप ने पिछले सीजन में 14 मैचों में 10 विकेट लिए जबकि अक्षर ने 11 विकेट लिए। उन्होंने कहा, दिल्ली तीन स्पिनरों को खेलने में सक्षम नहीं है और अगर वे ऐसा करते हैं, तो तीसरे को 10 में से नौ बार मार पड़ती है। उनके पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के रूप में आठ ओवर का बैंक है, जो बहुत-बहुत अच्छा है।

चोपड़ा ने आगे कहा कि तीसरा स्पिनर दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक कमजोर कड़ी है, उन्होंने जोर देकर कहा कि तीसरा स्पिनर हमेशा उनके लिए एक मुद्दा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स ने लीग चरण में अपने 14 मैचों में से पांच मैच जीते जबकि 9 हारे। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, कुलदीप यादव एक वैध विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और अक्षर पटेल नई गेंद से भी गेंदबाजी कर सकते हैं। उनका तीसरा स्पिनर थोड़ा कमजोर कड़ी बनता है। वे कभी-कभी ललित यादव से गेंदबाजी करवाते हैं और कभी-कभी प्रवीण दुबे को लाते हैं। तीसरा स्पिनर हमेशा एक मुद्दा रहा है।

### आईपीएल 2024 के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम

ऋषभ पंत (कप्तान), प्रवीण दुबे, डेविड वार्नर, विक्की ओस्टवाल, पृथ्वी शॉ, एनरिक नॉर्टजे, अभिषेक पोरेल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, ललित यादव, खलील अहमद, मिशेल मार्श, इशांत शर्मा, यश ढुल, मुकेश कुमार , हैरी ब्रूक, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झे रिचर्डसन, सुमित कुमार, शाई होप, स्वास्तिक छिकारा।

# डेवोन कॉनवे सर्जरी के कारण मई तक आईपीएल से बाहर



**क्राइस्टचर्च ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से ठीक पहले चेन्नई सुपर किंग्स को एक बड़ा झटका लगा है क्योंकि न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को बाएं अंगूठे की सर्जरी करानी होगी और रिकवरी की अवधि कम से कम आठ सप्ताह होने का अनुमान है। ऐसे में वह मई तक आईपीएल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

कॉनवे को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे पर चोट लग गई थी। फिर उन्हें एक्स-रे कराने के लिए मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा जिससे उन्हें स्पष्ट फ्रैक्चर के बारे में पता चला। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, कई स्कैन और विशेषज्ञ की सलाह के बाद कम से कम आठ सप्ताह की संभावित रिकवरी अवधि के साथ कॉनवे पर ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। पुनर्प्राप्ति अवधि आठ सप्ताह होने की उम्मीद है तो यह स्पष्ट है कि कॉनवे आईपीएल के आगामी संस्करण के पहले संस्करण में नहीं खेल पाएंगे, जो 22 मार्च को शुरू होने वाला है।

कॉनवे शुरुआती टेस्ट खेलने के लिए उपलब्ध नहीं थे और हेनरी निकोल्स को पहले टेस्ट के लिए कवर के रूप में बुलाया गया था। निकोलस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम के साथ रहेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कॉनवे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, हम सभी डेवोन के लिए महसूस कर रहे हैं। वह ब्लैककैप्स का एक बड़ा हिस्सा है और हम मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह उसकी उपस्थिति को मिस करेंगे। स्टीड ने कहा, हम उन्हें उनकी सर्जरी के लिए शुभकामनाएं देते हैं और जब वह ठीक होने लगेंगे तो हम उनका समर्थन करने के लिए वहां मौजूद रहेंगे। सीएसके आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत गत चैंपियन के रूप में 22 मार्च को

# फ्रेंच ओपन में 2022 की सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक और चिराग

**पेरिस ।** पिछली तीन प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की अपनी सफलता को दोहराने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। सात्विक और चिराग की विश्व में नंबर एक जोड़ी नवंबर में चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल की बाधा पार करने में नाकाम रही थी। फ्रेंच ओपन में यह भारतीय जोड़ी हालांकि खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के चोटी के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां



पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने चार महीने तक बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी।

दुनिया की 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। प्रतियोगिता में आगे बढ़ने पर उनका सामना तीन बार की पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और वह यहां उससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल लक्ष्य सेन पिछले कुछ समय से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनको पहले दौर में ही जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को भी अपने शुरुआती मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से कड़ी चुनौती मिल सकती है, जबकि युवा प्रियांशु राजावत पहले दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ियां पहले दौर में एक दूसरे के आमने-सामने होंगी।

विमेंस प्रीमियर लीग के इतिहास में पहली बार हुआ इस नियम का इस्तेमाल

# गुजरात जाएंट्स ने बीच मैच में बदला खिलाड़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात जाएंट्स की ऑलराउंडर सयाली सतघरे महिला प्रीमियर लीग में पहली बार कन्कशन सब्स्टीट्यूट बनीं। 3 मार्च, रविवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच विमेंस प्रीमियर लीग 2024 मैच के दौरान सयाली ने दयालन हेमलता की जगह ली।

दिल्ली कैपिटल्स की पारी के 15वें ओवर के दौरान कैथरीन ब्राइस की गेंद पर डीप मिडविकेट पर कैच लेने का प्रयास करते समय हेमलता के माथे पर चोट लग गई।

हेमलता जेस जोनासेन का कैच पकड़ने में नाकाम रहीं। हेमलता ने ना केवल एक आसान सा कैच टपकाया बल्कि खुद को चोटिल भी कर लिया जिसके बाद फिजियो द्वारा उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया।

### सयाली सतघरे कौन हैं?

हेमलता चोटिल होने के बाद शेष मैच से बाहर हो गईं, 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सयाली को उनके कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में मंजूरी दी गई।

# सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बीच जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाए हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। उनकी जगह आकाश दीप को डेब्यू का मौका मिला था। हालांकि इस टेस्ट में भारत को बुमराह की कमी नहीं खली और टीम इंडिया ने 5 विकेट से मुकाबला जीतकर सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल की। हालांकि गावस्कर का कहना है कि दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच 9 दिन का गैप था और तीसरे टेस्ट में बुमराह का 23 ओवर गेंदबाजी करना बिल्कुल थका देने वाला नहीं था। बता दें, जसप्रीत बुमराह ने राजकोट टेस्ट की पहली पारी में 15 तो दूसरी इनिंग में 8 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्हें वर्कलोड मैनेज करने के लिए रांची में खेले गए चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था। हालांकि, वह सीरीज के आखिरी टेस्ट के लिए टीम के साथ फिर से जुड़ गए हैं। सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाते हुए मिड डे के कॉलम में लिखा, राजकोट में तीसरे टेस्ट की पहली पारी में सिर्फ 15 ओवर और फिर दूसरी पारी में आठ ओवर फेंकने के बावजूद, संभवत: ट्रेनर की सिफारिश पर बुमराह को रांची के लिए आराम दिया गया था। उन्होंने आगे कहा, मत भूलो कि दूसरे टेस्ट और तीसरे टेस्ट मैच के बीच नौ दिन का ब्रेक था और पूरे मैच में 23 ओवर गेंदबाजी करना बिल्कुल भी थका देने वाला नहीं है, तो फिर बुमराह को आराम क्यों दिया गया? चौथे टेस्ट के बाद अंतिम टेस्ट मैच से पहले आठ दिन का और ब्रेक मिलने वाला था; बेहद फिट एथलीटों को ठीक होने और देश के लिए खेलने के लिए तैयार होने के लिए यह पर्याप्त समय है। चौथा टेस्ट भी एक महत्वपूर्ण मैच था, अगर इंग्लैंड ने उसे जीत लिया होता तो आखिरी टेस्ट निर्णायक होता। इसलिए चाहे वह एनसीए हो या बुमराह, जिसने फैसला लिया है यह भारतीय

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जारी की हज गाइड 2024, मोबाइल ऐप भी किया लॉन्च



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को हज दिशानिर्देश 2024 जारी किया। इस दौरान उन्होंने हज सुविधा मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया। केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि हाजियों के लिए सुविधाएं सिर्फ अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके लिए कई विभागों से समन्वय किया है। उन्होंने कहा कि हाजियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सभी विभागों के साथ मिलकर एक समन्वय बनाया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल महिला हाजियों की संख्या 4,300 थी, जो इस वर्ष 5160 को पार कर गयी है।

### एनडीआरएफ कर्मियों को दिया जाएगा मृतकों की गरिमा बनाए रखने का प्रशिक्षण



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनडीआरएफ बचावकर्मियों और श्वानदल को मृतकों की सही पहचान करने और उनकी गरिमा बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल ने बताया कि बचावकर्मी मृतकों की पहचान, फारेंसिक और कुत्तों के प्रशिक्षण पर काम कर रहा है। महानिदेशक ने कहा कि मृतक प्रबंधन पर एनडीआरएफ के मौजूदा माड्यूल में एक नया मृतक पहचान अध्याय जोड़ा गया है, जो कर्मियों को बुनियादी पाठ्यक्रम के रूप में प्रदान किया जाता है। इस माड्यूल के हिस्से के रूप में एनडीआरएफ के बचावकर्मियों को यह प्रशिक्षण दिया जाता है कि दुर्घटनाओं और आपदाओं के दौरान शवों को कैसे निकाला जाए और उन्हें सम्मानजनक तरीके से रखा जाए, सड़ गए या टुकड़े हो गए मानव अवशेषों का सम्मान कैसे सुनिश्चित किया जाए, उन्हें एक साथ और बाडी बैग में कैसे रखा जाए।

### एनसीपीसीआर ने की आपत्तिजनक कंटेंट वाले एप के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने उन एप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जिन पर आपत्तिजनक कंटेंट प्रसारित करने का आरोप है। एनसीपीसीआर ने यह कदम एक शिकायत के बाद उठाया है जिसमें इन एप के माध्यम से प्रसारित आपत्तिजनक कंटेंट और इन कंटेंट की बच्चों तक पहुंच को लेकर चिताएं जताई गई हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को लिखे पत्र में एनसीपीसीआर ने लिखा है कि इन एप पर स्कूली बच्चों से जुड़े यौन संबंधों के परेशान करने वाले कंटेंट प्रसारित करने का भी आरोप है। साक्ष्य के रूप में स्क्रीनशाट भी साझा किया गया है। आरोप है कि एप ने नो योर कस्टमर (केवाईसी) या आयु-सत्यापन प्रणाली से जुड़े नियमों का पालन भी नहीं किया गया है। यह यौन अपराधों से बच्चों को बचाने के लिए बने कानून पोक्सो की धारा 11 का उल्लंघन है। एनसीपीसीआर ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीसीआर) कानून की धारा 13 के तहत मामले की पूरी तरह से जांच करने और अश्लील कंटेंट प्रसारित करने वाले एप और प्लेटफार्मों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# कांग्रेस हिमाचल के सियासी संकट पर मंथन को तैयार, लोस चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदलने की संभावना नहीं

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में जल्द ही कांग्रेस में उपजे संकट को लेकर पार्टी में मंथन का दौर शुरू होने के आसार हैं। राज्य में सियासी अनिश्चितता ने विकट स्थिति पैदा कर दी है। कांग्रेस आलाकमान आने वाले दिनों में हिमाचल के मुख्यमंत्री पद पर गंभीरता से विचार करने की तैयारी में है। हालांकि, पार्टी लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदलने को तैयार नहीं दिख रही है। प्रदेश ईकाई में पनपे गहरे अंसतोष को भांपने में नाकाम रही कांग्रेस काफी हद तक असहाय दिख रही है। सूत्रों ने कहा कि आने वाले दिनों में इस मामले की समीक्षा की जाएगी। असंतुष्ट विधायकों ने कांग्रेस आलाकमान द्वारा इस कलह को रोकने के लिए भेजे गए कांग्रेस पर्यवेक्षकों से कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को बदला जाना चाहिए। हालांकि, बताया जाता है कि सुक्खू सीएम का पद छोड़ने को तैयार नहीं हैं और उन्होंने विश्वास जताया है कि वह इस संकट का सामना कर सकते हैं



और साथ ही अपने विरोधियों के प्रति उदार रुख भी अपना सकते हैं। उन्होंने विधायक दल में बहुमत का समर्थन होने का भी दावा किया है। कांग्रेस के सामने दो अहम सवाल विश्वसनीय सूत्रों ने कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेतृत्व लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने को लेकर तैयार नहीं है। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि ऐसा करने से बड़े पैमाने पर मतदाताओं के बीच गलत संदेश जाने के अलावा मामला जटिल हो सकता है। वर्तमान में पार्टी के सामने दो अहम सवाल है - क्या बागी खेमा आने वाले दिनों में बढ़ सकता है और दूसरा अहम सवाल यह है कि वर्तमान संकट को लेकर भाजपा का क्या उद्देश्य है। सरकार का अस्तित्व बचाए रखना पार्टी की प्राथमिकता है। मुख्य मुद्दा यह है कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले और विधानसभा से अयोग्य ठहराए गए 6 बागी आने वाले दिनों में क्या कदम उठाते हैं। यदि वे अपनी अयोग्यता की समीक्षा की मांग करते हैं, तो अदालत का आदेश अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। सूत्रों के अनुसार, पार्टी को उम्मीद है कि वे एक समझौते के लिए सहमत होंगे, जो उनके एडजस्ट करने की राह निकाल सकता है और मुख्यमंत्री के पर कतर कर दुश्मनी को खत्म कर सकता है। पिछले सप्ताह की शुरुआत में, सूत्रों ने कहा था कि असंतुष्ट विधायकों ने विशेष पर्यवेक्षकों भूपिंदर हुड्डा, भूपेश बघेल और डीके शिवकुमार को सीएम के खिलाफ अपनी नाराजगी के कारणों के बारे में विस्तार से बताया था।

## हम भाजपा को प्रमोद महाजन और गोपीनाथ मुंडे की वजह से जानते हैं: उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी की पहली सूची जारी होने पर प्रतिक्रिया दी है। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम लिस्ट में नहीं होने पर जमकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हम मोदी और शाह जैसे नामों को जानते भी नहीं थे। भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है।

रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान ठाकरे ने कहा, हम भाजपा को प्रमोद महाजन और गोपीनाथ मुंडे की वजह से जानते हैं। हमारे उनके साथ पारिवारिक संबंध हैं और महाजन को भाजपा-शिवसेना गठबंधन का आर्किटेक्ट कहा जाता था। गडकरी बाद में आए। हम मोदी और शाह जैसे नामों को जानते भी नहीं थे।

ठाकरे ने कहा, उन्होंने (गडकरी) ने मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई में 55 फ्लायओवर बनाकर बहुत अच्छे काम किए हैं। वह कद्दावर भाजपा नेता हैं, लेकिन उनका नाम उम्मीदवारों की पहली सूची में नहीं है। उन्होंने आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे कृपाशंकर सिंह का नाम लिस्ट में होने पर हैरानी जाहिर की। ठाकरे ने कहा कि दिल्ली में सरकार बनाने में महाराष्ट्र बड़ी भूमिका निभाता है और पिछले चुनाव में भाजपा और शिवसेना ने 42 सीटें जीती थीं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र की सीटों के बगैर एनडीए 250 सीटों का भी आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा, इस बार भाजपा ने नारा दिया है कि अबकी बार 400 पार, लेकिन मैं कहता हूं कि अबकी बार भाजपा तड़ीपार।



## वायनाड के सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज में हुई छात्र की मौत, कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग की

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वी डी सतीसन ने रविवार को वायनाड में केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में एक छात्र की हाल ही में हुई मौत की सीबीआई जांच की मांग की। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को 20 वर्षीय सिद्धार्थन जेएस की मौत के कारण हुए क्रूर हमले का विवरण विश्वविद्यालय से सामने आ रहा है। सतीसन ने कहा, उनके माता-पिता आरोप लगा रहे हैं कि एसएफआई नेताओं के नेतृत्व में एक भीड़ ने उन्हें बिना खाना या पानी दिए कई दिनों तक सार्वजनिक सुनवाई की और फांसी देने से पहले उन पर बेरहमी से हमला किया। यह एक गंभीर मामला है कि शिक्षक भी इस क्रूरता का हिस्सा थे। विधानसभा में विपक्ष के नेता ने यह भी आरोप लगाया कि जिले के वरिष्ठ सीपीआई (एम) नेताओं ने जांच अधिकारियों को धमकी दी थी। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पुलिस जांच में गंभीर खामियां थीं और उन्होंने (पुलिस ने) मामले में आरोपियों को बचाने का भी प्रयास किया। सतीसन ने कहा, हम पुलिस से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं कर सकते। केरल में ऐसी घटना दोबारा नहीं होनी चाहिए। परिवार सीबीआई जांच की मांग कर रहा है।

## भाजपा के जुमलों को जनता अभी भूली नहीं है: अशोक गहलोत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पीएम मोदी पर निशान साधा है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा-मोदी सरकार ने कल बैठक कर चुनाव होने से पूर्व ही अगली सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना एवं अगले 25 साल पर चर्चा कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास तो किया है परन्तु पिछले दोनों चुनावों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं की क्रियान्विति रिपोर्ट आज तक नहीं दी है। मोदी सरकार पहले अपने 2014 एवं 2019 के वादों का हिसाब दे क्योंकि 2014 में 100 दिन में विदेश से कालाधन वापस लाने एवं 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष जैसे जुमलों को जनता अभी भूली नहीं है। उल्लेखनीय है कि रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों से अगले 5 साल का एक्शन प्लान मांगा। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी ने आइडिया, एक्शन प्लान और रोडमैप मांगा है। इसके अलावा मंत्रियों से 100 दिन की योजना भी मांगी गई है। गौरतलब है कि अगले महीने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होना है।

# नोएडा के कार-बाइक वाले लोग ध्यान दें, अब 36 और जगहों पर लगेगा पार्किंग का पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में अब मुफ्त पार्किंग के दिन खत्म हो रहे हैं। इस महीने करीब तीन दर्जन और स्थानों पर पार्किंग शुल्क लेने की शुरूआत हो जाएगी। इन जगह पार्किंग शुल्क लेने के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। पिछले महीने करीब 20 स्थानों पर शुल्क लिया जाना शुरू हो चुका है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि करीब सवा साल से शहर में सेक्टर-18 को छोड़कर पार्किंग मुफ्त चल रही थी। इस दौरान कई बार टेंडर जारी किए गए लेकिन कंपनियों का चयन नहीं हो सका था। इस साल जनवरी महीने में क्लस्टर-1 और 8 के अंतर्गत कंपनी का चयन कर लिया गया। इसके अंतर्गत 27 और 29 जनवरी से इन क्लस्टर में पार्किंग शुल्क लिए जाने की शुरूआत हो गई।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अब क्लस्टर-2, 3 और 5 और 7 एरिया में पार्किंग शुल्क लेने के लिए टेंडर प्रक्रिया



चल रही है। इनमें से क्लस्टर नंबर-3 के लिए जल्द टेंडर खुलने वाला है, बाकी क्लस्टर के लिए अगले 10-15 दिन में टेंडर खुल जाएगा। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि इसी महीने इन तीनों क्लस्टर के अंतर्गत पार्किंग की शुरूआत हो जाएगी। गौरतलब है कि शहर में सार्वजनिक स्थल, मॉल, बाजार के बाहर करीब 58 जगहों पर सरफेस पार्किंग 1 दिसंबर 2022 से मुफ्त चल रही थी। पार्किंग मुफ्त होने से नोएडा प्राधिकरण को घाटा हो रहा था। कई बार टेंडर जरूर हुए लेकिन एजेंसी का चयन नहीं हो पा रहा था। अब एजेंसी चयन कर प्राधिकरण ने पार्किंग चलवाने की शुरुआत की।

पार्किंग कंपनी का चयन करने में नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही के अलावा कोर्ट में मामले का चला जाना भी रहा। प्राधिकरण की तरफ से टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लेने पर रोक लगाने के बाद एक-दो लोग कोर्ट चले गए थे। इस वजह से भी देरी हुई। प्राधिकरण ने जनवरी महीने में क्लस्टर नंबर-1 के तहत सेक्टर, 2,6,8, 12, 25ए मोदी मॉल, सेक्टर 30, सेक्टर 32ए लॉजिक्स मॉल, सेक्टर-50, 41, व 51 की मार्केट, सेक्टर 104 में पार्किंग की शुरुआत हुई। इसके अलावा क्लस्टर नंबर-8 के अंतर्गत सेवन एक्स सेक्टरों में भी पार्किंग शुल्क के लिए जाने की शुरुआत हो चुकी है। इन सेक्टरों में सेक्टर-74, 75, 76 और 77 का एरिया शामिल है।

## क्वेटा में विपक्षी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई के घर पर छापेमारी, जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर हुई कार्रवाई

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव से पहले अधिकारियों ने प्रांतीय राजधानी क्वेटा में विपक्षी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और अनुभवी राजनेता महमूद खान अचकजई के घर पर छापेमारी की है। इसके साथ ही पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी स्वामित्व वाली भूमि के एक टुकड़े को पुनः प्राप्त कर लिया है। बलूचिस्तान के 75 वर्षीय अचकजई पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख हैं और उन्हें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के जेल में बंद नेता इमरान खान ने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए नामित किया था। क्वेटा में अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने रविवार को अचकजई के आवास पर छापेमारी की और उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी स्वामित्व वाली भूमि के एक टुकड़े को पुनः प्राप्त कर लिया। पाकिस्तानी संसद में अचकजई को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल का समर्थन मिलेगा, जो खान की पार्टी समर्थित निर्दलीय सांसदों का समूह है। अनुभवी राजनेता 9 मार्च को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के 68 वर्षीय वरिष्ठ नेता जरदारी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, जिनका नाम शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने आगे बढ़ाया है। राजनीतिक और नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मीडिया ने छापे की कड़ी निंदा की है, इसे नेशनल असेंबली में शहबाज के प्रधानमंत्री चुने जाने पर अचकजई के हालिया भाषण पर राज्य संस्थानों की प्रतिक्रिया बताया है। क्वेटा के डिप्टी कमिश्नर साद असद ने कहा कि छापेमारी की योजना बनाई गई थी क्योंकि पीकेएमएपी अध्यक्ष ने अपने आवास पर 2.5 कनाल (0.3 एकड़) जमीन के एक टुकड़े पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था, जो सरकार का था। असद ने कहा, उसने जमीन को चारदीवारी से घेर लिया था और बार-बार चेतावनी देने के बावजूद उसने इसे खाली करने से इनकार कर दिया। असद ने कहा कि पुलिस ने राजस्व कर्मचारियों के साथ मिलकर अवैध रूप से कब्जा की गई जमीन को बरामद कर लिया। उन्होंने कहा, वे हथियारबंद लोग थे जिन्होंने हमें अपना कर्तव्य निभाने से रोकने की कोशिश की और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। असद ने कहा कि जमीन की रखवाली कर रहे एक हथियारबंद व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया, क्योंकि उसने सहायक आयुक्त को उनके कर्तव्यों के पालन में बाधा डालने का प्रयास किया था। पीकेएमएपी के महासचिव अब्दुल रहीम जियारतवाल ने पार्टी अध्यक्ष को निशाना बनाकर की गई छापेमारी की निंदा की और सोमवार को देश भर में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की।



## पाकिस्तान में कट्टरपंथी इस्लामवादियों ने एक और अहमदिया मस्जिद में तोड़फोड़ की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में कट्टरपंथी इस्लामवादियों ने एक और अहमदिया मस्जिद में तोड़फोड़ की। इस बेहद परेशान करने वाली घटना में अज्ञात हमलावरों ने कराची के दस्तगीर इलाके में एक अहमदिया मस्जिद को निशाना बनाया। हमलावरों ने कथित तौर पर हमले के दौरान अहमदिया समुदाय के खिलाफ नारे लगाए, जिससे पाकिस्तान में इस धार्मिक अल्पसंख्यक की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। अहमदिया, जिन्होंने विभाजन के दौरान पाकिस्तान नाम के एक इस्लामी राष्ट्र के विचार के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, अब खुद को उसी देश में हाशिए पर पाते हैं जिसे उन्होंने आकार देने में मदद की थी। उनके ऐतिहासिक योगदान के बावजूद, अहमदिया समुदाय को व्यापक भेदभाव का सामना करना पड़ता है, पाकिस्तान में कई मुसलमान उन्हें साथी मुसलमानों के रूप में मान्यता नहीं देते हैं। यह बहिष्कार ऐसे कानून के अस्तित्व से और भी बढ़ गया है जो स्पष्ट रूप से उन्हें गैर-मुस्लिम घोषित करता है। अहमदिया मुस्लिम समुदाय इस्लाम के भीतर एक संप्रदाय है जिसकी स्थापना 19वीं सदी के अंत में मिर्जा गुलाम अहमद ने की थी। हालाँकि यह लगभग सभी इस्लामी सिद्धांतों में विश्वास रखता है, लेकिन कुछ विरोधाभास मुख्यधारा इस्लाम से उनके निष्कासन का कारण बन गए हैं। इस्लाम के अनुसार, पैगंबर मुहम्मद अंतिम पैगंबर हैं और कुरान अंतिम धार्मिक पाठ है। हालाँकि, अहमदिया मुहम्मद को पैगंबर मानते हैं, लेकिन आखिरी नहीं। उनके अनुसार, मिर्ज़ा गुलाम अहमद आखिरी पैगंबर थे, जिन्हें अक्सर अनुयायियों द्वारा मुसलमानों द्वारा प्रतीक्षित महदी या मसीहा के वादे के रूप में संदर्भित किया जाता है। 1974 में, पाकिस्तानी प्रतिष्ठान ने आधिकारिक तौर पर अहमदियाओं को गैर-मुस्लिम घोषित कर दिया, जिससे एक दशक बाद और अधिक प्रतिबंधात्मक उपायों के लिए मंच तैयार हुआ। 1984 में, पाकिस्तान की संसद में एक कानून पारित किया गया जिसने न केवल अहमदिया को गैर-मुस्लिम के रूप में नामित किया, बल्कि उन्हें खुद को मुस्लिम के रूप में पहचानने से भी रोक दिया।

## ट्रूडो और जॉर्जिया मेलोनी की मुलाकात रद्द, टोरंटो में फलस्तीन समर्थकों के उग्र प्रदर्शन से चिंता

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के टोरंटो में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी की मुलाकात रद्द होने की खबर सामने आई है। सैकड़ों फलस्तीनी समर्थकों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए शनिवार रात का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों के सड़क पर उतरने के कारण सुरक्षा संबंधी चिंता पैदा हुई। इस कारण दोनों की मुलाकात का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।

सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के दफ्तर से जारी बयान में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए उनकी और मेलोनी की मुलाकात रद्द होने की जानकारी दी गई। खबर के मुताबिक उग्र विरोध प्रदर्शन के कारण आर्ट गैलरी ऑफ ओंटारियो को बंद करना पड़ा। प्रदर्शनकारी इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष पर कनाडाई सरकार की



प्रतिक्रिया से आक्रोशित हैं।

प्रदर्शनकारियों का आरोप- गाजा में नरसंहार को कनाडा की सरकार का समर्थन विरोध कर रहे लोगों का आरोप है कि इस्राइली सेना की कार्रवाई को ट्रूडो का समर्थन हासिल है। ट्रूडो गाजा पट्टी में नरसंहार के लिए आर्थिक समर्थन भी दे रहे हैं। पुलिस के मुताबिक गैलरी के बाहर 200-300 प्रदर्शनकारी जमा थे, लेकिन प्रवेश द्वार के बाहर भी दर्जनों लोग जमा थे। ऐसे में प्रदर्शन में शामिल लोगों की संख्या का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सका। खबर के मुताबिक कनाडा सरकार में अंतरराष्ट्रीय विकास मंत्री अहमद हुसैन ने मुख्य प्रवेश द्वार से गैलरी में प्रवेश का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उनका रास्ता रोक दिया। पुलिस की सुरक्षा में प्रवेश पाने का प्रयास कर रहे हुसैन का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने दो ब्लॉक तक उनका पीछा भी किया। प्रदर्शनकारियों को चिल्लाते सुना गया, आप नरसंहार में शामिल हैं। आपके हाथ खून से सने हैं। आप मेरे परिवार के सदस्यों और दोस्तों की हत्या में शामिल हैं।

गौरतलब है कि इतालवी पीएम मेलोनी ट्रूडो के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए टोरंटो पहुंचीं हैं। जी-7 देशों के समूह में शामिल दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया (इस्राइल-हमास) संकट के साथ-साथ कई अन्य अहम विषयों पर चर्चा की। पिछले साल सात अक्तूबर को शुरू हुआ इस्राइल हमास हिंसक संघर्ष कितना भयावह है, इसका अंदाजा इसी बात से होता है कि अब तक 31 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## चुनाव धांधली के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर इमरान की पार्टी के 100 से ज्यादा समर्थक गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के चुनाव में कथित धांधली के विरोध में रैली कर रहे जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 100 से ज्यादा समर्थकों को पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पार्टी संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ शनिवार को समूचे पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन किए थे। ज्यादातर लोगों को लाहौर से गिरफ्तार किया गया है जहां नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरयम नवाज़ ने पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई का आदेश दिया था। पीटीआई के एक प्रवक्ता ने बताया, लाहौर में पुलिस ने 80 कार्यकर्ताओं और नेताओं को पीटा और गिरफ्तार कर लिया। गुजरात शहर में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के 38 शहरों और संघीय राजधानी इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129